e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

वर्ष 12, अंक 02

सुविचार

मेहनत वो सुनहरी चाबी है जो बंद भविष्य के दरवाजे भी खोल देती है!

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

गुरुवार

02.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, डीजीपी अनुराग गुप्ता, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजी वायरलेस प्रशांत सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के श्रीनिवासन, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, निदेशक खान राहुल कुमार सिन्हा, आईजी रांची अखिलेश झा, आईजी एसटीएफ अनूप बिरथरे, सिटी एसपी रांची राजकुमार मेहता ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने समस्त राज्य वासियों को नूतन वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी प्रदेशवासियों के योगदान से झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शुमार करेंगे।

### नव वर्ष के पहले दिन सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा लगाये गये आठ आईईडी किया बरामद

**बीजापुर :** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियन के तहत सीआरपीएफ 168 बटालियन एवं थाना बासागुड़ा का संयुक्त बल आज बुधवार सुबह सर्चिंग अभियान पर रवाना हुआ था। अभियान के दौरन तिमापुर दुर्गा मंदिर गौठान के समीप पगडंडी मार्ग पर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों के द्वारा 6 बियर की बोतल में एक सीरीज में आईईडी लगाकर रखा था, जिसे बरामद कर मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया है। वहीं तर्रेम थाना क्षेत्र अंतर्गत कोण्डापल्ली और छुटवाई के बंदलएलका नाला के पास से नक्सलियों द्वारा लगाए गए 3-3 किलोग्राम के दो आईडी जिसे 205 कोबरा बटालियन के जवानों ने सतर्कता से बरामद कर सुरक्षित तरीके से मौके पर ही निष्क्रय कर दिया है। नव वर्ष के पहले दिन सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा लगाये गये कुल आठ आईईडी को निष्क्रय कर उनके नापाक मंसूबों को विफल कर दिया है।

### प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार

**लखनऊ :** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में 30 दिसंबर 2024 को कमरे में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने बुधवार को घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दावा किया है कि पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके भाई के साथ मिलकर हत्या की थी। पुलिस ने महिला उसके प्रेमी और उसके भाई को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि न्यू हैदरगंज निवासी शत्रुघन राठौर का शव 30 दिसंबर को उनके आवास पर मिला था। पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी कि अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उनके पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की जांच में पाया कि राखी राठौर का प्रेम प्रसंग धर्मेंद्र राठौर के साथ चल रहा है। इसकी जानकारी शत्रुघन को हो गई थी, जो इसका विरोध कर रहा था।

### वाराणसी: मां गंगा की आराधना कर मांगा विकसित भारत का आशीर्वाद

**वाराणसी :** श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर नमामि गंगे के सदस्यों ने बुधवार को मां गंगा की आरती उतारकर नए साल 2025 में विकसित भारत व भारतवासियों की सुख और समृद्धि के लिए उनसे आशीर्वाद मांगा । इस दौरान गंगा द्वार पर बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने आए श्रद्धालु भी उपस्थित रहे, जो मां गंगा की आराधना और नए साल के स्वागत के साक्षी बने। गंगा आरती के दौरान गंगा द्वार हर-हर महादेव एवं हर-हर गंगे के गगन भेदी उद्घोष से गूंज उठा। मां गंगा की आरती के साथ देश और समाज के सुख-समृद्धि की कामना की गई। विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर मौजूद श्रद्धालुओं ने मां गंगा के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए नए साल का स्वागत किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 08° |



## नव वर्ष पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आंग्ल नववर्ष पर राजधानी रांची के मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रांची के पहाड़ी मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर धाम, मेन रोड के काली मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा बाड़ी, रातू रोड के दुर्गा मंदिर सहित अन्य मुहल्लों के मंदिरों में सुबह से ही लोग पहुंचकर पूजा-अर्चना शुरू कर दिए। लोगों ने परिवार के साथ नए वर्ष की शुरुआत भगवान के दर्शन के साथ की।

इधर विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में देश भर से आये लाखों भक्तों ने धर्म नगरी के आराध्य मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन-पूजन के बाद कामदगिरि पर्वत की पंचकोसी परिक्रमा लगाकर नूतन वर्ष का भव्यता के साथ स्वागत किया। नव वर्ष के उपलक्ष्य पर धर्म नगरी के सभी प्रमुख मठ-मंदिरों को फूलों एवं रंगीन झालरों से सजाया गया था। आस्थावानों का मानना है कि भगवान कामतानाथ के दर्शन के साथ नये वर्ष की शुरुआत होने से पूरा साल उनके जीवन में सुख-समृद्धि की भरमार रहती है। पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। नव वर्ष पर करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर नव वर्ष की शुरुआत की। इधर अयोध्या में भी श्री राम मंदिर में लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। सभी ने नववर्ष पर भगवान का दर्शन किया।

इधर उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में दो दिन पहले से ही श्रद्धालु लाइन में खड़े थे। सभी ने नववर्ष के अवसर पर महाकाल का दर्शन किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने लंबी उम्र के साथ-साथ नए वर्ष में खुशहाली की दुआ मांगी।

### खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों को सीएम ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# शहादत का प्रतीक है खरसावां शहीद स्मारक : हेमंत सोरेन

**आज अगर आदिवासियों के प्रकृति के प्रति लगाव का अनुसरण कर रहे होते तो प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरण संरक्षण के लिए इतनी जद्दोजेहद नहीं करनी पड़ती**

**आदिवासियों और मूलवासियों के संघर्ष और शहादत से ही आज हमारी पहचान है**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसांवा :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि नव वर्ष के पहले दिन खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के सम्मान में खरसावां स्थित शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हर वर्ष की भांति एक बार फिर आज यहां हम सभी एकत्र हुए हैं और आगे भी एकत्रित होते रहेंगे। यह दिन खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के प्रति सम्मान और आदर के साथ उनके दिखाए पथ पर आगे बढ़ने के संकल्प लेने का दिन है। मुख्यमंत्री ने खरसावां गोलीकांड की 77 वीं बरसी पर सरायकेला-खरसावां जिला के खरसावां स्थित शहीद पार्क में शहीद स्मारक (शहीद बेदी) और वीर शहीद केरसे मुंडा चौक के शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर अमर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आदिवासियों की शहादत और संघर्ष की पहचान है यह शहीद स्थल

मुख्यमंत्री ने कहा कि खरसावां का शहीद स्मारक आदिवासी समुदाय के हक-अधिकार को लेकर किए गए संघर्ष और शहादत का प्रतीक है। हमारे आदिवासियों और मूलवासियों का जीवन हमेशा से संघर्षमय रहा है। इन्हीं के संघर्ष और शहादत की वजह से ही आज हमारी पहचान है। हमारे ये शहीद स्थल सदैव हमारे मार्गदर्शक रहेंगे।

**77 वीं बरसी पर मुख्यमंत्री ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।**

### आदिवासियों का प्रकृति से रहा है गहरा जुड़ाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय का हमेशा से प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव रहा है.। जल -जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वे शुरू से संघर्ष करते रहे हैं। आज अगर प्रकृति के प्रति लगाव को लेकर आदिवासी समुदाय के पद चिन्हों पर चलते हुए उसका अनुसरण कर रहे होते तो प्राकृतिक आपदाओं तथा पर्यावरण संरक्षण की खातिर इतनी जद्दोजेहद नहीं करनी पड़ती।

### शहीद स्मारक का पूर्ण रूपेण होगा विकास

मुख्यमंत्री ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों के सम्मान में निर्मित शहीद स्मारक के पूर्ण रूपेण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। आज यहां मंत्री, विधायक और उपायुक्त के साथ बैठक में उन्होंने यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार के साथ विकास की नई योजनाओं का विस्तृत कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया । मुख्यमंत्री ने कहा कि खरसावां शहीद स्मारक को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाएंगे ताकि आने वाली वाली पीढ़ी अपने इन वीर शहीदों से भली- भांति वाकिफ रहें और उनके बताये राह पर आगे बढ़ें।



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक दशरथ गगराई, विधायक सुखराम उरांव, विधायक सविता महतो एवं विधायक जगत मांझी समेत अनेकों विशिष्ट जन तथा हजारों की संख्या में लोगों ने शहीद स्थल को नमन कर अमर वीर शहीदों को सुमन- अर्पित किए।

## कुआँ मे डूबने से 5 युवकों की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही (हजारीबाग):** चरही थाना क्षेत्र के सड़वाहा मे एक हादसे मे पांच लोगो की दर्दनाक मौत हो गई।

सभी की मौत कुएँ मे डूबने से हुई. मृतकों में सुंदर करमाली (27वर्ष) पिता-राम प्रसाद करमाली, विनय कुमार पिता- गोपाल करमाली, पंकज करमाली, पिता-गोपाल करमाली, सूरज भुइयां (24वर्ष) पिता-महाबीर भुइयां और राहुल करमाली (26वर्ष) पिता-रवि करमाली शामिल हैं. ये सभी एक ही गांव के थे.इस संबंध मे जानकारी दी गई की सुंदर करमाली और उसकी पत्नी रूपा देवी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ. दोनों के बीच बात इतनी बढ़ गयी कि सुंदर करमाली ने अपनी पत्नी रूपा देवी से कहा कि वह कुएं में मोटरसाइकिल से कूदने जा रहा है. कुछ देर बाद वह अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से घर के आंगन के पास वाले कुएं में कूद गया. रूपा देवी अपने पति सुंदर करमाली को मोटरसाइकिल सहित कुएं में कूदता देख चिल्लाने लगी.रूपा देवी के चिल्लाने के कुछ देर बाद उसी मोहल्ले के दो भाई विनय कुमार और पंकज करमाली भी सुंदर करमाली को बचाने के लिए कुएं में कूद गये. देखते ही देखते सूरज भुइयां और राहुल करमाली भी अपने मोहल्ले के युवक को बचाने के लिए उसी कुएं में कूद गए. इस तरह एक युवक को बचाने के लिए गांव के ही चार युवक कुएं में कूद गए.

इस हादसे में पांचों की मौत हो गयी. घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी मच गयी. लगभग एक घंटा बाद ग्रामीणों के सहयोग से पांचों युवकों के शवों को कुएं से बाहर निकाला गया. सूचना मिलते ही मौके पर चरही पुलिस पहुंची. घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया.

## लखनऊ : होटल में बेटे ने की मां और 4 बहनों का मर्डर

**एजेंसी**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से साल के पहले दिन हत्या की खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया। यहां एक शख्स ने अपने ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी है। दरअसल, ये पूरी वारदात लखनऊ के थाना नाका क्षेत्र स्थित होटल शरणजीत से सामने आई है। यहां 24 साल के अरशद नाम के शख्स ने अपनी 4 बहनों और मां यानी अपने ही परिवार के कुल 5 सदस्यों की हत्या कर दी। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी अरशद को गिरफ्तार कर लिया। होटल शरणजीत में अस्मा (माता), रहमीन (उम्र 18 वर्ष, बहन), अल्शिया (उम्र 19 वर्ष, बहन), नाबालिग बहन (उम्र 16 वर्ष), नाबालिग बहन (उम्र 9 वर्ष) की हत्या की गई। जानकारी के मुताबिक, अरशद पर ही अपनी मां और 4 बहनों के कत्ल का आरोप है। 24 साल का अरशद उत्तर प्रदेश के ही आगरा जिले के कुबेरपुर, तेहड़ी बगियार के इस्लाम नगर का रहने वाला है। आरोपी अरशद को हत्या वाले घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया। इस खौफनाक हत्याकांड घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट को भी बुलाकर साक्ष्यों का संग्रह किया गया। पुलिस ने इस घटना को लेकर कहा कि 1 जनवरी को थाना नाका क्षेत्र सूचना मिली कि होटल शरणजीत के कमरे में 5 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एक शख्स अरशद जो कि आगरा का रहने वाला है उसे हिरासत में लिया गया। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया है कि उसने पारिवारिक कलह में अपनी 4 बहनों और मां की हत्या कर दी है। अग्रिम पूछताछ जारी है। तमाम शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।




## ठंड के मद्देनजर कई राज्यों में स्कूल बंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली-रांची :** दिल्ली-एनसीआर में ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सरकार ने 1 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक स्कूल बंद रखने की घोषणा की है.योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए सभी प्राइमरी स्कूलों में 31 दिसंबर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक छुट्टी घोषित कर दी है. ये आदेश नोएडा,गाजियाबाद सहित सभी जिलों के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों पर लागू होगा.राजस्थान में स्कूल शिक्षा विभाग ने 25 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक सभी सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया है. हालांकि कड़ाके की ठंड को देखते हुए इन छुट्टियों को बढ़ाया जा सकता है. इसी तरह पंजाब में 24 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक स्कूल बंद रखने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है. हरियाणा सरकार ने भी 1 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 तक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा की है.झारखंड में सरकारी स्कूल 6 जनवरी 2025 को खोले जाएंगे, जबकि मध्य प्रदेश में 31 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश का ऐलान किया गया है. ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए यहां भी छुट्टियों की अवधि बढ़ सकती है. उत्तर भारत में सर्दी के बढ़ते प्रकोप के चलते स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिए गए हैं. बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग राज्यों में ये कदम उठाए गए हैं.



### केंद्र ने किसानों को दिया नए साल का तोहफा, एकमुश्त विशेष पैकेज को कैबिनेट ने मंजूरी दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि डाय-अमोनियम फॉस्फेट उर्वरक के लिए 3,850 करोड़ रुपये तक के एकमुश्त विशेष पैकेज को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। केंद्रीय कैबिनेट की इस मंजूरी के बाद किसानों को डीएपी उर्वरक की आपूर्ति में कोई रुकावट नहीं आएगी और इसकी कीमतों में राहत मिलेगी। इस विशेष पैकेज के तहत केंद्र सरकार उर्वरक कंपनियों को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, ताकि वे किसानों तक उर्वरक की आपूर्ति जारी रखें और कीमतों को काबू किया जा सके। किसानों को 50 किलोग्राम डीएपी उर्वरक का बैग 1350 रुपये में ही मिलेगा, जो अतिरिक्त भार आएगा उसको सरकार वहन करेगी। वैसे इस एक बैग की कीमत 3000 रुपये के करीब है। इसके लिए एक समय में 3850 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी। अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कीमतों में उतार-चढ़ाव है, लेकिन बताया जा रहा है कि इसका असर भारत के किसानों पर नहीं पड़ेगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के लिए कई कदम उठाए गए हैं।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# नये साल का जश्न मनाने के लिये पिकनिक स्पॉट पर लोगों की उमड़ी भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए पहले दिन पलामू के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी. पलामू जोन में 150 से भी अधिक पिकनिक स्पॉट चिन्हित किए गए थे। लोगों की सबसे अधिक भीड़ केचकि संगम और बेतला नेशनल पार्क के इलाके में थी। पिकनिक स्पॉट पर लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई थी. नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे पर पुलिस बल तैनाती और वाहनों की जांच की जा रही थी। पिकनिक स्पॉट के अलावा विभिन्न चौक चौराहों पर भी पुलिस बल की तैनाती की गई थी. शाम तक पलामू के किसी भी इलाके से अप्रिय घटना की सूचना नहीं थी. नए वर्ष के जश्न मनाने के लिए लोग अधिकतर नदियों के किनारे और प्राकृतिक जल स्रोतों के नजदीक पहुंचे थे. नए वर्ष को लेकर पुलिस ने भी अपील की थी और ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाया गया था. पुलिस ने 2025 में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े को कम करने की योजना तैयार की थी। इसी वजह से नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।वही मौके पर सतबरवा थाना के एएसआइ राणा कुमार अपने पुलिस जवानों के साथ दुबियाखाड़ रोड में तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले लोगों को रोक कर उन्हें धीमी गति में वाहन चलाने की सलाह दे रहे थे।

# नव वर्ष पर सुखलदरी जल प्रपात में उमड़ी पर्यटकों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** धुरकी प्रखंड स्थित पर्यटन स्थल सुखलदरी जल प्रपात में इस बार नव वर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। बुधवार को लगभग 20 हजार पर्यटकों ने झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार से आकर इस मनोरम स्थल का आनंद उठाया।पर्यटकों ने वनभोज, डीजे संगीत, झरने के ठंडे पानी में नहाने और आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। झरने के आसपास की चिकनी चट्टानों और बालू ने भी पर्यटकों को खूब आकर्षित किया। कई लोगों ने झरने और प्रकृति की सुंदरता को अपने कैमरों और मोबाइल फोन में कैद किया। सुखलदरी झरने के पास स्थित शंकर भगवान के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना भी की। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रखंड प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे। झरने के पास लाल फीता और बैरिकेड लगाकर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।यह पर्यटन स्थल हर वर्ष नव वर्ष पर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनता है, जहां प्रकृति प्रेमी घंटों तक झरने और आसपास के वातावरण का आनंद लेते हैं।

## नवजात की संदेहास्पद मौत, पिता पर लगा हत्या का आरोप

**हुसैनाबाद/पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चार दिन के जन्मे बच्चे की संदेहास्पद मौत हो गयी। हालांकि इस मामले में बच्चे की मां ने उसके पिता पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। मामला पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के उपरीकला से जुड़ा हुआ है। हत्या का आरोप लगाने के बाद पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है। ससुराल पक्ष के द्वारा बच्चे के पिता को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले को स्पष्ट करने में जुटी है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव का कहना है कि मामला संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि उपरी कला में अपने नाना के घर रह रही गुंजन देवी देवी पति गौरव पाठक को 26 दिसम्बर को बच्चा हुआ था। नॉर्मल डिलीवरी के बाद बच्चे को लेकर घर चले गए थे। सोमवार की शाम चार बजे के करीब वह बच्चे को दूध पिलाकर हटी थी। उस वक्त बच्चे के पास कोई नहीं था। इसी क्रम में उसके पति ने बच्चे के मुंह में कुछ डाल दिया। जब वह बच्चे के पास आई तो पति भाग निकला। उसने बच्चे को देखा तो अचेत पड़ा हुआ था और शरीर नीला पड गया था। तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल लेकर इलाज के लिए पहुंचे तो डॉक्टर ने बच्चे को मृत बताया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में नवजात का पोस्टमार्टम नहीं हुआ तो यहां से एमआरएमसीएम पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। यहां से रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि गौरव पाठक और बच्चे की मां गुजन देवी ने तीन वर्ष पहले प्रेम विवाह किया है। गौरव पाठक बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर का रहने वाला है। जबकि गुंजन हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरीकला गांव में अपने नाना के घर रहती है।

## 133 वर्ष का हुआ पलामू



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक जनवरी 2025 को पलामू 133 वर्ष का हो जाएगा. इसका गठन एक जनवरी 1812 में हुआ था. पलामू अविभाजित बंगाल के वक्त से जिला है. यहां 1934 में पहली बार एसपी की तैनाती हुई थी. 1912 से पहले पलामू बंगाल का हिस्सा था जबकि 2000 में बिहार के बंटवारे के बाद यह इलाका झारखंड का हिस्सा हो गया।पलामू जिले के गठन को लेकर कई कहानियां हैं. पलामू के एनआईसी के वेबसाइट के अनुसार 1857 की क्रांति के वक्त पलामू डालटनगंज के साथ उपखंड था. 1871 में परगना जपला और बेलौंजा को गया से लाया गया था. जिसके बाद 1892 में इसे जिला बनाया गया. वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सुमन मिश्रा बताते हैं कि पलामू को लोहरदगा से काट कर अलग बनाया गया है, यह बंगाल का हिस्सा था. बाद में यह बिहार का हिस्सा बना. फिर पलामू से अलग होकर लातेहार और गढ़वा बने. पलामू में 21 प्रखंड हैं जबकि 27 थाने हैं. पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय भी है।पलामू का इलाका प्रत्येक दूसरे वर्ष अकाल और सुखाड़ से जूझता है. 1990 में प्रधानमंत्री खुद अकाल का जायजा लेने पलामू पहुंचे थे. हालांकि पलामू में सोन कोयल जैसी बड़ी नदियां भी हैं. झारखंड सरकार के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर बताते हैं कि पलामू पर हेमंत सोरेन सरकार की खास नजर है. पानी बचाने और सुखाड़ से मुक्ति दिलवाने के लिए पहल की जा रही है. वित्त मंत्री बताते हैं कि पलामू की सभी नदियों में वीयर बांध बनाने से पानी को बचाया जा सकता है. पांच-पांच फीट तक वीयर बनाने से पानी को बचाया जा सकता है. उन्होने बताया कि पानी को बचाने के लिए पहल करनी होगी. मंत्री राधाकृष्ण किशोर बताते है कि हेमंत सोरेन की सरकार इस बात को लेकर गंभीर है कि पलामू के किसानों और ग्रामीणों को कैसे खुशहाल बनाया जाए।70 के दशक में अविभाजित बिहार में पलामू के इलाके से ही नक्सलियों ने अपनी जमीन तैयार की थी. आज पलामू नक्सली की छाया से दूर हो रहा है. केंद्र सरकार की नजर में यह इलाका नक्सल मुक्त हो गया है. पलामू के 133 वर्षों के इतिहास में लगभग 45 वर्ष नक्सली साया रहा है. जिसमें 35 वर्ष नक्सलियों का हिंसक स्वरूप रहा है।आज पलामू नक्सलियों की स्थिति बेहद ही कमजोर हो गई है. ग्रामीण मुख्यधारा से जुड़ गए हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे है. 2014-15 तक शाम के चार के बाद पलामू से बाहर निकलना बड़ी चुनौती थी. आज रात में किसी भी वक्त सफर किया जा सकता है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन बताती हैं कि यह इलाका बदलाव के दौर से गुजर रहा है.उनका कहना है कि एक वक्त पलामू से बाहर निकलना बड़ी चुनौती थी, लेकिन आज 24 घंटे कहीं भी सफर किया जा सकता है. पोस्ता की खेती के खिलाफ अभियान में स्थानीय लोग सहयोग कर रहे हैं अब अवरोध नहीं हो रहा है।

# बाबा महत्वना धाम देव स्थल पर लगा वार्षिक मेला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नप मुख्यालय से सटे खुटीसोत नदी तट पर अस्थित आस्था के प्रतिक बाबा महत्वना धाम पर मंगलवार को भव्य वार्षिक मेला लगा.मेला में स्थानीय लोग के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में आये थे. अहले सुबह से ही श्रद्धालु महत्वना धाम पहुंचकर पूजा अर्चना शुरू कर दिये थे. बाबा महत्वना की विशेष पूजा अर्चना पुरे दिन चलता रहा.वहीं मेला आयोजन कमेटि द्वारा भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम का भी आयोजित किया गया था, जो सारा दिन चलता रहा. भोजपुरी गायन कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला योजना समिति सदस्य सह पार्षद संजय बैठा व धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मेला में झारखंड व बिहार के प्रसिद्ध गायक विजय बावली व गुड्डू लाल यादव सहित स्थानीय कलाकारों ने भोजपुरी भक्ति गीत गाकर पुरे मेला क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया. मौके पर युवा समाजसेवी ऋतुराज मिश्रासमाजसेवी विजय कुमार रवि,भाजपा नेता मनीष कुमार, देववंश राम, नवल सिंह, धनंजय पांडेय, बबन बैठा, सत्यनारायण सिंह, मोज़ स्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, बिनोद राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद के पिकनिक स्पॉटों पर पूरे दिन रही चहल पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में दर्जनों पिकनिक स्पॉट हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद नव वर्ष के मौके पर सभी पिकनिक स्पॉटों पर सुबह दस बजे के बाद युवाओं की टोलियां पहुंचना शुरू हो गई थी। देखते ही देखते मोहम्मदगंज के भीम चूल्हा, मोहम्मदगंज के काशी सोत, कबरा कला स्थित सोन नदी , देवरी , बुधुआ, दंगवार सोन नदी के तट एवं डीला पर के अलावा मुरली पहाड़ी पर लोगों ने नववर्ष के मौके पर पिकनिक का आनंद उठाया। भीम चूल्हा, काशी सोत, देवरी व दंगवार सोन नदी तट आदि स्थानों पर दण्डाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी व जवान तैनात थे। सोन व कोयल नदी के तट व डीला पर पहुंचे लोगों ने नवका विहार का आनंद भी उठाया। सर्वाधिक संख्या भीम चूल्हा, काशी सोत व देवरी सोन में देखी गई। इस बीच हुसैनाबाद हैदरनगर व मोहम्मदगंज के बाजारों के साथ साथ शराब की दुकानों पर भी पिकनिक मनाने के लिए जाने वाले युवा दिखे। सुखद बात यह रही कि इस बार पलामू पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की वजह दो पहिया चालक काफी संयमित रहे। समाचार लिखे जाने तक कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

## आप नेता कौशल किशोर बचन नव वर्ष के अवसर पर बच्चों व लोगों के बीच जलेबी व कपड़ा वितरण कर मनाई खुशियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आप नेता व युवा समाजसेवी कौशल किशोर बचन ने नव वर्ष के अवसर पर होटाई पंचायत में लोगों के बीच जलेबी व कपड़ा का वितरण किया।उन्होंने नए अंदाज में नए वर्ष की शुरुआत कर समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं बच्चे जलेबी खाकर बहुत उत्साहित हुए इस कार्य के लिए लोगों ने कौशल किशोर बचन व उनके सहयोगियों को काफी सराहना किया उनका उद्देश्य है हर पर्व त्यौहार लोगों के बीच में मनाया जाए ताकि आपसी भाईचारा व सौहार्द बना रहे नव वर्ष पर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से पिकनिक मनाने की अपील किया कौशल किशोर बच्चन के साथ शनि चंद्रवंशी अमरेश यादव राजा बाबू पंकज पासवान सुदर्शन यादव सकलदीप यादव पूर्व मुखिया तेतरी देवी विकास वर्मा सही दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सात्विक रूप से मनाये पलामू नव वर्ष 2025 : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नव वर्ष 1जनवरी 2025 सह पलामू जिला के स्थापना के अवसर पर जनकपुरी के प्रांगण में सात्विक रूप से लिट्टी चोखा का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरजा शंकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत संकीर्तन एवं भजन से किया गया मौके पर भाकपा नेता सह डालटेनगंज से पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नए साल के स्वागत के साथ नए साल में नई उम्मीद नई चेतन नई उमंग के साथ आज पूरा देश नव वर्ष मना रहा है वही पलामू के लिए आज का दिन गौरव का दिन है आज ही के दिन 1 जनवरी को पलामू का स्थापना हुआ था हम सभी पलामू वासियों के लिए यह गर्व की बात है इस नव वर्ष के अवसर पर हम तमाम नौजवानों को अपील करना चाहते हैं कि 1 जनवरी पलामू जिले के स्थापना दिवस के रूप में मनाए एवं नव वर्ष में अपने पुरानी परंपराओं के अनुसार स्वास्तिक रूप से मनाए एक ओर युवा समाज जो नव वर्ष के आने के उपरांत धूम धड़ाका एवं नशे में लग जाते हैं जो समाज में गलत संदेश जाता है एवं वे दुर्घटना का भी शिकार हो जा रहे हैं नव वर्ष पूरे परिवार के साथ बुजुर्ग जनों गुरुजनो माता-पिता एवं भगवान का आशीर्वाद लेते हुए सात्विक रूप से मनाई आपसी प्रेम एवं भाईचारा का संदेश फैलाएं इस नव वर्ष के अवसर पर तमाम पलामू वासियो सहित देशवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं। कार्यक्रम में बृजेश तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, शिवधयान तिवारी, नित्यानंद उर्फ पुटनी तिवारी, श्याम किशोर तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी सचिता तिवारी श्याम लाल तिवारी, कितना तिवारी सतनारायण तिवारी बुद्ध नाथ तिवारी, विनय त्रिपाठी सुनील तिवारी, विजय तिवारी, शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे और सभी ने नव वर्ष पलामू जिला जन्मोत्सव का लिट्टी चोखा किस आनंद लिया।

## बजरंगी प्रजापति का प्रतिमा क्रांति के धार को तेज करेगा : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू में जमींदारों का जुर्म होने लगा तो उसके गर्भ से बजरंगी प्रजापति का जन्म हुआ। पलामू के पांकी जमींदारों का गढ़ मना जाता है। जहां कभी लाल फ़रेरे इसके खिलाफ लड़े। आज भी पांकी में शोषण दमन कम नहीं हुआ है। बजरंगी प्रजापति नेपथ्य में रह कर सामंती शक्तियों से ताउम्र लड़े और समाज को आगे बढ़ाने में मरते दम तक महती भूमिका निभाए। सामाजिक संगठन से जुड़ कर समाज में हो रहे दमन को रोकने मुकाबले करने हर मोर्चे पर अपना जान जोखिम में डाले। अपने मित्र के बेटी चंदा की जब हत्या हुई तो प्रजापति संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष से मिल कर सहयोग लिया और हत्यारे को सलाखों के पीछे डालने का काम किया,लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले गए। ऐसी अनेकों घटनाएं है जिसको बजरंगी प्रजापति अपने नेतृत्व में मुखर होकर मुंहतोड़ जवाब दिया और जंग को जीते। एक सामान्य बीमारी लकवा उनको अपना ग्रास बनाया और 2022 के 31 दिसंबर को जाते साल के साथ ही अहले सुबह काल के गाल में चले गए। इस अपूरणीय क्षति से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई,समाज सकते में आ गया।इस अपूरणीय क्षति को कभी हम भरपाई नहीं कर सकते हैं। जनवितरण के दुकान से जिंदगी को शुरुआत करने वाला व्यक्ति आज महापुरुष बन गया। चाहने वालों के दिल और दिमाग पर बजरंगी प्रजापति के विचार ऐसे छाया की आज उनकी स्मारक बन कर तैयार है।झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू द्वारा उनके प्रतिमा को लगाया गया प्रखंड कमिटी पांकी भूमिका निभाया। प्रतिमा अनावरण समारोह में बतौर अनावरणकर्ता शामिल हुए। आदमकद प्रतिमा व शिलापट्ट से पर्दे को खींच कर लोकार्पण किए। दिवंगत बजरंगी प्रजापति के पत्नी के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए गगनभेदी नारे लगाए। पांकी प्रखंड कमिटी के लोगों ने शानदार स्वागत किए शोक को शक्ति में बदले पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र देकर स्वागत किए। कमिटी के वरिष्ठ साथी और उनके समकालीन सदस्य संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर के मूर्ति को देकर बजरंगी जी के विचारों को आगे बढ़ाने की अर्जी लगाए। श्रद्धांजलि सभा सह अनावरण समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हमने कहा बजरंगी प्रजापति के प्रतिमा क्रांति के तलवार के धार को तेज करेगा और समाज को आगे बढ़ने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा। हम सबों की नैतिक जवाबदेही है उनके विचारों को प्रसारित करें।

## ऑटो चालकों के कल्याण के लिये उठाये जायेंगे आवश्यक कदम : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** बुधवार को पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित ÷कॉफी विद एसडीएम÷ में गढ़वा के ऑटो रिक्शा चालकों ने भाग लिया। एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आहूत इस विशेष कार्यक्रम में पहुंचे चालकों ने गढ़वा क्षेत्र की स्थानीय परिवहन व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर अपने कई सुझाव दिए। साथ ही अपनी समस्याओं को भी एसडीओ के समक्ष रखा।

**सभी मार्गो पर टेंपो-टैक्सी स्टैंड बनाने का अनुरोध**

ऑटो चालकों ने अनुमंडल पदाधिकारी से कहा कि मेराल रोड, चिनिया रोड, मझिआंव रोड, रंका रोड और रेहला रोड में ऑटो रिक्शा चलते हैं किंतु इन मार्गों पर अलग-अलग टेंपो स्टैंड नहीं है। जिससे मजबूरी वश यत्र-तत्र टेंपो खड़े करने पड़ते हैं, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि रोज-रोज लड़ाई झगड़े और विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि अभी सिर्फ दानरो नदी किनारे ही एक टैक्सी स्टैंड है जो कि पूरी तरह से व्यवस्थित भी नहीं है। टैक्सी चालकों ने एसडीओ से अनुरोध किया कि सभी मार्गों पर डेडिकेटेड टैक्सी स्टैंड बनाया जाए।

**अवैध उगाही को लेकर चालकों ने एसडीओ से बयां किया दर्द**

ऑटो रिक्शा चालकों ने श्री कुमार को बताया कि कुछ इलाकों में अलग-अलग तरीके से उन लोगों से अवैध वसूली की जाती है, जिससे वे लोग अनावश्यक परेशान होते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस संबंध में चालकों से आवश्यक गोपनीय सूचनायें प्राप्त कर सभी को भरोसा दिलाया कि वे मामले की स्वयं जांच करेंगे। सत्यता प्रमाणित होने पर संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**ओवरलोडिंग पर होगी कार्रवाई**

एसडीओ ने चालकों से संवाद के दौरान कहा कि उनकी सभी शिकायतों एवं सुझावों का निराकरण व अमल किया जाएगा किंतु ऑटो रिक्शा चालकों से भी उनकी अपेक्षाएं हैं कि वे ओवरलोडिंग व रैश ड्राइविंग नहीं करेंगे। समुचित दस्तावेजों के साथ ही वाहन को रोड पर चलाएंगे तथा अपने किसी नाबालिक परिजन को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आए दिन ओवरलोडेड वाहन सड़क पर दिखाई दे जाते हैं। अगर आगे से इसकी पुनरावृत्ति हुई तो वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रंका और मेराल से आने वाली पिकअप वाहनों के छत के ऊपर सावरियों के बैठाने की भी शिकायतें मिलती हैं। औचक जांच में जिस दिन भी ऐसे वाहन पकड़े गए, वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा।

**रंका मोड़ पर वाहन पड़ाव न करें**

संजय कुमार ने सभी ऑटो रिक्शा चालकों से कहा कि रंका मोड़ चौराहे के चारों तरफ के स्थान को नो वेटिंग जोन के रूप में चिन्हित किया जा रहा है। यहां पर सवारियों के इंतजार करना या वाहनों को पार्क करने की अनुमति नहीं होगी।

**शहर में बनाए गए अस्थाई डिवाइडर के अनुरूप व्यवहार करें**

शहर में रस्सियों की सहायता से बनाए गए अस्थाई डिवाइडर के बारे में ऑटो रिक्शा चालकों से फीडबैक लेते हुए एसडीओ श्री कुमार ने कहा कि नई व्यवस्था के अनुरूप वे लोग भी अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं। डिवाइडर का सही मायने में लाभ उसी स्थिति में मिल पाएगा जब दोनों ओर अनावश्यक पार्किंग पर रोक लग जाए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### पर्यटन स्थल, पर्यटकों से रही गुलज़ार

**रांची।** नव वर्ष 2025 के पहले दिन पर्यटन केंद्रों में पर्यटकों से गुलज़ार रही। रांची से नेताहाट और देवघर से पतरातू तक लाखो सैलानीयों ने नया साल का स्वागत करने पहुंचे। पर्यटकों ने प्रकृति की गोद में पल बिताया और जमकर पिकनिक का आनंद लिया। रांची के धुर्वा डैम, जोन्हा फॉल, सीता फॉल, दशम फॉल, गेतलसूद डैम, पतरातू, ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान, बायो डाइवर्सिटी पार्क समेत अन्य पर्यटन केंद्रों में पर्यटकों ने जमकर मस्ती की। पर्यटन केंद्रों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी थी। जिला प्रशासन और गोताखोरों की टीम मुस्तैद दिखी। लोगो ने ढलते शाम के साथ अपनी घर वापसी की।

### छेड़छाड़ खानी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थानान्तर्गत एक नाबालिक युवती से अपराधकर्मी द्वारा छेड़छाड़ की घटना कारित की गई, जिसके संबंध में धुर्वा थाना कांड संख्या-348/24, 31.12 .2024. अज्ञात अपराधकर्मी के विरूद्ध दर्ज की गई। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड के दिशा-निर्देश में गठित राज्य स्तरीय महिला सुरक्षा कोषांग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस अपराध को कारित करने वाले दो अभियुक्त 1) शंकर उराँव एवं 2) सूरज कुमार उर्फ दिल्लू को गिरफ्तार करवाया गया। इस घटना को लेकर महिला सुरक्षा कोषांग द्वारा District Legal Services Authority (DLS) के साथ समन्वय स्थापित कर पीड़िता व पीड़िति को नियमानुसार Victim Compensation Scheme के तहत् निम्नांकित कार्रवाईयाँ की गई है : पीड़िता एवं उसके जख्मी भाई (पीड़िति) को मुआवजा राशि दिए जाने हेतु अंतरिम राहत की व्यवस्था की गई है।

## नगर आयुक्त ने रिम्स स्थित आश्रय गृह एवं खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वर्तमान समय में शहर में बढ़ते ठंड को देखते हुए सड़को पर रात्रि में गुजर बसर कर रहे व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए निगम द्वारा प्रतिदिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है तथा निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट किया जा रहा है। 01.01.2025 को नगर आयुक्त संदीप सिंह के द्वारा अपर प्रशासक संजय कुमार एवं निगम के अन्य पदाधिकारियों के साथ रिम्स स्थित आश्रय गृह एवं खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा आश्रय गृह में रह रहे लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया।सर्वप्रथम रिम्स स्थित आश्रय गृह के निरीक्षण क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आश्रय गृह में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि इसका संचालन और बेहतर तरीके से किया जा सके।उन्होंने हरूशाखा की टीम को शहर के सभी आश्रय गृहों में नियमित रूप से, वहां की सफ़ाई व्यवस्था, बेड एवं कंबल की व्यवस्था, टॉयलेट, पेयजल व अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रतिदिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए आश्रय विहिन लोगों निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटाने तथा इसपर अंकुश लगाने के लिए रिम्स प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए वेंडिंग जोन चिन्हित करने का निर्देश दिया। इस निमित रिम्स प्रबंधन को पत्राचार के माध्यम से एक डेडीकेटेड वेंडिंग जोन चिन्हित करने तथा आश्रय गृह के लिए एक दीदी किचेन अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया।इसके पश्चात् उनके द्वारा खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह



का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड में विभिन्न क्षेत्रों से आगंतुक आते है, इसलिए आश्रय गृह भी स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखें तथा आवश्यकतानुसार डायरेक्शन बोर्ड्स का भी अधिष्ठापन करे ताकि आगंतुक आसानी से यहां पहुंच सकें।इसके अलावा उन्होंने निगम के पदाधिकारियों को खादगढ़ा बस स्टैंड के आस-पास खाली पड़े निगम के जमीन की मापी करते हुए उसे उपयोगिता में लाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत दिहाड़ी करने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से मजदूर एकत्रित होते है। इसलिए उनकी सुविधा को देखते हुए एकत्रित होने वाले विभिन्न स्थलों पर उनके लिए शेड की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।मौके पर अपर प्रशासक श्री संजय कुमार, सहायक प्रशासक श्री निकेश कुमार, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि यदि इस शीतलहर में सड़क किनारे किसी व्यक्ति द्वारा गुजर-बसर किया जा रहा है तो निगम के दूरभाष संख्या 1800-570-1235 पर सूचना दे। रांची नगर निगम की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए संबंधित व्यक्ति को निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करेगा।

**रांची नगर निगम अंतर्गत आश्रय गृह एवं उनकी बेड संख्या निम्न है**

खादगढ़ा बस स्टैंड- 50 (पुरुष), 49 (महिला)

*धुर्वा बस स्टैंड - 16

*एजी मोड़ डोरंडा - 10

*मधुकम चूना भट्ठा - 16

*रिम्स परिसर - 19

*बकरी बाजार - 10

*कर्बला चौक-10

*जगन्नाथपुर मंदिर - 16

*आइटीआइ बस स्टैंड - 10

## भगवान् की पूजा अर्चना कर लोगों ने नव वर्ष की शुरुआत की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आंग्ल नववर्ष पर रांची के सभी मंदिरों, चर्च,मजार में बुधवार सुबह से ही लोगों की भीड़ देखने को मिली।

रांची के विभिन्न मंदिरों जिसमें पहाड़ी मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर धाम, मेन रोड के काली मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा बाड़ी, साईं बाबा मंदिर, रातू रोड के दुर्गा मंदिर, बंगला टोली स्थित शिव मंदिर, लोवाडीह स्थित हनुमान मंदिर सहित चर्च और डोरंडा मजार सहित अन्य मुहल्लों के मंदिरों में सुबह से ही लोग पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे थे। लोगों ने परिवार के साथ नए वर्ष की शुरुआत भगवान के दर्शन के साथ की।

साथ ही बेहतर स्वास्थ्य, समृद्धि और सुख-शांति की कामना की। इस दौरान रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस के जवान और स्वयंसेवक मुस्तैद थे। पहाड़ी मंदिर में भक्त अरघा सिस्टम से जल अर्पण कर रहे हैं।इसके अलावा पार्क में भी लोगों की भीड़ देखने को मिली।

## अपराध नियंत्रण के लिए नये सिरे से समीक्षा की जाय : चैंबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पंडरा ओपी अंतर्गत ओटीसी ग्रांउड के समीप अपराधियों के द्वारा घटित छिनतई और गोलीकांड की घटना पर आपत्ति जताते हुए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने वरीय पुलिस अधीक्षक को पत्राचार कर मामले के त्वरित उद्भेदन और शहर में भयमुक्त वातावरण बनाने की मांग की। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि राज्य की प्रमुख कृषि मंडी होने के कारण रांची के आसपास के जिले के व्यापारियों का आवागमन भी पंडरा बाजार में ही होता है। किंतु चिंतनीय है कि लगातार पंडरा बाजार के आसपास व्यापारियों के साथ अपराधिक वारदातें हो रही हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पंडरा बाजार में नियमित तौर पर पुलिस गश्ती की मांग झारखण्ड चैंबर द्वारा की जाती रही है किंतु यह वास्तविकता है कि पंडरा बाजार प्रांगण एवं उसके आसपास लगातार अपराधियों द्वारा चोरी, छिनतई, हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा है। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि अपराधी इतने सक्रिय हैं कि शहर के व्यस्ततम इलाके में भी गंभीर अपराधिक वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। शहर में लगातार व्यापारियों को टार्गेट करके छिनतई और हत्या जैसी अप्रिय घटनाओं के घटित होने से आमजनों के साथ ही विशेष रूप से व्यापारी व उद्यमी समाज भयभीत है। चैंबर द्वारा यह आग्रह किया गया कि इस घटना के शीघ्र अनुसंधान के साथ ही संलिप्त अपराधियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी की जाय ताकि भयमुक्त वातावरण में राजधानी रांची में आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सके। चैंबर महासचिव ने जिला पुलिस प्रशासन से व्यवसायी, उनके कर्मी और अस्पताल में ईलाजरत लोटस होटल के मैनेजर को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की भी मांग की।चैंबर के कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि दिनदहाडे अपराधियों द्वारा लूट और जानमाल की घटना को वारदात देना, यह दर्शाता है कि रांची पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण हेतु नये सिरे से समीक्षा की आवश्यकता है। विदित हो कि इस मामले में झारखण्ड चैंबर पुलिस प्रशासन के लगातार संपर्क में है। चैंबर के लॉ एंड ऑर्डर उप समिति चेयरमेन राम बांगड और कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने संबंधित व्यवसायी से बात करके, घटना की पूरी जानकारी और जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में कृत कार्रवाई की जानकारी ली। शहर की विधि व्यवस्था के मुद्दे पर आज चैंबर भवन में भी एक बैठक हुई। बैठक में सह सचिव नवजोत अलग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया गया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश पर 01.01.2025 से 31.01.2025 तक की अवधि में झारखण्ड में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाना है। सड़क सुरक्षा माह सफल रूप से राज्यभार में मनाने हेतु सभी जिलों को आदेशित किया गया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी हितधारक विभागों के संग मिलकर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह,2025 को सफल किया जाए- 01.01.2025 से 31.01.2025 तक मनाए जाने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का विषय इस वर्ष परवाह रखा गया है। इसी थीम पर राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रम जैसे नुक्कड़-नाटक, स्कूल, बाइक रैली, क्रिकेट टूर्नामेंट आदि का आयोजन



किया जाएगा।लीड एजेंसी, सड़क सुरक्षा, परिवहन विभाग राज्य के सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जागरूकता बढ़ाकर और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देकर, हमारा लक्ष्य दुर्घटनाओं को कम करना और अपनी सड़कों को सभी के लिए सुरक्षित बनाना है। और 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मनाये जाने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में भी हमारा उद्देश्य यही है।सड़कें हो सुरक्षित सभी के लिए, हर दिन सुरक्षा दिवस । क्योंकि हमें है परवाह संयुक्त परिवहन आयुक्त ( सड़क सुरक्षा)यातायात की नियमों का पालन, है सुरक्षा का सार।हर कोई सुरक्षा की रक्षा करें,यही कर्तव्य, संकल्प हो हमारे जीवन का आधार।

## पूर्व सांसद का 83वां जन्मदिन मनाया गया प्रेरणा दिवस के रूप में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी का 83वां जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर उनके आवास राम भवन पर समर्थकों, शुभचिंतकों का तांता लगा रहा जिन्होने चौधरी से मिलकर उन्हे जन्मदिन की बधाई व शुभकामना देकर उनके सतत् सक्रिय व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। लोगों ने पौधा,बुके,डायरी,किताबें और अंगवस्त्र उन्हे भेंट किए। मुख्य कार्यक्रम झारखंड नागरिक विकास परिषद के बैनर तले आर.टी.सी.कॉलेज,दड़दाग के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद प्रो.आदित्य प्रसाद साहु,बड़कागांव विधायक



रौशन लाल चौधरी,सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो,कांके विधायक सुरेश बैठा,जिप सदस्य, कमिश्नर मुंडा,सरिता देवी,अनुराधा मुंडा,उप प्रमुख ओरमांझी रिजवान अंसारी,नामकुम उप प्रमुख वीणा देवी,शिक्षाविद डॉ.पारस नाथ महतो,डॉ.रूद्र नारायण महतो,श्यम नारायण महतो,सोमनाथ महतो,संतोष महतो,प्यारे लाल महतो,मनरखन महतो,डॉ. धनेश्वर महतो,पूर्व उप प्रमुख मुंतजीर अहमद रज़ा,जय गोविंद साह,पूर्व जिप सदस्य मीना देवी,पार्वती देवी,नागेश्वर महतो,कुद्दुश अंसारी,प्रेमनाथ मुंडा,रमेश उरांव, अशोक मुंडा,एकबाल अंसारी,राजीव रंजन सिन्हा,शंकर प्रसाद, सुरेश प्रसाद, जवाहर महतो,धनीलाल महतो,प्रमोद सिंह,हरी साहु रेणू चौधरी,शांति चौधरी,जलेश्वर महतो,जुगेश महतो,अनिल कुमार महतोसहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज में बेहतर काम करने वाले पत्रकार, किसान,समाजसेवी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

## एसडीएम उत्कर्ष सहित 98000 लोगों ने पहाड़ी मंदिर में किया जलार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एक जनवरी 2025 को राँची पहाड़ी मंदिर में सरकारी पूजा के पश्चात प्रातः 4.00 बजे भक्तों के लिए खोलने पश्चात् अपराहन 4.00 बजे तक लगभग 98000 लोगों द्वारा मुख्य मंदिर में जलार्पण किया गया। उत्कर्ष कुमार, सचिव-सह-अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की गई एवं पहाड़ी में मंदिर में भक्तों को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस बल, स्वयंसेवक एवं समिति के सदस्यों को दिया गया। प्रातः 4.00



बजे से लेकर आम श्रद्धालुओं के आगमन तक राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति सदस्य राजेश गाड़ोदिया, सुनील माथुर, मदन लाल पारीक, कैलाश यादव, पहान जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवको द्वारा भक्तों की सुविधा हेतु कतारबद्ध कराकर जलार्पण किया गया। किसी भी अप्रिय घटना की शिकायत आम भक्तों द्वारा नहीं किया गया। सभी जगहों पर सीसीटीवी के माध्यम से एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही थी। राँची पहाड़ी मंदिर विकास समिति सदस्य, जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवको को पहाड़ी परिसर में ही बनाकर भोजन एवं चाय की व्यवस्था की गई। आम भक्तों के सुविधा हेतु पानी, खोया-पाया की सूचना देने हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्र, भौचालय आदि की व्यवस्था की गई। सभी भक्तों द्वारा सुगमतापूर्वक जलार्पण किया गया एवं जलार्पण कर जयकारा करते हुए भक्त मंदिर परिसर से अपने-अपने घर की ओर प्रस्थान कर गये। पहाड़ी मंदिर के मुख्य गेट एवं सभी मंदिरों का सजावट किया गया तथा संध्या में भव्य श्रृंगार एवं आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।

## कथावाचक माधव दास बाल व्यास जी का कथा सुनने भारी संख्या में पहुंचे लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** 1 जनवरी दिन बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 2~30 बजे तक कांके रोड रिलायंस फ्रेस के पिछे स्थित इस्कॉन मंदिर में इस्कॉन ग्रुप के काफी दिलो दिमाग से समाहित रांची के फाइनेंशियल बचत एडवाइजर अरुणदेव कुमार ने बताया कि रांची में नव वर्ष 2025 के शुरुआत के अवसर पर दुनिया के सबसे छोटे कथावाचक माधव दास बाल व्यास जी का रांची इस्कॉन में कथा सुनाने पाहुंचे । रांची के इस्कॉन के ग्रुप अध्यक्ष मधुसूदन मुकुंद प्रभु जी के द्वारा नव वर्ष पर उन्हें अमंत्रित किया गया था। अपने जीवन काल में बाल कथावाचक माधव दास जी ढाई साल की उमर में ही गीता के शलोक शुद्ध उच्चारण बोलते थे और जब वे 8 साल के होने पर गीता के 8 ग्रन्थों से 2000 श्लोक उन्होंने काफी सहज प्रकार से याद किये हैं और यह भारत की लोकसभा सांसद हेमा मालिनी के ,द्वारा डा विवेक बिंद्रा प्रभु के द्वारा, ग्रुप प्रमुख अमोघ लीला प्रभु के द्वारा, इन सभी के सहयोग से पूरे दुनिया में बुलावे पर जगह जगह प्रवचनों की अमृत वर्षा बहाकर माधव दास को विश्व विख्यात करने के लिए योगदान में अपनी अहम भूमिका निभाई है ,और इनका कार्यक्रम अब नव वर्ष 2025 में पाकिस्तान, लंदन, अमेरिका, केन्या, ऐसे अनेक देशों की विदेश यात्रा करेंगे इस कार्य में इनके गुरु महाराज इस्कॉन ग्रुप प्रमुख गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज की कृपा 2023 से ही प्राप्त कर चुके हैं। रांची महानगर जैसे शहर का सौभाग्य है कि शहर के मशहूर फाइनेंशियल बचत एडवाइजर अरुणदेव कुमार जी इन सभी ग्रुप प्रमुख गुरुओं के साथ मिल कर पूरे प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर इस्कॉन ग्रुप का प्रचार प्रसार में काफी समय देते आ रहे हैं।

## नव वर्ष के मौके पर खादी मेला बना आकर्षण का केंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नव वर्ष के मौके पर लोगों के लिए पिकनिक स्पॉट से कम नहीं था। दूर दराज से लोग खादी मेला भ्रमण करने पहुंचे थे। यहाँ झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के 13 वे दिन लगभग 11000 से अधिक टिकट बिके एवं लगभग 13000 से अधिक लोगों ने महोत्सव का भ्रमण किया द्य महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी आयोजन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे परंतु महोत्सव घूमने के लिए आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं हैद्य राजकीय शोक समाप्त होने के पश्चात 2 .1.2025 से बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रतिदिन महोत्सव में आने वाले आगंतुकों के मनोरंजन के लिए कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पुनः प्रस्तुति की जाएगी महोत्सव परिसर में चाक पैथकर पेंटिंग , लाह चूड़ी, सूती सुत कताई सूती सुत बुनाई, सिल्क सुत कताई सिल्क सुत बुनाई एवं खादी वस्त्र बनने की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है द्यमहोत्सव में आने वाले आगंतुक एवं बच्चे स्वयं चद्यक पर मिट्टी के बर्तन बनाना उत्साह के साथ सीख रहे हैं द्य साबरमती



आश्रम के जीवंत प्रदर्शनी में बच्चों की भीड़ अधिक रहती है तथा गांधी जी से संबंधित चित्र प्रदर्शनी में बहुत सी जानकारियां प्राप्त की जा सकती है द्य खुर्जा के सेरेमिक पाट के स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के सेरेमिक कप प्लेट फ्लावर पॉट, अचार के मर्तबान, गमला इत्यादि की खूब बिक्री हो रही है सहारनपुर के स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के सुंदर-सुंदर लकड़ी के फर्नीचर ,सोफा, झूला ,डाइनिंग टेबल ,कॉर्नर टेबल, इत्यादि की बिक्री हो रही है साथ ही कश्मीर से आए एच. जी.आर. स्टाल में केसर ड्राई फ्रूट चॉकलेट इत्यादि को लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा हैद्य मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिए निशुल्क ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है महोत्सव परिसर से में छोटे शिशुओं को स्तनपान कराने हेतु बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माता को बहुत सुविधा है महोत्सव परिसर में चालान एटीएम की व्यवस्था की गई है आज महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगिकी उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग एक करोड़ की रही है।

## नव प्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक को डीजीपी ने बैच लगा कर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** नव वर्ष के प्रथम दिन, 01.01.2025 को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड अनुराग गुप्ता के कार्यालय कक्ष में नव प्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक अनुप बिरथरे मापुसे (2007) / पटेल मयूर कनैयालाल भापु से (2007), पुलिस उप-महानिरीक्षक चन्दन कुमार झा भापुसे (2011) एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा (2011) को बैच लगा कर सम्मानित किया गया।ज्ञात हो कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0-7269/सी, -31.12.2024 द्वारा अनुप बिरथरे को पुलिस उप-महानिरीक्षक, राँची के पद से प्रोन्नति देकर पुलिस महानिरीक्षक एसटीएफ झारखण्ड, राँची / अधिसूचना सं0-7271/सी-31.12.2024 द्वारा पटेल मयूर कनैयालाल को पुलिस उप- महानिरीक्षक झासपु (अतिरिक्त प्रभार पुलिस उप महानिरीक्षक रेल. राँची) के पद से प्रोन्नति देकर पुलिस महानिरीक्षक मानवाधिकार झारखण्ड, राँची / अधिसूचना सं0-7272/सी, -31.12.2024 द्वारा चन्दन कुमार झा को पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा झारखण्ड, राँची के पद से प्रोन्नति देकर



पुलिस उप महानिरीक्षक एसआईबी विशेष शाखा झारखण्ड, राँची एवं अधिसूचना सं0-7275/सी, 31.12.2024 द्वारा अनुरंजन किस्पोट्टा को पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग झारखण्ड, राँची के पद से प्रोन्नति देकर पुलिस उप महानिरीक्षक विशेष शाखा झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित किया गया है।इस अवसर पर अनुराग गुप्ता महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड, सुमन गुप्ता अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), अमोल विणुकांत होमकर पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), पंकोज कम्बोज पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), ए0 विजयालक्ष्मी पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), कार्तीक एस पुलिस उप-महानिरीक्षक विशेष शाखा, नौशाद आलम पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक), शैलेन्द्र वर्णवाल पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसीबी. अमीत रेणु पुलिस अधीक्षक (अभियान) तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहर में लगाए गये वांटेड का पोस्टर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पंडरा में हुए लूट कांड और फायरिंग मामले में शामिल अपराधियों के घर पकड़ के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी राँची पुलिस के हाथ कोई भी अपराधी नहीं लग पाया है।ऐसे में अब राँची पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए आम लोगों से सहयोग मांगा है। पुलिस के द्वारा लूट और फायरिंग मामले में शामिल एक अपराधी की तस्वीर को शहर भर में चस्पा की है। वांटेड पोस्टर में अपराधी की दो




तस्वीर लगाई गई है और पुलिस के द्वारा यह अपील की गई है कि इस अपराधी किसी सूचना जो कोई भी बताया उसे 20 हजार का इनाम दिया जाएगा, साथ ही उसका नाम पता को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा।

## बजरंग मेला हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पिस्का रास्ते पर उरांग गाढ़ा नदी पुल के समीप नये साल के मौके पर आयोजित बजरंग मेला बुधवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। मेला परिसर में पांता नाच, झूमर समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित भी किया गया। मेले में तरह तरह की दुकानें लगाई गयी। मेला देखने के लिये दोपहर से ही लोगों के आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया। जो शाम तक चलता रहा। मेले में झंडी मुंडी जुआ खेल काफी जोरों पर चला। प्रशासन भी मुस्तैदीक बने रहे। आयोजन कमेटी के सदस्य ने मेले की विधि व्यवस्था में व्यस्त रहे। मेले के सफल आयोजन में अनिल महतो, प्रकाश महतो, प्रवीण कुमार, विकास कुमार मांझी, पवन कुमार, रोहित कुमार, राजेश महतो, लालू प्रसाद महतो, उदय महतो, कमल महतो, प्रकाश महतो, कार्तिक महतो, मनसा महतो, डीके महतो, पुसुआ मांझी, भरत महतो, आजित महतो, पुरन, निर्मल नाग समेत समिति के सदस्यों एवं आसपास के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला प्रशासन ने वृद्धा आश्रम में मनाया नव वर्ष



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा टोली स्थित वृद्धा आश्रम में जिला प्रशासन ने नव वर्ष 2025 का स्वागत बड़े ही हर्षोल्लास और सेवा भाव के साथ किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम ने वृद्धजनों के बीच भोजन एवं कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों के साथ समय बिताते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत हैं। उनका सम्मान और देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इस आयोजन में उपस्थित रहे और उन्होंने वृद्धजनों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा और प्रशासनिक सहयोग का एहसास कराना था। इस अवसर पर वृद्धजनों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया।

## पेड़ से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, दो जख्मी



**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुहियाजोरी गांव के पास अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक राहुल हांसदा(20) शहर के गिधनी पहाड़ी मोहल्ले का रहनेवाला था। परिजनों ने बताया कि वह दोस्तों के साथ बाइक लेकर करबिंधा की ओर गया था। लौटने के दौरान गुहियाजोरी के पास संतुलन बिगड़ जाने से बाइक पेड़ से टकरा गया। जिससे तीनों जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर रूप से घायल राहुल को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं बाइक पर सवार दो युवक को हल्की चोट लगी है। जिसका इलाज अन्यत्र चल रहा है।

## नए साल पर रोटी बैंक के द्वारा किया गया गर्म कपड़ों का वितरण

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव वर्ष के उपलक्ष्य में रोटी बैंक के द्वारा आदिवासी गांव झीकटी और कोल्हाड़िया गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल जतिन कुमार के सहयोग से की गई, जिसका उद्देश्य ठंड के मौसम में कपड़ों से वंचित परिवारों को राहत प्रदान करना है। इस दौरान लोगों को के बीच गर्म कपड़े जैसे स्वेटर और जैकेट वितरण किया गया। अभिषेक रंजन ने कहा कि यह प्रयास समाज के उन लोगों तक मदद पहुंचाने का है, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा आवश्यकता है। लोगों ने कहा कि इस पहल से ठंड में जीने की उनकी मुश्किलें कम हुई हैं। लाभार्थियों ने आयोजकों और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन के दौरान बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि उन्हें सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त संसाधन मिल सकें। रोटी बैंक के संस्थापक जतिन कुमार ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे ऐसे कार्यों को जारी रखेंगे, ताकि वंचित समुदायों को सहायता प्रदान की जा सके। इस अवसर पर अभिषेक रंजन, सुमित भंडारी, नरेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# गुनीदीह नदी के पास पिकनिक उत्सव में बड़ों और बच्चों की सहभागिता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र के गुनीदीह नदी के पास नववर्ष का स्वागत बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर गांव के युवाओं, महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने एकजुट होकर पिकनिक मनाई। ठंडी हवाओं और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच सभी ने मिलकर नए साल का जश्न मनाया और खुशी के पलों को साझा किया।सुबह से ही नदी किनारे पिकनिक का माहौल बन गया था। लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ खाना-पीना, गाने-बजाने और खेलकूद का आनंद ले रहे थे। बच्चों ने जहां खेलकूद और गुब्बारे उड़ाने में दिन बिताया, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन बनाए। पुरुषों ने खाना पकाने में मदद की और मनोरंजन के लिए संगीत की व्यवस्था की।युवाओं ने लोकगीत और नृत्य के माध्यम से समां बांध दिया। बच्चों ने अपने खेलों और हंसी-खुशी से माहौल को और भी जीवंत बना दिया। पिकनिक के दौरान सभी ने मिल-जुलकर खाना खाया और पारिवारिक व सामुदायिक बंधन को मजबूत किया। गांव के बुजुर्गों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे सामूहिकता और एकजुटता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों के बीच आपसी मेल-जोल बढ़ता है और सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं।

नदी के किनारे हर ओर हंसी-खुशी का माहौल देखने को मिला। यह आयोजन सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने समाज को एकजुट करने का संदेश भी दिया। गुनीदीह नदी के पास इस तरह का पिकनिक उत्सव क्षेत्रवासियों के लिए यादगार बन गया।

# पिपरवार कोयलांचल मे गर्मजोशी के साथ किया गया नये साल का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे नववर्ष 2025 का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।रात 12 बजते ही कोयलांचल के लोगो ने साल 2024 को विदाई देते हुए नये साल 2025 का जोरदार स्वागत किया,जिसके बाद रात भर सोसल मिडिया के माध्यम से लोगो ने एक दुसरे को बधाई दी।सुबह होते ही लोगो के चेहरो पर नये साल का नया उत्साह देखा गया,जिसके बाद लोग अपने दोस्त,रिश्तेदार व परिजनो के साथ पिकनिक स्पॉट पहुंचे,जहां नये साल का उत्साह मनाया गया।वही कई लोग अपने अपने घरो मे परिजनो के साथ नववर्ष का उत्साह मनाया।इधर कोयलांचल क्षेत्र के तिरूफॉल, दामोदर नदी, सपही नदी, इंटेकवेल, इक्को पार्क,गहरी नदी,कोती झरना, निरी झरना,सदाबह, चन्दन गुफा धाम सहित अन्य जगहो पर पिकनिक मनाने के लिए लोगो की भीड़ देखी गई।क्षेत्र के कई आवासीय कालोनी मे युवको की टोली द्वारा नये साल के उत्साह मे नाचते गाते देखा गया।नये साल को लेकर बच्चो मे खासा उत्साह देखा गया। नए साल के पहले सुबह कोयलांचल क्षेत्र के सभी मंदिरों में भी लोगों की भारी भीड़ देखी गई।वही सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस काफी सर्तक दिखी।वही हुड़दंग मचाने वाले सहित शरारती तत्वो पर पुलिस की पैनी नजर रही।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा स्वंय क्षेत्र मे गश्ती कर सुक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।सभी पिकनिक स्पॉट पर पिपरवार पुलिस की गश्ती टीम भ्रमण करती रही।

# जलटंडा हरूहप्पा में खरसावां गोली कांड को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के जलटंडा हरूहप्पा में बुधवार को खरसावां गोली कांड को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति कि बैठक जिला अध्यक्ष विजय सिंह कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक में खरसावां गोली कांड में शहीदों को श्रद्धांजली देकर पुष्प अर्पित किया गया. और बैठक में निर्णय लिया गया कि गोमके जयपाल सिंह के जन्म दिवस 3 सितंबर को हर वर्ष झारखंड आन्दोलन कारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा. तथा सरकार से सरकारी छुट्टी कि मांग कि जाएगी. इस वर्ष 3 जनवरी को जलटंडा स्टेडीयम में इसका भव्य शुभारंभ किया जाएगा. इस कार्यक्रम में खूंटी के माननीय सांसद कालीचरण मुंडा, खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा व तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मौजूद रहेंगे.

बैठक पर मुख्य रूप से अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव राजेश कुजूर, मिडिया प्रभारी अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सामुएल संगा, संगठन सचिव सूरज गोप, प्रेम प्रकाश हेरेंज, महबूब अंसारी, सामुएल संगा, लालू मुंडा, सूरज गोप, भिमसेंट संगा, बलराम मांझी, विलीन पूर्ति, बुधन मिंज, सगीर अहमद, धामी धान, राजेन कुजूर, नवीन कुमार, लालसिंह मुंडा, मंगल मुंडा, सलीम संगा के अलावे बैठक में कर्रा, खूंटी, मुरहू, तोरपा, रनिया व अड़की प्रखंड के अन्य आंदोलनकारी मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने खारसवां गोलीकांड के शहीदों को किया नमन



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो ने खारसवां गोलीकांड में शहीद हुए वीरों को शत-शत नमन किया है।रबिन्द्र नाथ महतो जानकारी देते हुए कहा यह गोलीकांड 1 जनवरी 1948 को हुआ था। सराइकेला खरसावाँ जिले के खरसावाँ हाट मैदान में आदिवासियों की एक बड़ी भीड़ ओडिशा में विलय के खिलाफ एकत्र हुई थी। इस दौरान ओडिशा पुलिस बल ने मशीनगन से गोलियां बरसाई।अनगिनत आदिवासियों की मौत हो गई थी। यह घटना झारखण्ड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। इस घटना ने झारखण्ड के लोगों को एकजुट किया और अलग राज्य की मांग को मजबूत किया।रबिन्द्र नाथ महतो ने इस घटना के शहीदों को याद किया और उनके बलिदान को सलाम किया।उन्होंने कहा कि यह घटना हमें झारखण्ड के लोगों की एकता और संघर्ष की भावना को याद दिलाती है।

# नव वर्ष में मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** दुमका समेत जिला के सभी प्रखंडों ने नव वर्ष का उत्साह देखा गया। एक ओर जहां लोग पिकनिक के रंग में रंगे दिखे। वहीं दूसरी ओर महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ मंदिरों में लगी रही। शहर के शिव पहाड़ मंदिर, धर्मस्थान मंदिर, ठाकुर बाड़ी, दुर्गास्थान मंदिर समेत सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गयी। जामा प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध सिरसा नाथ मंदिर, चुटोनाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में नव वर्ष की सुबह से ही पूजा करने वाले शिव भक्तों और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सबसे अधिक भीड़ सिरसानाथ मंदिर में देखी गई। श्रद्धालु अहले सुबह से एक बजे तक भक्त कतारबद्ध होकर जल पुष्प अर्पित कर रहे थे। सिरसानाथ मंदिर के आस पास पिकनिक मनाने वालों की काफी भीड़ भी देखी गयी। इधर बारापलासी से महज कुछ ही दूरी पर स्थित दुमका जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल में सुमार तातलोई गर्म जल कुंड में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और पिकनिक मनाने वालों की भीड़ तकरीबन सुबह पांच बजे से ही लगी रही। गर्म जलकुंड में डुबकी लगाने वाले शाम तक आते और नहाते रहे। पहाड़ी की तलहटी और भुरभुरी नदी के किनारे में स्थित तातलोई में नए साल में पिकनिक मनाने वालों लोगों की काफी भीड़ देखी गई। झारखंड और बिहार राज्य से आए लोगों ने परिवार और इष्ट मित्रो के साथ पिकनिक मनाया और सेल्फी लेते हुए पिकनिक का आनंद उठाया।

## नव वर्ष के अवसर पर कंबल का वितरण

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के टाटी पश्चिमी पंचायत में विधवा महिलाओं को नव वर्ष के शुभ अवसर पर ठंड से बचने के लिए पूर्व पंचायत समिति सदस्य शैलेश मिश्रा एवं समाजसेवी जितेंद्र सिंह के द्वारा कंबल का वितरण किया गया।इस अवसर पर शैलेश मिश्रा एवं जितेंद्र सिंह ने उपस्थित महिलाओं को ढेर सारी बधाईयां दी और कहा कि हम भगवान से प्राथना करते है आपका जीवन मंगलमय एवं सुखमय हो।इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो व आसपास नव वर्ष पर लोग पिंकनिक मनाते हुए खूब झूमे

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के आस पास के क्षेत्रों में बुधवार को नववर्ष की धूम देर रात तक रही। जहां नववर्ष को लेकर लोग दिनभर उत्साहित रहे। अहले सुबह में लोगो ने बेड़ो महादानी मंदिर, मुड़हर बाबा पहाड़ समेत अन्य मंदिरो में पुजा करने वालो लोगो की भीड़ उमड़ी। वहीं लोगों ने टोलियां बना कर पिकनिक के लिए प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर जामटोली डैम, पारस डैम, करांजी डैम, टिकराबारी व हाथीदह समेत कई अन्य पिकनिक मनाने पहुंचे थे। इस दौरान लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। पिकनिक मनाने के लिए युवाओं का जत्था गाजे-बाजे के साथ स्थल पहुंचा तथा अपने-अपने रुचि का भोजन तैयार कर पिकनिक मनाया। इस दौरान अपने-अपने घरों से निकलकर परिवार वाले भी अपने बाल बच्चों के साथ पहुंचे और पिकनिक मनाया। नव वर्ष के पहले दिन लोग हर्षोल्लास के साथ इसे मनाने में जुटे रहे। इधर नववर्ष की बधाई देने का सिलसिला भी रात तक जारी रहा। रात्रि के बारह बजते ही सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

## अलग अलग हादसे में महिला समेत दो लोग जख्मी, भर्ती

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अलग अलग सड़क हादसे में बाइक सवार महिला समेत दो लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोग और पुलिस की सहायता से घायलों को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेशनल स्कूल के पास सड़क हादसे में घायल अधेड़ व्यक्ति को पुलिस की मदद से भर्ती कराया गया। अधेड़ की पहचान अबतक नहीं हो पायी है। होश में आने के बाद ही हादसा कैसे हुआ इसका पता चल पायेगा। वहीं दूसरे हादसे में दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर जामा थाना क्षेत्र के कमार दुधानी गांव के पास बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। जानकारी के मुताबिक वह अपने भाई के साथ बाइक में बैठक जा रही थी। सड़क पर बने गड्ढे में संतुलन बिगड़ जाने से चलती बाइक से गिरकर जख्मी हो गयी। घायलों का इलाज पीजेएमसीएच में चल रहा है।

## नाला सहित आसपास के क्षेत्र में शीतलहरी का सितम



**नाला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साल के पहले दिन नाला सहित आसपास के क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। शीतलहरी के साथ हुई घना कोहरा छाए रहने की वजह से सुबह काफी देर तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। इस कारण लोगों ने कंपकपाती ठंड का अनुभव किया। पूरे दिसंबर महीने लोगों ने गुलाबी ठंड का मजा लिया, लेकिन गुलाबी ठंड ने साल के अंतिम दिन अपना रौद्र रूप धारण कर लिया। बुधवार को नाला सहित पूरा क्षेत्र में शीतलहरी के रूप में बह रही सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरन पर मजबूर कर दिया। साल के अंतिम दिन न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली। लोगों ने जगह-जगह अलाव का व्यवस्था कर रहे हैं। इस ठंड के कारण लोगों को घर से बाहर निकलने में परेशानी हो रही है। लोग गर्म कपड़ों में लिपटकर ठंड से बचाव का प्रयास कर रहे हैं।

## नाला प्रखंड में नव वर्ष की पहली पिकनिक लोगों ने धूमधाम से मनाया नया साल



**नाला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नाला प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष की पहली पिकनिक का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। अजय नदी, शिला नदी, जंगलों और पहाड़ों के बीच बहने वाले दर्जनों जलधाराओं से भरपूर जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड के पिकनिक स्पॉटों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।नाला के लोग नए साल के स्वागत के लिए क्षेत्र में अपने परिजनों, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ पिकनिक स्पॉटों पर पहुंचकर नए साल के अवसर पर पिकनिक का आनंद उठाया। डीजे की धुन पर युवा वर्ग के युवक-युवतियां नाचते-गाते हुए नए साल का स्वागत कर रहे थे और लोगों को एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दे रहे थे।

नाला प्रखंड के महेश मुंडा, अजय नदी, टेसजुड़िया, शीला नदी सहित घने जंगल और इधर-उधर मौजूद इकलौते पहाड़ों के साथ-साथ जंगलों और पहाड़ों के बीच की खाइयों में बहुत ही जलधाराएं हैं, जिसे स्थानीय हल्के में जोरिया कहा जाता है। कल-कल करती जल की धारा सैलानियों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है।नाला प्रखंड टेसजुड़िया शीला नदी के तट, महेशमुंडा घाट सहित विभिन्न घाटों पर पिकनिक मनाई गई। इस वर्ष क्षेत्र में अच्छी खेती होने के कारण क्षेत्र के लोग काफी खुश और उत्साहित हैं, जिससे नए साल की खुशियां दोगुनी हो गई हैं।उत्साहित लोग पिकनिक में शामिल होकर नए साल की खुशियों का आदान-प्रदान करने में जोर-शोर से जुड़े हुए हैं। ऑनलाइन शुभकामनाओं की बाढ़ नव वर्ष की तैयारी के बीच ऑनलाइन शुभकामनाओं की बाढ़ आ गई है। फेसबुक अकाउंट हो या व्हाट्सएप, ट्विटर हो या इंस्टाग्राम, विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से लोग अपने ऑनलाइन दोस्तों को विभिन्न प्रकार के आकर्षक फोटो, वीडियो, पोस्ट आदि के माध्यम से नए साल की शुभकामनाएं भेज रहे हैं।

# असंगठित मजदूरों की हड़ताल को लेकर बचरा साईडिंग मे मजदूरों ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साईडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की पांच सूत्री मांगों को लेकर 7 जनवरी से होने वाले अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर असंगठित मजदूरों ने बैठक की।जानकारी के अनुसार असंगठित मजदूर पांच सूत्री मांगों को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व मे 7 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है।हड़ताल को लेकर यूनियन के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों ने पिपरवार एरिया प्रबंधन को पूर्व मे ही नोटिस सौंप दिया है।अब मजदूर हड़ताल को सफल बनाने के लिए जगह-जगह पर दीवाल लेखन और बैठक कर रही हैइसके अलावा साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों को संगठित होकर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की जा रही है।नए साल के पहले दिन बुधवार की सुबह बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों ने बैठक कर हड़ताल को सफल बनाने के लिए आगे की रणनीति बनाईइस दौरान असंगठित मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की और कंपनी एवं प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया।बैठक में सभी मजदूरों को एकजुट होकर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई।असंगठित मजदूरों की प्रमुख मांगों में बचरा रेलवे साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी का लाभ देने,सीएमपीएफ, सभी मजदूरों को पेमेंट स्लिप देने,सभी असंगठित मजदूरों की हाजिरी फार्म डी में बनाने और बकाया बोनस का भुगतान करने की मांग की गई है।मजदूरों ने कहा कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए बचरा साईडिंग के सभी मजदूर पूरी तरह से एकजुट है। मजदूर जागरूक होकर अपने अधिकार के लिए संघर्ष के लिए तैयार हैइस बैठक में मुख्य रूप से मुंशी नाथ महतो,भोला महतो टिंकू महतो,शंकर महतो, चिंतामन महतो,धनेश्वर महतो,चंद्रदेव ठाकुर,जितेंद्र महतो,करण महतो,निर्मल महतो,लटन महतो,जलेश्वर महतो,चमन महतो,दिलीप चौधरी,बिजली महतो, जयशंकर चौधरी,सुरेश गोप, सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

# नववर्ष हर्षोल्लास से मनाया, विभागीय आदेश के कारण बंद रहा अम्बेडकर पार्क, मायूस होकर लौटे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी आसपास क्षेत्र में बुधवार को नववर्ष 2025 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को रात बारह बजते ही लोगों ने पटाखे छोड़ नववर्ष का स्वागत किया। वहीं सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों ने अपने रिश्तेदारों, मित्रों, सहकर्मी सहित पड़ोसियों को नये साल की शुभकामनाएं दी। बुधवार को नववर्ष को लेकर लोगों ने मंदिरों में पुजा अर्चनाकर शुख समृद्धि की कामना की। वहीं सुबह से ही मांस, मछली एवं मुर्गा के दुकानों में काफी भीड़ देखी गयी। साल के पहले दिन का बुधवार को लोगों ने जमकर स्वागत किया। सिल्ली के हिरण पार्क, ऑडियो विजुअल पार्क, सिल्ली स्टेडियम, मुरी स्वर्ण रेखा नदी एवं मुरी के टुंगरी पार्क समेत आसपास के नदी किनारे पिकनिक स्पॉटों पर लोगों का भीड़ रहा। वहीं स्वर्णरेखा नदी, उरांग गाढ़ा नदी, हिरण पार्क के समीप स्थित तालाब किनारे समेत आसपास के पिकनिक स्थलों पर पिकनिक के लिये लोगों की भीड़ देखी गयी। इलाके के कई लोग पहले तारीख की खुशियां अन्य जगहों पर भी मनायी। कई लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने क्षेत्र के बाहर भी चले गये। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन चुस्त-दुरुस्त दिखे। क्षेत्र के विभिन्न पार्कों एवं पिकनिक स्पॉट पर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर दल बल दिन भर गस्ती में रहे। खबर लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। सिल्ली के अम्बेडकर पार्क में बुधवार साप्ताहिक बंदी के कारण लोगों को मायूस होकर लौटनापड़ा। लोगों ने ने रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग की ओर से पुर्व से पार्क में यद्यपि बुधवार को साप्ताहिक बंदी है फिर भी नये वर्ष के पहले दिन को लेकर विभाग को उचित पहल करना चाहिए था। मगर स्थानीय बनपाल के लापरवाही के कारण लोगों को मायूस हो कर लौटना पड़ा। इस संबंध में बनपाल जयप्रकाश साहु से मोबाइल पर सम्पर्क करने पर बात न हो पाई। वन विभाग के इस तरह के तुगलकी फरमान से लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

## केक कटिंग समारोह के साथ टाटा स्टील यूआईएसएल ने मनाया नए साल का जश्न




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने आज जुस्को ग्रीन में केक कटिंग समारोह आयोजित कर नए साल का स्वागत किया। इस समारोह में टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेंद्रन की उपस्थिति रही, जिन्होंने केक काटकर समारोह का नेतृत्व किया। उनके साथ टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, टाटा स्टील के मानव संसाधन प्रबंधन की उपाध्यक्ष अत्रेयी सान्याल और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे शामिल थे। टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितु राज सिन्हा ने कर्मचारियों के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें आने वाले वर्ष की चुनौतियों का उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस समारोह में वरिष्ठ नेतृत्व टीम, कर्मचारियों और जुस्को श्रमिक यूनियन के सदस्य उपस्थित थे।

## चंदन मुखी ने 33 गेंद में जड़ा शतक, बनाया रिकॉर्ड



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** को-ऑपरेटिव कॉलेज मैदान में मंगलवार को यंग ब्वॉयज और अर्बन सर्विसेज के बीच जेएससीए ए डिवीजन क्रिकेट लीग का एक दिलचस्प मुकाबला खेला गया. इस मैच में कई रिकॉर्ड एक साथ स्थापित हुए. यंग ब्वॉयज के युवा ऑलराउंडर चंदन मुखी ने मात्र 33 गेंद में जेएससीए क्रिकेट लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा. 42.2 ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे चंदन मुखी ने आते ही चौके-छक्के की झड़ी लगा दी. उन्होंने 36 गेंद में नाबाद 111 रन बनाये. इसमें 13 चौके व आठ छक्के शामिल है. वहीं, इस मैच में जेएससीए ए डिवीजन क्रिकेट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर 417 रन भी बना. यह स्कोर यंग ब्वॉयज की टीम ने 50 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर बनाये. इसके अलावा पूरे मैच में 722 रन बने. जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है. लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग अर्बन सर्विसेज की टीम ने 48.2 ओवर में दस विकेट पर 305 रन बनाये.

## सरकारी कंबलों का वितरण शुरू



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला प्रशासन की ओर उपलब्ध कराए गए कंबलों का वितरण कार्य बोड़ाम प्रखंड में शुरू हो चुका है। प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव कोयरा के बाधाडीह सबर टोला में बुधवार को ठंडा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह एवं पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह के हाथों 15 बुजुर्ग व्यक्तियों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव पाठक कुंभकार , जितेंद्र प्रमाणिक व घासीराम सोरेन आदि मौजूद थे।

## मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला, जैसे भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े श्याम प्रेमियों ने पुराने साल 2024 कि विदाई और नये साल 2025 का स्वागत बाबा श्याम के दरबार में भजनों के साथ धूमधाम से किया। श्याम प्रेमियों द्वारा 'नव वर्ष सांवरिया के संग' मनाने हेतु साकची श्री अग्रसेन भवन में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया था। मंगलवार और बुधवार के बीच की रात बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। यजमान रश्मी-सुनील अग्रवाल और चंदा-रतन अग्रवाल ने पूजा की और पंडित रामजी पारिक ने पूजा करायी। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायक क्रमशः अनुभव अग्रवाल, महावीर खण्डेलवाल, कविता अग्रवाल एवं प्रेरणा शर्मा द्वारा बाबा श्याम के चरणों में की गयी भजनों की अमृत वर्षा ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर भजन गायकों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं..., चल खाटू के धाम पता नहीं क्या तुझे मिल जाए...., थाली भरकर लाई रे खीचड़ो ऊपर घी की बाटकी..., बांस की बांसुरी पर घनो इतरवा..., मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला..., शरण तुम्हारी जो मिल गयी हैं सांवरे..., श्याम धणी को आयो रे बुलावा...आदि भजनों की प्रस्तुति दी।

## पारडीह काली मंदिर में आयोजित भंडारा में भाजपा व आजसू नेता समेत हजारों लोग हुये शामिल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पारडीह-फदलोगोड़ा स्थित प्राचीन काली मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के मौके पर बुधवार को हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की एवं माता रानी से प्रार्थना करते हुए नव वर्ष की शुरुआत की। इस दौरान मंदिर के महंत विद्यानंद सरस्वती की ओर से दोपहर 1 बजे से आयोजित विशाल भंडारा में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें मुख्य रूप से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा नेता मीरा मुंडा, अमरप्रीत सिंह काले, मुचीराम बाउरी, मधु गोराई, रामनाथ सिंह, विजय मिश्रा, आजसू नेता हरेलाल महतो, कन्हैया सिंह, जिला पार्षद कुसुम पूर्ति, भूमिज मुंडा समाज पटमदा के शरत सिंह सरदार, दीनबंधू सिंह सरदार, कृष्णपद सिंह व धनंजय सिंह के अलावा काफी संख्या में साधु संत शामिल हुए। इससे पूर्व सुबह में नवचंडी महायज्ञ, हवन, पूजन व आरती का आयोजन हुआ। इस दौरान लोगों ने महंत विद्यानंद सरस्वती से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ केक काटकर नववर्ष का स्वागत



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड के छोटा गम्हरिया स्थित निर्मल पथ में रंगारंग कार्यक्रम के साथ केक काटकर नववर्ष का स्वागत किया गया। इससे पूर्व संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय गायक कुमार संजय, अल्पा कुमारी, मिस भारती व टीम के अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक फिल्मी गीतों की प्रस्तुति कर लोगों को खूब झुमाया। रात्रि 12 बजे लोगों ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर व गले लगकर नववर्ष पर बधाई दी। इस मौके पर नरेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, मोहन वर्मा, मनोरमा सिंह, अनिता देवी, ज्योतिमाला, रेणु वर्मा, विद्यावती देवी, ललिता देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## टाटा स्टील के एमडी सह सीइओ ने केक काटकर किया नये साल का स्वागत

# वैश्विक स्टील क्षेत्र मुनाफा के लिए कर रहा संघर्ष, भारत में मांग बढ़ने से स्थिति ठीक : टी वी नरेंद्रन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने बुधवार को कहा कि चीन के आक्रामक मूल्य निर्धारण जैसे कारकों के कारण वैश्विक इस्पात क्षेत्र मुनाफा कमाने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि भारत में धातु की मांग और इसकी खपत बढ़ रही है। यहां नए साल के केक काटने के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, नरेंद्रन ने कहा कि 2023 और 2024 वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र के लिए कठिन रहे हैं, क्योंकि इस्पात मार्जिन में कमी आई है और लाभ कमाने के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है, खासकर कोविड के दौरान चीन में लगाए गए प्रतिबंधों के कारण।

वैश्विक संघर्षों पर, उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में होने वाली घटनाओं का भारत पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। हालांकि, देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन में मंदी है, जहां अभी तक सुधार नहीं हुआ है। नरेंद्रन ने चीन की अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चिंता व्यक्त की और भारत सरकार से घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। इन चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने आश्वासन दिया कि टाटा स्टील अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और स्टील की बढ़ती मांग के कारण भारत में अच्छी स्थिति में है और लाभ कमा रही है।

यह दावा करते हुए कि अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय देशों सहित कई देशों ने अपने उद्योगों की सुरक्षा के लिए पहले ही कदम उठाए हैं, नरेंद्रन




ने भारत से चीन से अनुचित स्टील आयात के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई करने का आह्वान किया, क्योंकि स्टील क्षेत्र में धन और रोजगार पैदा करने की महत्वपूर्ण क्षमता है। हालांकि भारत में स्टील की मांग 8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, नरेंद्रन ने बताया कि मार्जिन संपीड़न एक चुनौती बनी हुई है और मूल्य संवर्धन के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे खनिज समृद्ध राज्यों का लाभ उठाने के अवसर के बारे में भी बात की, और आग्रह किया कि भारत को इन खनिज संसाधनों को उद्योगों में बदलने का मौका नहीं छोड़ना चाहिए जो रोजगार पैदा करेंगे।

नरेंद्रन ने इस क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए और अधिक प्रोत्साहन की वकालत की, उन्होंने कहा कि स्टील उद्योग सालाना 40,000 करोड़ रुपये से 50,000 करोड़ रुपये के बीच निवेश कर रहा है। उन्होंने देश के विकास के लिए निजी क्षेत्र के निवेश के महत्व पर भी जोर दिया।

नरेंद्रन ने माना कि पिछला साल टाटा स्टील के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, उन्होंने ओडिशा में टाटा स्टील के कलिंगनगर प्लांट में देश के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस के चालू होने को एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने इस परियोजना के सुरक्षित और सफल चालू होने को सुनिश्चित करने के लिए टीम के प्रयासों की सराहना की। टाटा स्टील कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय दोनों को लाभ पहुंचाने के लिए अन्य पहलों पर भी काम कर रही है, जैसे स्टाफ क्वार्टर और स्कूलों का निर्माण। झारखंड में नई सरकार के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में नरेंद्रन ने बताया कि सरकार के साथ चर्चा हुई है और टाटा समूह ने राज्य के विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने झारखंड के विशाल खनिज संसाधनों, जिनमें लौह अयस्क, कोयला और इस्पात तथा ऑटोमोटिव विनिर्माण में इसकी क्षमता शामिल है, पर प्रकाश डाला और रोजगार सृजन के लिए मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## बालिका वर्ग में सुनीता व बालक वर्ग दौड़ में जीतेन अव्वल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के दामोदरपुर फुटबॉल मैदान में नेहरू युवा केंद्र जमशेदपुर के तत्वावधान में रियल ब्लास्टर क्लब के सहयोग से प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग के फुटबॉल प्रतियोगिता में शिव शक्ति युवा क्लब, आंगईडांगरा प्रथम, सिदो-कान्हू युवा क्लब डुंगरीडीह द्वितीय और डिस्प्ले फुटबॉल टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में जीतेन हेंब्रम प्रथम, सूर्यकांत टुडू द्वितीय और हिमांशु रुहिदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में तिलक सिंह प्रथम, अनिल सिंह द्वितीय और हिमांशु रुहिदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में ए टू जेड क्लब गागीबुरू प्रथम, युवा संस्कृतिक क्लब लेकड़ो द्वितीय और दामोदरपुर टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में सुनीता किस्कू प्रथम,



वीणापाणि हेंब्रम द्वितीय और पानमनी मुर्मू तृतीय, रस्सी कूद में ममता सिंह प्रथम, हिमानी सिंह द्वितीय और पतनी राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि दौड़, लंबी कूद व रस्सी कूद के सफल प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अंजली कुमारी, भूला पंचायत के मुखिया मंगल सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि संजय गोराई, पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक धरणी सिंह, तिलक सिंह, श्रवण सिंह, लवघन सिंह, हेमंत सिंह, अजीत सिंह, परेश सिंह, तरनी सिंह, विजय सिंह, अजय सिंह, मनोज सिंह, जनक सिंह, कौनाथ सिंह और रेफरी विकास सिंह व त्रिलोचन सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सिंहपुरा वन क्षेत्र में हाथियों ने डाला डेरा, रात में घर तोड़ खा रहे अनाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा पंचायत में हाथियों का विचरण जारी है। हाथी गांव में आकर घरों को तोड़कर धान चट कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक सात हाथी झुंड में मौजूद हैं।? एक शिशु हाथी के भी साथ होने की खबर है। 30 दिसंबर को सिंहपुरा गांव में हाथी पंहुचे और एक दुकान को नुकसान पहुंचाया। 31 दिसंबर की शाम को फुलकुटा गांव के धुनू हांसदा के घर को जंगली हाथियों ने क्षतिग्रस्त किया। धुनू हांसदा के अनुसार मंगलवार रात को अपने पत्नी छीता हांसदा के साथ सोए हुए थे। लगभग 8ः30 के करीब जंगली हाथी आकर घर तोड़ने लगे। जैसे ही उन दोनों को पता चला तो घर से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। उन्होंने बताया हाथियों ने घर में रखे चावल, धान ,आटा और चना दाल



खा लिया। इससे पहले भी दो बार इस तरह से हाथियों ने घर तोड़े हैं, नुकसान के एवज में सरकार या वन विभाग के तरफ से किसी तरह मुआवजा नहीं मिल पाया। जिससे दोनों पति-पत्नी काफी दुखी में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक सप्ताह से लगातार सिंहपुर क्षेत्र के पास में हाथियों का उत्पात मचा हुआ है, वन विभाग के तरफ से ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जंगली हाथियों के डर से स्थानीय लोग रात भर पहरेदारी कर रहे हैं। इस संबंध में वनकर्मी अभिलाष महतो ने बताया कि 30 दिसंबर की रात को हाथियों को गांव से दूर भगाया गया था। हाथी भोजन की तलाश में गांव की ओर आ रहें हैं।

## सीपीआई पटमदा शाखा के संस्थापक सदस्य सह कॉमरेड विजय माझी के निधन पर शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पटमदा शाखा के संस्थापक सदस्य सह कॉमरेड विजय माझी का 92 वर्ष की उम्र में बुधवार को उनके काटिन स्थित घर पर निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर सीपीआई जिला परिषद ने गहरा शोक प्रकट किया है। इस संबंध में सीपीआई के जिला सचिव अंबुज ठाकुर ने कहा कि विजय बाबू एक जुझारू कम्युनिस्ट थे। जिला सचिव ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार के साथ पार्टी ने साथ खड़ा रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि विजय माझी 92 वर्ष के थे उन्होंने 16 वर्ष की आयु में ही कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। उनके निधन से पटमदा शाखा को काफी नुकसान हुआ है। पटमदा लोकल परिषद सचिव मनसा राम महतो ने अपने दिवंगत साथी को पार्टी के झंडे ओढ़ाकर उन्हें अंतिम विदाई दी। दूसरी ओर पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने कहा कि हमने एक अभिभावक को खो दिया है।

## खूँटी, तुलग्राम जंगल में बाघ की मौजूदगी की संभावना, वन विभाग ने किया अलर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय, चांडिल से प्राप्त सूचना के अनुसार चौका थाना अंतर्गत खूँटी एवं तुलग्राम के जंगल में बाघ की उपस्थिति की संभावना जताई गई है। वन विभाग और जिला प्रशासन से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया है कि एक बैल को बाघ द्वारा मारने की सूचना प्राप्त हुई है। इस घटना को ध्यान में रखते हुए चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी ने चौका थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निर्देशित किया है कि इन क्षेत्रों के ग्रामीणों को माइकिंग और अन्य माध्यमों से सतर्क रहने के लिए सूचित किया जाए। ग्रामीणों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने घरों के आसपास सतर्क रहें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। वन क्षेत्र पदाधिकारी, चांडिल शशि रंजन की रिपोर्ट के अनुसार, खूँटी और तुलग्राम के सटे जंगल में बाघ पंजे और कई गतिविधियों के प्रमाण मिले हैं।

## भगवान श्री कृष्ण और सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भाव विभोर हो गये श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेन्टर में चल रहे भागवत कथा के सातवें दिन बुधवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई, परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिया। उन्होंने सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ प्रदान कर देता है। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा में आसक्ति मनुष्य को सांसारिक मोह माया से मुक्त करने वाली है और जीव भवबंधन से पार पा जाता है। उन्होंने विस्तार से बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी से समझ सकते हैं। कथाव्यास ने कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है।

## सांसारिक संबंधो एवं सुखों को त्याग से ही भगवान से प्रेम संभव है : आचार्य वेदानंद शास्त्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के जगन्नाथपुर बस्ती स्थित मार्ग संख्या 13 में बीते एक सप्ताह से चल रहे श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन आचार्य श्री वेदान्द शास्त्री जी ने रुक्मिणी- कृष्ण विवाहोत्सव से कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि रति के करुणापूर्ण निवेदन पर भगवान शंकर ने उनके पति कामदेव की प्रद्युम्न के रूप में कृष्ण-रुक्मिणी के पुत्र होने का आशीर्वाद दिए। स्यमन्तक मणि की व्याख्या के साथ भगवान का जाम्बवान् के साथ मल्लयुद्ध एवं उनकी बेटी जाम्बवती एवं सत्यभामा से मंगल विवाह के बारे में उन्होंने बताया। उसके बाद कृष्ण के संतानों के बारे में बताए। भगवान का वाणासुर, पोण्डक, काशिराज के वध की प्रसंग की भी जानकारी दी जिसमें नारद जी का भगवान के पारिवारिक दिनचर्या को देखने की व्याख्या किया। पाण्डवों द्वारा राजसूय यज्ञ के दरम्यान जरासंध का वध भीम के द्वारा करवाए। शिशुपाल का वध, दन्तवकत्र के वध आदि के बारे में भी उन्होंने बताया। मित्रता के बारे में बताते हुए आचार्य जी ने श्रीकृष्ण- सुदामा की मैत्री को बताया। सुदामा की पत्नी सुशीला की प्रेरणा से सुदामाजी श्री कृष्ण दर्शन के



लिए भगवान के दरबार में आए। अपनी विपन्नता में जीतें भी सुदामा जी ने कभी भगवान से सहायता या अर्थ याचना नहीं किए 7 भगवान ने अपने प्रिय मित्र का आदर भाव में अपनी ठकुराई अर्थात् जगतपिता के अस्तित्व को भूलकर अपने चक्षुजल से उनके चरण धोए और बिना याचना किए ही सर्व ऐश्वर्य दे दिए।

## त्रिपुरों का नाश होते ही देवताओं ने भोलेनाथ को कहा त्रिपुरारी : कथावाचक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे सात दिवसीय श्री त्रिशूल शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का विश्राम बुधवार 01 जनवरी को हवन, पूजन और भंडारा के साथ हुआ। सात दिनों तक चले शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ में रोजाना काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे। सातों दिन मुख्य यजमान किरण-उमा शंकर शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा (प्रसाद) ग्रहण किया। सातों दिन की कथा का मुख्य प्रसंग रहा कि महादेव को जल और बिल्वपत्र अर्पित करें, ताकि भगवान शंकर प्रसन्न हो और भक्तों के सभी कार्य सिद्ध हो। भगवान शिवजी की अनेक लीलाएं हैं। शिव महापुराण



की कथा श्रवण करने से सभी प्रकार के भय दूर हो जाते हैं। सातवें दिन बुधवार को व्यास पीठ से कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने अनेक भक्ति प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए त्रिपुर वघ, तारकासुर वध, त्रिपुरारी, त्रिशुल, त्रिपुंड एवं कार्तिकेय चरित्र कथा की महिमा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। कहा कि भगवान शिवजी के एक बाण से तीनों त्रिपुरों का नाश होते ही सभी देवता भोलेनाथ की जय-जयकार करने लगे और उसी समय सभी देवी-देवताओं ने भोलेनाथ को त्रिपुर का अंत करने वाले त्रिपुरारी के नाम से पुकारा।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## फिर नदी जोड़

**यह** सुखद ही है कि जिन अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में बढ़ते जल संकट के समाधान के रूप में मेगा नदी जोड़ परियोजनाओं की कल्पना की गई थी, उनकी जन्मशती के अवसर पर उस सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास शुरू हुआ है। लेकिन यह विडंबना ही है कि इस तरह की पहली परियोजना केन-बेतवा-लिंक परियोजना को सिरे चढ़ाने की दिशा में शुरुआत करने में चार दशक लग गए। निस्संदेह, यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, लेकिन विलंब से काम शुरू होने से इसकी लागत में भी अच्छा-खासा इजाफा हो चुका है। निस्संदेह, ऐसे देश में जहां विश्व की अट्ठारह फीसदी आबादी रहती हो और दुनिया का सिर्फ चार फीसदी पीने का पानी उपलब्ध हो, भविष्य के जलसंकट का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। शिलान्यास कार्यक्रम के वक्त प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी कि जल सुरक्षा 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, नदी जोड़ परियोजना के प्रति सरकार के दृढ़ संकल्प की ओर संकेत देती है। निर्विवाद रूप से जलाशयों और नहरों के माध्यम से पानी के अधिशेष को जल संकट वाले इलाके की नदियों को स्थानांतरित करना, निश्चय ही सूखे की मार झेल रहे इलाकों का भाग्य बदलने जैसा ही है। लेकिन यह भी जरूरी है कि पर्यावरणीय जोखिमों का वैज्ञानिक ढंग से आकलन किया जाए। पर्यावरण वैज्ञानिक व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्वयंसेवी संगठन प्रकृति के साथ खिलवाड़ की चिंताएं लगातार जताते रहते हैं। उनका मानना रहा है कि नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा पहुंचने से पारिस्थितिकीय संतुलन प्रभावित हो सकता है। निस्संदेह, पर्यावरणीय संतुलन जरूरी है लेकिन जल संकट का समाधान निकालना भी उतना ही जरूरी है। दरअसल, राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी ने 168 बिलियन डॉलर के प्रस्तावित बजट वाली हिमालयी और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के लिये तीस लिंक परियोजनाओं की पहचान की है। निश्चित रूप से पानी के समुचित वितरण, बाढ़ नियंत्रण, सूखे से मुकाबले और जलविद्युत उत्पादन में अधिक समानता के लिये ऐसी परियोजना की तार्किकता साबित होती है। इसके बावजूद पर्यावरणीय चुनौतियों पर ध्यान देने की भी सख्त जरूरत है। शोध अध्ययनों में दावा किया गया है कि हाइड्रो-लिंकिंग परियोजनाएं मानसून के चक्र में बदलाव ला सकती हैं। साथ ही परेशानी करने वाली जटिल जल-मौसम विज्ञान प्रणालियां विकसित हो सकती हैं। ऐसे में संभावित पारिस्थितिकीय क्षति की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, इस दिशा में आगे चलकर व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो जाता है। परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाले नीति-नियंताओं को फिर से परियोजना को तैयार करने पर संभवित प्रतिक्रिया का विश्लेषण करने के लिये तैयार रहना चाहिए। केन-बेतवा परियोजना के जरिये जटिल पर्यावरणीय पैटर्न का समाधान प्रदान करने के लिये विज्ञान सम्मत पहल होनी चाहिए। इसके लाभ व हानि के पक्ष का मंथन भी जरूरी है। यह विडंबना ही है कि आज भी जल संरक्षण के लिये सामूहिक पहल सार्वजनिक नीति में एक गायब कड़ी बनी हुई है। ऐसे में बड़े पैमाने पर बड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के साथ-साथ,सरकार को कुशल सिंचाई परियोजनाओं, अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और प्रदूषित पानी की स्वच्छता के लिये सस्ती प्रौद्योगिकियों के विकास पर अनुसंधान में तेजी लाने की जरूरत है। साथ ही पर्याप्त वित्तीय समर्थन की भी जरूरत है। बताया जा रहा है कि केन-बेतवा योजना के सिरे चढ़ने से मध्य प्रदेश की आठ लाख हेक्टेयर से अधिक व उत्तर प्रदेश की ढाई लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

> निर्विवाद रूप से जलाशयों और नहरों के माध्यम से पानी के अधिशेष को जल संकट वाले इलाके की नदियों को स्थानांतरित करना, निश्चय ही सूखे की मार झेल रहे इलाकों का भाग्य बदलने जैसा ही है। लेकिन यह भी जरूरी है कि पर्यावरणीय जोखिमों का वैज्ञानिक ढंग से आकलन किया जाए। पर्यावरण वैज्ञानिक व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्वयंसेवी संगठन प्रकृति के साथ खिलवाड़ की चिंताएं लगातार जताते रहते हैं। उनका मानना रहा है कि नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा पहुंचने से पारिस्थितिकीय संतुलन प्रभावित हो सकता है। निस्संदेह, पर्यावरणीय संतुलन जरूरी है लेकिन जल संकट का समाधान निकालना भी उतना ही जरूरी है। दरअसल, राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी ने 168 बिलियन डॉलर के प्रस्तावित बजट वाली हिमालयी और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के लिये तीस लिंक परियोजनाओं की पहचान की है।

### मेले में यात्रियों के लिए समुचित प्रबंध योगी आदित्यनाथ सरकार ने किए

## कृत्रिम बुद्धि की निगरानी में महाकुंभ मेला

प्रमोद भार्गव

> प्रत्येक 12 साल में प्रयाग में गंगा-यमुना और अदृष्य सरस्वती नदियों के संगम पर महाकुंभ आयोजित होता है। 45 दिन चलने वाले इस कुंभ में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। 2013 में 20 करोड़ से ज्यादा यात्री प्रयाग पहुंचे थे। इस बार दोगुने से ज्यादा लोगों के पहुंचने का अनुमान इसलिए है, क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर बनने के साथ वाराणसी में काषी विष्वनाथ मंदिर का भी कायाकल्प हुआ है। साथ ही आवागमन के साधन बढ़े हैं। अतएव 4 तहसील और 67 ग्रामों की 6000 हेक्टेयर भूमि पर मेले में यात्रियों के लिए समुचित प्रबंध योगी आदित्यनाथ सरकार ने किए हैं।

**समय** के साथ देष में लगने वाले दुनिया के सबसे बड़े मेले कुंभ में भी परिवर्तन देखने में आते रहे हैं। इसी बदलाव के चलते इस बार प्रयागराज में अस्थाई रूप से निर्मित की गई 'कुंभनगरी' में 13 जनवरी 2025 से षुरू होकर 31 मार्च तक चलने वाले इस महाकुंभ में श्रद्धालुओं की निगरानी कृत्रिम बुद्धि से संचालित उपकरण करेंगे। इस हेतु कुंभनगरी का पूर्णतः डिजिटलीकरण कर दिया गया है। प्रत्येक 12 साल में प्रयाग में गंगा-यमुना और अदृष्य सरस्वती नदियों के संगम पर महाकुंभ आयोजित होता है। 45 दिन चलने वाले इस कुंभ में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। 2013 में 20 करोड़ से ज्यादा यात्री प्रयाग पहुंचे थे। इस बार दोगुने से ज्यादा लोगों के पहुंचने का अनुमान इसलिए है, क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर बनने के साथ वाराणसी में काषी विष्वनाथ मंदिर का भी कायाकल्प हुआ है। साथ ही आवागमन के साधन बढ़े हैं। अतएव 4 तहसील और 67 ग्रामों की 6000 हेक्टेयर भूमि पर मेले में यात्रियों के लिए समुचित प्रबंध योगी आदित्यनाथ सरकार ने किए हैं। लोगों को आवाजाही में असुविधा न हो ? इसलिए मेला प्राधिकरण और गूगल के बीच हुए समझौते के अंतर्गत आवागमन मानचित्र (नेविगेशन मैप) की सुविधा मोबाइल व अन्य संचार उपकरणों पर दी गई है। इस सुविधा से यात्री गंतव्य की स्थिति और दिशा हासिल कर सकते हैं। इस मानचित्र में मेले की धार्मिक महिमा से जुड़े नदी-घाट, मंदिर, अखाड़े, संतो के डेरे, ठहरने के स्थल, होटल और खान-पान संबंधी भोजनालयों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। 29 जनवरी को पड़ने वाली मौनी अमावस्या को सबसे बड़ा पर्व स्नान माना है। अतएव इस दिन छह से दस करोड़ लोग गंगा में स्नान करने का अनुमान है। बांकी पांच पर्वों में 2 से 8 करोड़ लोग संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाने आ सकते हैं। वैसे तो सुरक्षा के लिए 37000 पुलिस और विभिन्न बलों के जवान तैनात रहेंगे, लेकिन इतने लोगों पर इन जवानों द्वारा निगाह रखना आसान नहीं है, इसलिए समूची कुंभनगरी में कृत्रिम बुद्धि आधारित कैमरे लगा दिए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर लगे इन 2400 कैमरों की आंख में एआई लैंस लगे हैं। अतएव ये चेहरे पहचानकर अपराधियों पर नजर रखेंगे। इस नगरी में जगह-जगह डिजिटल और बहुभाषी टच



स्क्रीन बोर्ड लगाए गए हैं। जिन पर किसी भी प्रकार की घटना की तत्काल शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। ये सुविधाएं मेले में दिन-रात उपलब्ध रहेंगी। महाकुंभ के इस पर्व पर ढाई हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। कुंभ मेले का इतिहास करीब एक हजार साल पुराना माना जाता है। आदि शंकराचार्य ने इसे प्रारंभ किया था। लेकिन प्राचीन भारत की पौराणिक कथाओं के आधार पर कुंभ का आरंभ समुद्र-मंथन के समय से माना जाता है। समुद्र-मंथन की कथा दुर्वासा ऋशि के अभिषाप से जुड़ी है। इंद्र ने जब दुर्वासा का अभिवादन नहीं स्वीकारा तो उन्होंने इंद्र का वैभव नश्ट होने का श्राप दे दिया। श्राप फलीभूत हुआ। इससे मुक्ति के लिए भगवान विश्णु की सलाह पर देव और देवताओं ने मिलकर क्षीर-सागर में मंथन किया। समुद्र-मंथन के अंत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के आविश्कारक वैद्य धन्वन्तरि एक हाथ में अमृत-घट और दूसरे में आयुर्वेद-ग्रंथ लेकर प्रकट हुए। अर्थात उनके कर-कमलों में मनुश्य के षारीरिक उपचार के प्रतीक रूप में जहां अमृत से भरा घड़ा था, वहीं किस रोग का उपचार कैसे किया जाए, उसकी पद्धति का पूरा षास्त्र भी था। अमृत देखते ही दानवों ने धैर्य खो दिया। वे विचलित हो गए। उसे हथियाने के लिए छीना-झपटी षुरू हो गई। इसी दौरान इंद्र ने अपने पुत्र जयंत को अमृत-कुंभ लेकर भागने का संकेत दिया। फलस्वरूप जयंत कलष छीन कर भाग खड़ा हुआ। दानव कलष छीनने के लिए जयंत के पीछे दौड़ पड़े। इस कुंभ को हड़पने के लिए देव एवं दानवों के बीच यह संघर्श 12 वर्शों तक चला। इस संघर्श के दौरान अमृत-कलष की बूंदें, जिन 12 स्थलों पर छलकीं, उसमें आठ स्थान स्वर्ग में हैं और हरिद्वार, प्रयाग, नासिक तथा उज्जैन पृथ्वी पर हैं। संघर्श में सहयोग और कलष की सुरक्षा की दृश्टि से जयंत की सहायता सूर्य, चंद्र और बृहस्पति ने की। इनके भी रक्षा के दायित्व निष्चित थे। सूर्य अमृत-कुंभ को फूटने से, चंद्रमा धरती पर गिरने से और बृहस्पति ने दानवों के हाथों में जाने से बचाया। इसीलिए दुनिया के सबसे बड़े मेले 'कुंभ' का आयोजन बृहस्पति, सूर्य व चंद्र के आकाषीय योग के अनुसार होता है। कलश प्राप्ति के संघर्श को विराम नहीं लगते देख देवता असमंजस की मनस्थिति में आकर खिन्न हो गए, तब विष्णु ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया, 'देवगण निश्चिंत रहें। मैं इस कलश को प्राप्त कर आपकी कामना को पूरा करने का उपाय करता हूं।' मुख से उद्घृत हुए इन शब्दों के साथ ही, विष्णु ने अत्यंत, सुंदर सुगठित देहयष्टि और चंचला प्रवृत्ति की मोहिनी स्त्री का रूप धारण कर लिया। संघर्श स्थल पर जब अप्सरा सी रूपवान स्त्री को देव व दानवों ने देखा तो एकाएक ठिठक गए। राक्षसों की मति व लालसा उस स्त्री की कांतिमयी देह की ओर आकर्शित होने लगी। देव व दानव जब एकटक निहारते हुए जड़वत हो गए तो स्त्री अवतारी विश्णु बोले, 'आप लोग किस कारण से झगड़ रहे हैं ?' इस प्रष्न के उत्तर में राक्षसों ने अमृत-कलष को लेकर छिड़े संघर्श का पूरा वृत्तांत सुना दिया। राक्षसों की कही बातें सुनकर वह स्त्री हंसी। जैसे उनकी मूढ़ता का उपहास कर रही हो। और फिर कुशलतापूर्वक राक्षसों पर वक्रदृष्टी डालते हुए बोली, 'हे दानवों ! तुम व्यर्थ ही अपना समय, शक्ति और ऊर्जा नष्ट कर रहे हो ? यदि चाहो तो मैं स्वयं ही यह अमृत एक समान भागों में बांटकर पिला सकती हूं। यदि सहमत हो तो बताओ ?' अंततः किंकत्र्तव्यविमूढ़ असुरों ने विष्व-मोहिनी के रूपजाल से सम्मोहित होते हुए अमृतपान कराने की सहमति जता दी। राक्षसों की प्रगट मंषा से अवगत होने के बाद मोहिनी ने देव और दानवों से निवेदन करके उन्हें अमृतपान के लिए अलग-अलग पंक्तियों में बिठा दिया। षंतिपूर्वक बैठने के उपरांत मोहिनी रूपी मायावी विश्णु देवताओं को अमृतपान कराते रहे, किंतु असुरों को साधारण जल पिलाते रहे। मायावी मोहिनी के रूपजाल से विस्मित सम्मोहित व विवेक खोए असुर, विष्णु की भेद से भरी इस लीला को नहीं समझ पाए। लेकिन कुछ विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्तियों में प्रच्छन्न माया को भी ताड़ने की कुदरती अंतदृश्टि होती है।

दृष्टि कोण

## नए रूप में साम्राज्यवादी शक्तियां

**संसद** के हालिया सत्र का एक बड़ा हिस्सा विवादित अमेरिकी उद्यमी जार्ज सोरोस को लेकर सत्तापक्ष एवं विपक्ष में तल्ख बयानबाजी की भेंट चढ़ गया। सोरोस उस अधिनायकवादी और साम्राज्यवादी विचारधारा के प्रतीक हैं, जो अपने वैश्विक दृष्टिकोण और व्यापारिक-रणनीतिक हितों के लिए वैश्विक भूगोल, इतिहास और संस्कृति को बदलने पर आमादा हैं। याद रहे कि पारंपरिक औपनिवेशवाद के दिन अब लद चुके हैं। अब न तो सैन्यबल से किसी समाज को नष्ट किया जाता है और न ही किसी देश पर कब्जे से। इसके बावजूद साम्राज्यवादी मानसिकता का अंत नहीं हुआ है। उसने केवल अपना चोला बदला है। अब इसके हथियार सांस्कृतिक, सामाजिक, मजहबी और आर्थिकी पर गढ़ा जाने वाला नैरेटिव है। विदेशी ताकतें लक्षित देशों में बिकाऊ लोगों की एक फौज खड़ी करती हैं, जो लोग इशारा मिलते ही उनके बनाए नैरेटिव पर अपने देश को विरूपित करना शुरू कर देते हैं। इससे माहौल बिगड़ना शुरू हो जाता है। अपने कुत्सित इरादों की पूर्ति के लिए सोरोस ने दुनिया भर में दांव लगाए हैं। इसी कड़ी में 94 वर्षीय सोरोस ने कई अमेरिकी मीडिया संस्थाओं में निवेश किया है। उनकी कुल संपत्ति 44 अरब डालर है, जिसका बड़ा हिस्सा उन्होंने 'मानवाधिकार' और 'लोकतंत्र' के नाम पर खर्च किया है। इस उपक्रम का उद्देश्य दुनिया को अपनी कल्पना के अनुरूप ढालना और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना है। यही कारण है कि सोरोस पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का आरोप है। वर्ष 1992 में इंग्लैंड के बैंकों को बर्बाद करके अकूत धन अर्जित करना, 1997 में थाइलैंड की करेंसी को गिराना, 2002 में फ्रांसीसी अदालत द्वारा अनैतिक-अनधिकृत व्यापार का दोषी ठहराना और कई देशों द्वारा सोरोस की संस्थाओं पर जुर्माना-प्रतिबंध लगाना इसके कुछ उदाहरण हैं। सोरोस और उनकी संस्था अपने नापाक एजेंडे की पूर्ति के लिए अक्सर समाजसेवा और परोपकार का मुखौटा लगाए रहते हैं। भारत सहित तमाम देश विदेशी ताकतों के व्यापक हस्तक्षेप के भुक्तभोगी रहे हैं। इसके प्रभावों की गहन पड़ताल भी हुई है। राजनयिक नरेंद्र सिंह सरीला ने अपनी पुस्तक 'विभाजन की असली कहानी' में लिखा कि अंग्रेजों ने दुनिया के इस हिस्से में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भारत का विभाजन करके इस्लामी पाकिस्तान को जन्म दिया था। इसके लिए अंग्रेजों ने 'भारतीयों' का ही उपयोग किया। अब सोरोस जैसे लोग भी उसी काम में लगे हैं। बीते दिनों सीरिया में जो हुआ, वह किसी से छिपा नहीं। उससे पहले बांग्लादेश भी नाटकीय घटनाक्रम का साक्षी बना। यह सब विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप और संघर्ष का परिणाम रहा। ऐसे में सोरोस का भारत के आंतरिक मामले में बार-बार दखल देना और उन्हें मिल रहा प्रत्यक्ष-परोक्ष भारतीय समर्थन हमें इतिहास के काले पन्नों की ओर ले जाता है। क्रूर आक्रांता औरंगजेब की मृत्यु के बाद भारत में मुगल शासन कमजोर पड़ा तो मराठा परचम अटक से कटक तक लहरा रहा था। तब सूफी प्रचारक शाह वलीउल्लाह देहलवी ने अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली को भारत पर आक्रमण के लिए लंबी चिट्ठी लिखी, क्योंकि वह 'काफिर' मराठों को पराजित कर भारत में पुनः इस्लामी राज स्थापित करना चाहता था। जब 1761 में पानीपत की तीसरी लड़ाई हुई, तब वलीउल्लाह द्वारा आमंत्रित अब्दाली को भारत में पश्तून रोहिल्लाओं, बलूचियों, शुजाउद्दौला आदि नवाबों के साथ स्थानीय मुस्लिमों का समर्थन मिला और उन्होंने मिलकर मराठों को पराजित कर दिया। इसने मराठाओं का बल घटा दिया, जो वर्ष 1803 के दिल्ली (पटपड़गंज) युद्ध में मराठों की अंग्रेजों के हाथों मिली पराजय का एक बड़ा कारण बना। वलीउल्लाह के विचार ही तालिबान के आधार रहे। यदि 18वीं शताब्दी में 'अपनों' ने अब्दाली को बुलाया नहीं होता या फिर मीर जाफर-जयचंद ने 'अपनों' को धोखा नहीं दिया होता, तो संभवतः भारत का इतिहास कुछ और होता। दुर्भाग्य से अब भी बहुत कुछ वैसा ही है। अपने निहित स्वार्थ की पूर्ति हेतु आज भी कई 'अपने' आत्मसम्मान और हितों को दांव पर लगा रहे हैं। कई अवसरों पर कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी असंतोष जता चुके हैं कि अमेरिका या कोई यूरोपीय देश भारत के आंतरिक मामलों पर कुछ क्यों नहीं बोलते। अगस्त 2020 में पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिवशंकर मेनन भी एक लेख के माध्यम से तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मोदी सरकार को अपनी नीतियां लागू करने के लिए 'फ्री-पास' देने पर आपत्ति जता चुके थे। ऐसे उदाहरण अंतहीन हैं।

कुछ अलग


## वक्त की आवाज़

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अमरावती में दिए वक्तव्य में धर्म के नाम पर पैदा की जा रही गलतफहमियां दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राममंदिर बनना तो ठीक है लेकिन इस तरह के नये-नये मंदिर विवाद खड़ा करना देश की सामाजिक समरसता के लिये ठीक नहीं है। उन्होंने स्वीकारा कि विविधता हमारा वर्तमान तो है लेकिन ये हमारे अतीत का हिस्सा भी रहा है। देश में विभिन्न धर्म-संस्कृति के लोग आते रहे हैं। प्रारंभिक मतभेद और कटुता को दूर करके भारतीय संस्कृति का हिस्सा बनते रहे हैं। जिससे विविधता के बीच एकता के सूत्र विकसित होते रहे हैं। यही वजह है कि बाद में कानून के जरिये तय हुआ कि आजादी के वक्त पूजा स्थल का जैसा स्वरूप रहा, उसे यथास्थिति में बनाये रखा जाये। निश्चित रूप से ऐसे विवादों को हवा देने से सामाजिक समरसता पर आंच आएगी व देश का विकास बाधित होगा। इसके बाद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य व कतिपय अन्य धर्मगुरुओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने बयान को भागवत की निजी राय बताया। निश्चित रूप से भागवत का बयान समय की आवाज है और बकौल भागवत धर्म की सतही समझ से सांप्रदायिक कट्टरता को बढ़ावा मिलता है। लेकिन यह बात विचारणीय है कि भागवत के बयान के विरोध में तो आवाजें उठी, लेकिन संघ प्रमुख के बयान के समर्थन में संघ के आनुषंगिक संगठनों व भाजपा नेताओं की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। जबकि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अमित शाह के ऐसे बयानों के समर्थन में पार्टी नेताओं में बयानबाजी की होड़ पैदा हो जाती है। समय की मांग है कि संघ प्रमुख के बयान में निहित संदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि संघ की स्थापना के मूल में हिंदुत्व की विचारधारा रही है। यही इस संगठन का आधार भी रहा है। ऐसे में जब संगठन की तरफ से प्रगतिशील विचार सामने आता है तो उसे सुना जाना चाहिए। उसका स्वागत किया जाना चाहिए। निस्संदेह, धर्म एक जटिल मुद्दा है और इसके वास्तविक स्वरूप को समझे जाने में चूक होने की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते सांप्रदायिकता को बढ़ावा मिलने की आशंका बलवती होती है। वहीं सवाल उठता है कि क्या भागवत के बयान वाला दृष्टिकोण संगठन में उदारवादी व सख्त नीति के बीच विभाजित हो रहा है? यही वजह है कि संघ व भाजपा नेताओं की तरफ से इस बयान को सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला है। इस बयान को बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां कट्टरपंथियों के वर्चस्व के रूप में देखा जा सकता है। भागवत की चिंताओं को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए। पूरी दुनिया में इस्लामिक कट्टरता के चलते संप्रदाय को अतिवाद के पोषक के रूप में देखा जाता रहा है। जिसके चलते इसकी छवि धूमिल हुई है। ऐसे ही यदि बहुसांस्कृतिक देश में कट्टरवाद को प्रश्रय दिया जाता है तो वैश्विक संदर्भ में देश की छवि पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। धर्म विशेष के नाम पर दुनिया में आतंकवाद की जो मुहिम चली है, उससे धर्म को हिंसा के पर्याय के रूप में देखा जाने लगा है। जिसको लेकर धारणा बनी है कि इससे धर्म की गलत व्याख्या की जा रही है। निश्चित रूप से ऐसे ध्रुवीकरण के प्रयासों से देश में विकास का एजेंडा हाशिये पर चला जाएगा। इसे उत्तर प्रदेश के उदाहरण के तौर पर देखा जाना चाहिए जहां नित नये विवादों को तूल देने के कारण सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि देखी गई। उदाहरण के तौर पर संभल में हुई घटना को देखा जा सकता है, जहां हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी। ऐसे कृत्यों से भारत के विश्वगुरु बनने के दावे तथा वसुधैव कुटुंबकम की सनातन परंपरा पर आंच आती है। जिसके लिए जरूरी है कि हमें अपनी बात को ऊंचा रखकर दूसरे विचार की अनदेखी की जिद से बचना होगा।

देश दुनीया से

## एआई व चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति की जगी उम्मीद

**पिछले** दिनों गूगल ने अपनी एक क्रांतिकारी क्वांटम चिप 'विलो' को दुनिया के सामने पेश किया। विलो क्लासिकल कंप्यूटरों की तुलना में जटिल गणितीय समस्याओं को तेजी से हल करता है। दावा है कि यह उन समस्याओं को 5 मिनट में हल कर देती है, जिन्हें करने में पारंपरिक कंप्यूटर को अरबों साल लगते। कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में कंपनी की क्वांटम लैब में यह चिप विकसित की गई है। विलो चिप में 105 क्यूबिट हैं। क्यूबिट्स पारंपरिक बिट्स की तुलना में स्वाभाविक रूप से तेज होते हैं। गूगल के अनुसार विलो के क्यूबिट को सावधानीपूर्वक जोड़ा गया है। यह क्यूबिट की संख्या बढ़ने पर त्रुटि दर को कम करने में सक्षम था। गूगल का लक्ष्य वर्तमान प्रणालियों से कहीं अधिक गति प्राप्त करके कंप्यूटिंग में क्रांति लाना है। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में लिखा, 'विलो ने पांच मिनट से भी कम समय में एक मानक बेंचमार्क गणना की। इसे करने में आज के सबसे तेज़ सुपरकंप्यूटरों में से एक को 10 सेप्टिलियन वर्ष लगेंगे। इतने साल तो ब्रह्मांड की आयु भी नहीं है।' फिलहाल गूगल की चिप द्वारा हल की गई समस्या का कोई तत्काल व्यावसायिक अनुप्रयोग नहीं है। हालांकि, कंपनी क्वांटम कंप्यूटरों को चिकित्सा, बैटरी तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार कर रही है, जो काम आज के कंप्यूटर नहीं कर सकते हैं। क्वांटम चिप एक विशेष प्रकार की कंप्यूटर चिप है जिसे क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों का उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो परमाणुओं जैसे छोटे कणों का विज्ञान है। क्वांटम कंप्यूटिंग गणना करने की ऐसी तकनीक है, जो परंपरागत कंप्यूटर से काफी अलग है। आज हम जो कंप्यूटर देखते हैं, वह बाइनरी गणना का इस्तेमाल करते हैं, यह 'बिट्स' पर काम करते हैं, जो या तो 1 या 0 हो सकते हैं। मतलब जो भी जानकारी हमारे सामने होती है, वह दरअसल 1 या 0 के रूप में होती है, और कंप्यूटर उसे लॉजिक का इस्तेमाल करके उस जानकारी को मानव द्वारा पढ़ने और समझने लायक बनता है। अगर हम क्वांटम कंप्यूटर की बात करें तो वह क्यूबिट्स पर काम करता है। यह क्यूबिट्स एक साथ 1 और 0 दोनों पर काम कर सकता है। एक क्यूबिट दो अवस्थाओं के रैखिक संयोजन को प्राप्त करने के लिए सुपरपोजिशन की क्वांटम मैकेनिकल घटना का उपयोग करता है, और जानकारी को बेहद कम समय में प्रोसेस कर देता है। विलो चिप की सफलता में एडवांस क्वांटम एरर करेक्शन की बड़ी भूमिका है। बहुत अधिक गलती होना लंबे समय से क्वांटम कंप्यूटिंग की बड़ी बाधा रही है। क्वांटम इंफॉर्मेशन की मूल इकाइयां क्यूबिट्स अपने वातावरण के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके चलते इसके कैलकुलेशन में गलती होने की संभावना रहती है। इस कमी के चलते क्वांटम सिस्टम के विस्तार होने पर इसकी गणनाओं को ठीक रख पाना मुश्किल हो जाता है। क्वांटम एरर करेक्शन से यह कमी दूर की गई है। इस सुधार का विलो को लाभ मिला है। हाल ही में नेचर पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट में गूगल ने बताया है कि कैसे विलो का क्वांटम एरर करेक्शन चिप को कम गलती के साथ बड़ी गणनाएं करने की अनुमति देता है। पिछले चार दशक से क्वांटम कंप्यूटर बनाने की कोशिशें चल रही हैं, पर दिक्कत यह आती है कि ऐसे कंप्यूटर तेजी के चक्कर में गलतियां भी करते हैं। काफी समय से वैज्ञानिक इस समस्या से मुक्ति का रास्ता ढूंढ़ रहे हैं। बात 1995 की है, जब एक अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर शोर ने यह अवधारणा दी थी कि क्वांटम कंप्यूटर तभी कामयाब हो सकता है, जब इसमें खुद ही गलतियों को सुधारने का कोई तरीका शामिल कर दिया जाए। अल्फाबेट का कहना है कि उसने अपने विलो चिप में गलतियां सुधारने की क्षमता शामिल करने में सफलता हासिल कर ली है। यह चिप गणना भी करेगा और साथ ही साथ गलतियों पर भी नजर रखेगा। उन्हें सुधारता हुआ चलेगा। गूगल की टीम ने दिखाया है कि क्यूबिट की संख्या बढ़ने पर गलती कम हुई है। यह 3×3 ग्रिड से बढ़कर एनकोडेड क्यूबिट के 7×7 ग्रिड तक पहुंच गई। अब गूगल का लक्ष्य अगले साल तक क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए वास्तविक दुनिया के उपयोग के मामले पेश करना है। एआई के लिए जिस तरह की क्षमता वाले कंप्यूटरों की जरूरत होती है, वैसे कंप्यूटर बाजार में बहुत ज्यादा उपलब्ध नहीं हैं। अभी तक एआई का पूरा बाजार अमेरिकी कंपनी एनविडिया के ग्राफिक विशेषज्ञों के हवाले है। माना जाता है कि इनके जरिये विलो चिप बड़ी उम्मीद बनकर आया है। उम्मीद है, इससे एआई का तेजी से विकास होगा और इसके उपयोग की परीकथा जैसी अनेक कल्पनाएं जमीन पर उतरती दिखाई देंगी। गूगल के अनुसार विलो चिप द्वारा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए आयाम प्राप्त करने में सफलता मिलेगी, विशेष रूप से नई टेक्नोलॉजी से हेल्थकेयर, एनर्जी और अन्य सेक्टर्स में रिसर्च को बेहतर कर, आम आदमी के लिए नए रास्ते खोलेगा। कुल मिलाकर विलो चिप कंप्यूटिंग क्षेत्र में एक विशाल छलांग मानी जा रही है, और ऐसा माना जा रहा है कि यह कंप्यूटिंग के भविष्य और उसके इस्तेमाल को हमेशा के लिए बदल कर रख देगा।



आप का नजरीया

## ड्रैगन के इरादों पर पैनी नजर जरूरी है

**आज** पूरी दुनिया रोबोटिक्स, ड्रोन और एआई के क्षेत्र में तेजी से प्रवेश कर रही है। यहां यदि हम ड्रोन्स के उपयोगों और प्रयोगों की बात करें तो इनमें क्रमशः जलवायु परिवर्तन की निगरानी, माल परिवहन, खोज और बचाव कार्यों में सहायता करना और कृषि आदि शामिल हैं। कोरोना काल में चिकित्सा सहायता पहुंचाने और परिवहन में ड्रोन्स की भूमिका किसी से छिपी नहीं हुई है। पाठकों को बताता चलूं कि ड्रोन एक उड़ने वाला एक रोबोट या मशीन है जिसे अपने एम्बेडेड सिस्टम में सॉफ़्टवेयर-नियंत्रित उड़ान योजनाओं का उपयोग करके किसी स्थान विशेष या रिमोट एरिया से कंट्रोल किया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि एक रोबोट स्वायत्त रूप से उड़ सकता है जो ऑनबोर्ड सेंसर और ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के साथ मिलकर काम करता है। ड्रोन्स का इस्तेमाल आज विभिन्न ऐतिहासिक इमारतों की थ्री-डी मैपिंग में,ई-कामर्स डिलीवरी में, विभिन्न मिलिट्री और रेस्क्यू आपरेशन्स में, विभिन्न सिक्योरिटी एजेंसियों द्वारा निगरानी के लिए, जासूसी के लिए, जंगली जानवरों की ट्रैकिंग/निगरानी के लिए तथा फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में किया जाता रहा है। आज विभिन्न तस्कर, माफिया ड्रोन्स का उपयोग मादक पदार्थों की तस्करी और हथियारों की अवैध तस्करी के लिए भी कर रहे हैं, यह देश-दुनिया के लिए एक नये खतरे के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ड्रोन ने आज युद्ध के चरित्र को बदल दिया है। आज के युग में सशस्त्र ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। पाठकों को जानकारी के लिए बताता चलूं कि हाल ही में रूस के कजान शहर में अमेरिका के 9/11 जैसा हमला हुआ। एक प्रसिद्ध न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यूक्रेन ने कजान पर 8 ड्रोन अटैक किए। इनमें से 6 अटैक रिहायशी इमारतों पर किए गए। इस संबंध में सोशल मीडिया पर हमले की घटना के कई वीडियो वायरल भी हुए जिनमें कई ड्रोन इमारतों से टकराते नजर आए तथा इन हमलों के बाद कजान समेत रूस के दो एयरपोर्ट्स को भी बंद कर दिया गया। इतना ही नहीं, हाल ही में हूती, हिज्बुल्लाह और ईरान ने भी इजरायल के खिलाफ जमकर ड्रोन हमले किए थे जिससे इजरायल को काफी नुकसान हुआ था। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज टेक्नोलॉजी मानवजाति के लिए सुविधा के साथ ही गंभीर खतरा भी बनती चली जा रही है। सच तो यह है कि अनेक देशों, विभिन्न आतंकवादी समूहों के बीच ड्रोन टेक्नोलॉजी का तेजी से प्रसार आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय (मानवजाति) के लिए एक नया व गंभीर खतरा बन गया है। आज संयुक्त राज्य अमेरिका, इज़राइल, यूनाइटेड किंगडम, पाकिस्तान, इराक, नाइजीरिया, ईरान, तुर्की, अज़रबैजान, रूस और संयुक्त अरब अमीरात, सीरिया, चीन जैसे देश ड्रोनों का प्रयोग हमले के लिए कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि संयुक्त राज्य अमेरिका, इजराइल और चीन विश्व में ड्रोन के सबसे बड़े उत्पादक और विक्रेता हैं। रिपोर्ट्स यह भी बतातीं हैं कि चीन तो ड्रोन्स की दुनिया का बादशाह है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले चीन ने तुर्की और अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक ड्रोन मार्केट पर कब्जा जमा लिया था और पिछले एक दशक में चीन से सबसे ज्यादा देशों को सबसे ज्यादा यूनिट आर्म्ड ड्रोन निर्यात किए।

# आरोग्य पार्क में नए साल पर उमड़ी सैलानियों की भीड़




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के विश्व विख्यात पर्यटन स्थल मां कौलेश्वरी हटवरिया गांव वन आरोग्य पार्क नए साल में सैलानियों की पहली पसंद बना रहा. कड़ाके की ठंड के बावजूद 2025 के पहले दिन को यादगार के लिए सैलानी बड़ी संख्या में कौलेश्वरी वन आरोग्य पार्क आए. पार्क में जिले के साथ-साथ सीमांचल राज्य बिहार के पर्यटक भी यहां आए खूब एंजॉय किया. पार्क में कहीं युवा जोड़ा सेल्फी लेता नजर आया तो कहीं घास पे बच्चे खेलते दिखाई दिए. हालांकि दोपहर के बाद सूरज निकलने से लोगों के चेहरे खिल गए. वहीं बच्चे झूला झूलते हुए तस्वीर खींचवाने में मगन दिखें. इस वर्ष पहली शुरुआत में है वन विभाग ने तालाब के बीचों - बीच भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा (मूर्ति) स्थापित कर पार्क में आकर्षण का केंद्र बना दिया है. पार्क में पहुंची बिहार डोभी के बहनों में राखी कुमारी ने बताया कि मां कौलेश्वरी मंदिर पूजा अर्चना के लिए आई थी देखा कि यहां वन विभाग ने पार्क बनाया है अंदर पहली बार इस पार्क में प्रवेश की उन्हें यहां की खूबसूरती काफी पसंद आई है. यहां पेड़ पौधों की कई दुर्लभ प्रजातियां देखने को मिली है जो कहीं और नजर नहीं आती है. यहां दूर से आये सैलानियों को देखकर भी अच्छा लग रहा है.

**सुरक्षा के लिए 20 पुलिसकर्मी तैनात रहें**

इस दौरान एक सैलानी अपनी छोटी बच्चियों के साथ जोरी से आई पूजा ने बताया कि ÷यहां आकर दिल खुश हो गया. बच्चियों को भी ये पार्क काफी पसंद आया है. वन विभाग के वनपाल चंदन कुमार ने बताया कि नए साल को खूबसूरत बनाने के लिए यहां आसपास के प्रखण्ड सहित सीमांत राज्य बिहार से भी हजारों सैलानी पहुंच रहे हैं. पार्क में सुरक्षा को लेकर तकरीबन 20 पुलिसकर्मियों को लगाया गया है.÷60 एकड़ क्षेत्र में फैला है पार्क चारों तरफ हरियाली और पहाड़ प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाते वन आरोग्य पार्क हंटरगंज प्रखंड से करीब 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित है. जो प्रकृति की हसीन वादियों के बीच जंगल, पहाड़ और हरियाली से घिरा हुआ है. यहां की चार-चांद लगा देता है. पूरे परिवार के साथ यहां पर सैलानी पिकनिक मनाने आ रहे हैं.

# पिकनिक को लेकर जन सैलानियों का उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत बलबल में नए साल के उपलक्ष्य में यहां अहले सुबह से ही काफी संख्या में सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी। सैलानी यह पहुंच बलबल स्थित गर्म जल कुंड में स्नान ध्यान कर मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना किया।वही सैलानियों ने पूजा अर्चना के बाद बलबल मुहाने नदी पिकनिक स्पॉट स्थल में पिकनिक का आनंद लिया।चतरा जिले के साथ-साथ अन्य जिलों से सैलानी पहुंचते हैं। और स्नान ध्यान कर मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर नव वर्ष की मंगल कामना करते हैं।इस दौरान मां बागेश्वरी मंदिर परिसर में सैलानियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य भी मौजूद थे।

## बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बेलगाछ समीप बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।बाइक दुर्घटना होने की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में कर अंतिम परीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। घटना बीते मंगलवार की देर रात की है।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति का शव की पहचान अब तक नहीं हो पाया है।फिलहाल अंतियपरीक्षण के लिए शव को सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है।वही सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त बाइक गिद्धौर थाना क्षेत्र के सिंदुआरी गांव का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

## दो चौकीदारों कि की गई विदाई



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में बीते मंगलवार की देर शाम विदाई समारोह आयोजित कर दो चौकीदारों को विदाई दी गयी।विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय मौजूद थे।पुलिस अधीक्षक ने दोनों चौकीदारों को माला पहनाकर स्वागत किया।साथ ही छाता अंग वस्त्र दे सम्मानित कर विदाई दिया। चौकीदारों में गिद्धौर के अशोक दांगी व गंगापुर के तैयब अली है। बताया गया कि दोनों चौकीदार गिद्धौर थाना में 37 वर्षों तक अपने कार्यों का निर्वहन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर अभियान एसपी ऋतिक श्रीवास्तव सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा, सीईओ अनंत सैंयम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत कई थाना प्रभारी के साथ पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## पत्रकार जुलकर नयन के 98 वर्षीय पिता हाजी मौलाना अब्दुल हाजी को हजारों लोगों ने किया सुपुर्द-ए-खाक

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेक बुजुर्ग हाजी मौलाना अब्दुल हाजी 31 दिसंबर की शाम 7.16 बजे 98 साल की उम्र में आखिरी सांस ली है। मृतक के तीन बेटे मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद मौलाना जुल्फिकार, पत्रकार जुलकर नयन और एक बेटी हैं। मौत की खबर सुनकर चतरा के एलजेपी विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी उर्फ ??बिरजू तिवारी, जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बद्रीप्रसाद वर्मा, अशोक दांगी, सुजीत जयसवाल समेत जिले से मुख्यालय के पत्रकारों समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मृतक को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे। मौके पर लोगों ने गमजादा परिवार को सांत्वना दी और मृतक की आत्मा की शांति की कामना की।मरहूम हाजी मौलाना अब्दुल हादी ने जीवन भर मस्जिद रशीदिया में इमामत के साथ अध्यापन का कार्य किया, उनके सादगीपूर्ण जीवन से हर कोई प्रभावित था। विवाद रहित आचरण उनके जीवन का नियम था। उनके हजारों शिष्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं। उनकी प्रार्थना में भाग लेने के लिए झारखंड के दर्जनों जिलों से लोग पहुंचे थे। मृतक के बेटे मौलाना जुल्फिकार ने जामिया रशीदुल उलूम में दोपहर दो बजे नमाज जोहर के बाद नमाज जनाजा पढ़ी और हजारों नम आंखों के साथ रशीदिया मस्जिद के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया।

# कौलेश्वरी मंदिर परिसर में लगा स्वास्थ्य शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** नववर्ष को मद्देनजर रखते हुए कौलेश्वरी मंदिर के परिसर में बुधवार सुबह से शाम 4 बजे तक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां कौलेश्वरी की पूजा अर्चना करने के बाद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस संबंध में कौलेश्वरी मंदिर विकास समिति सदस्य कुरकुर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर नववर्ष को मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है विश्व विख्यात मां कौलेश्वरी के दर्शन के लिए बहुत दूर - दूर से सैलानी आते है वही सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है यदि कोई श्रद्धालु को किसी प्रकार से दुर्घटना घटती है तो तुरंत प्राथमिक इलाज किया जाएगा वही यहां एम्बुलेंस भी उपलब्ध है। वही स्वास्थ्य विभाग टीम सहायक इरफान गनी ने बताया लोग आकर स्वास्थ्य का लाभ उठा रहे हैं सारे दवाईयां भी निःशुल्क दिया जा रहा है। मौके पर एनम ममता कुमारी, संचिता कुमारी, दानिश सह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम सनी राज के निर्देश पर 35 वर्षों से विवादित भूमि का हुआ निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बरवाडी में आपसी रैयत भूमि विवाद 35 वर्षों से चला आ रहा था। जो कि बहुत ही जटिल समस्या बनते जा रहा था काफी बार इन रैयतों के बीच आपसी समझौता पंचायत कर किया गया लेकिन फिर भी रैयतों की आपसी समझौता नहीं हो पाया इस भूमि विवाद को लेकर सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज पिछले रविवार को आकर विवादित भूमि का रैयतों द्वारा भूमि संबंधित जायजा लिया उसके बाद एसडीओ सनी राज के निर्देश पर पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींदर साहू, पत्थलगड़ा अंचलाधिकारी उदल राम बरवाडी मुखिया संदीप कुमार सुमन के ऊपर सोपा गया जोकि रविवार 01/01/2025 को प्रखंड प्रशासन जनप्रतिनिधि ग्रामीणों के साथ बैठक कर खतियानी रयत गोपी प्रजापति, धनु प्रजापति, मोदी प्रजापति के वंशजो में हरि प्रजापति, गोविंद प्रजापति मनोज प्रजापति, गोविंद प्रजापति, मुकेश प्रजापति, अशोक प्रजापति, मोहन प्रजापति,के परिवारों के बीच 35 वर्षो से चला या रहा भूमि विवाद का निपटारा दोनों पक्षों के सहमत से लिखित रूप से किया गया। जिसका खाता नंबर 46 प्लॉट नंबर 720 रकबा 80 डिसमिल का मामला था। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर मामला का निपटारा कर दिया गया। जहाँ बैठक में सिंघानी पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद, भुनेवर दांगी, मो,साराजुल सहायक शिक्षक देवकी दांगी, चंद्रमणि यादव, समेत सैकड़ो ग्रामीणों मौजूद थे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल




**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में नए साल के मौके पर हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली दुर्घटना में बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिलेश्वर यादव 48 वर्ष पिता धनेश्वर यादव,मिथुन यादव 30 वर्ष पिता प्रभु यादव, अशोक यादव 40 वर्ष पिता जगतु यादव सभी ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ से हेरंहज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान झाबर पंचायत अंतर्गत इचाक ग्राम के पास मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर गए ।और सभी घायल हो गए घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां दिलेश्वर यादव एवं मिथुन यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।वही दूसरी घटना बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर हेरहंज ग्राम के समीप साइकिल से अपने घर जा रहा संकेत उरांव 8 वर्ष पिता कर्मदेव उराँव हेरहंज निवासी खड़े ट्रैक्टर से जा टकराया और घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# अखंड रामायण पाठ के अवसर पर भंडारे का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखंड रामायण पाठ के पावन अवसर पर आईआरबी के द्वारा लातेहार डालडा फैक्ट्री में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और आईआरबी के जवान और स्थानीय लोग उपस्थित थे।भंडारे में प्रसाद के रूप में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए, जिनमें पूरी, सब्जी, दाल, और मिठाइयाँ शामिल थीं। इस आयोजन के माध्यम से आईआरबी ने समाज में धार्मिक और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया। भंडारे का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने इसका आनंद लिया। मौके पर उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा इन का लातेहार के सचिव ( मंत्री) प्रमोद पासवान उपाध्यक्ष मोहम्मद अशरफ खान, संयुक्त सचिव हरी लाल महतो, अंकेक्षक सरोज कुमार सुमन, द्वितीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पर क्षेत्रीय मंत्री उपेंद्रनाथ तिवारी सहित आईआरबी के जवान मौजूद थे।

# नए साल के आगमन होते ही पर्यटक स्थलों में उमड़ पड़ी लोगों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नये साल के आगन होते ही लातेहार जिले के नेतरहाट, सुगाबांध, लोधफॉल, मिर्चईया फॉल, तापा पहाड़, ललमटिया डेम समेत सभी पर्यटक स्थलों में सुबह से ही सैलानीयों की भीड़ उमड़ पड़ी । लोग अपने छोटे-छोटे बच्चों एवं अपने पूरे परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट स्थल पहुच तरह तरह के पकवान बना कर इसका लुफ्त उठाते नजर आए। साथ ही पिकनिक स्पॉट स्थल पर लोग अपने मनोरंजन के लिए छोटे-छोटे साउंड एंव डीजे की व्यवस्था कर झुमते नाचते देखे गये जिससे पूरा पर्यटक स्थल गीत संगीत के धुन में झूम उठा। वहीं सुरक्षा व्यवसथा को लेकर जिला प्रशासन ने जगह-जगह पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया है, ताकि पर्यटकों को



किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई उपाय किए गए हैं, जैसे कि पुलिस कर्मियों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं भी प्रदान की हैं, जैसे कि भोजन, पेय, और शौचालय की व्यवस्था।वही पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि हमने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय किए हैं। हमारे पुलिसकर्मी हर जगह तैनात हैं और पर्यटकों की मदद के लिए तैयार हैं। हमने सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए हैं ताकि हम पर्यटकों की गतिविधियों पर नजर रख सकें। उन्होंने आगे बताया कि ÷हमने पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं भी प्रदान की हैं। हमारे कर्मचारी पर्यटकों की मदद के लिए तैयार हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न होने दें।जिला प्रशासन के द्वारा किए गए इन उपायों से पर्यटकों को बहुत राहत मिली है। और वे अपने नए साल की शुरुआत को यादगार बनाने के लिए तैयार हैं। लातेहार जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा किए गए इन प्रयासों की सराहना की जा रही है।

# भीमा कोरेगांव का 207 वां शौर्य दिवस समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को पुराना ब्लॉक परिसर में अम्बेडकर विचार मंच के तत्वधान मे भीमाकोरे गाँव का 207 वीं शौर्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया।कार्यकम की अध्यक्षता मंच के मुख्य संरक्षक रविन्द्र राम एवं संचालन श्री राम ने किये। मुख्य अतिथि के रूप बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम साथ में कामरेड बिरजू राम की उपस्थिति रही। जहां कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के प्रतिमा एवं भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पाजलि अर्पित किए । इसके बाद भीमा कोरेगावं के वीर शहीदो के शौर्य स्तंम्भ पर एक मिनट के मौन के साथ दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं पुष्पाजलि अर्पित किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम की अगवाई कर रहे रविन्द्र राम ने कहा कि आज गर्व का दिन है । कहा कि जातीय उत्पीड़न और सामाजिक विसमता के खिलाफ लड़ते हुए हमारे महार वीर योद्धा शाहिद होकर हमें मुक्ति दिलाई वर्तमान में संविधान पर हमला हो रहा है जिसे हमें संविधान और लोकतंत्र के हिफाजत के लिए मजबूती के साथ लड़ना होगा । अम्बेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक कॉमरेड बिरजू राम ने कहा कि 1 जनवरी अपने आप मे खास दिन है 17-18 शताब्दी में दलितों की हालत गरीबो की हालत जानवर से भी खराब था जातीय उत्पीड़न और समाजिक विसमता चरम पर था खास कर महारास्ट्र के पेसवा राज मे दलितों पर महारो पर मार्शल क़ानून लगा कर गर्दन में मटका एवं पैरो मे घुँघरू एवं पीछे झाड़ू बांध कर जिल्लत की जिंदगी जीने के लिए मजबूर किया और इसी जातीय एवं सामाजिक उत्पीड़न के खिलाफ नहीं चाहते हुए भी मजबूरन सिद्धांनाक महार के अगुवाई मे अंग्रेजी सेना मे भर्ती होकर अपनी मुक्ति के लिए 500 सौ महार वीर योद्धा 28000 हजार मनुवादी पेसवा सेना को भीमाकोरे गाँव की धरती पर बुरी तरह हराकर अपना विजय पताका फहराते जातीय एवं सामाजिक उत्पीड़न से छुटकारा दिलाने की कोशिश हुई जिसे लेकर भीमा कोरेगावं शौर्य दिवस के रूप में याद किया जाता है।

# सड़क दुघर्टना में बाइक सवार तीन लोगों की हुई मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका थाना क्षेत्र के एनएच 39 डिग्री कॉलेज मोड़ के पास बुधवार की शाम 3=30 बजे बाइक और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार तीन युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है कि वह कहां के हैं। बताते चलें की मनिका थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के पास बाइक सवार और बोलेरो की सीधी टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक के परखचे तक उड़ गए ।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी साथ ही मानवता का परिचय देते हुए घायल युवकों को अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है।साथ ही पुलिस ने बोलोरो और चालक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**लातेहार में नहीं हो रहा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन:**

गौरतलब हो कि इन दिनों लातेहार में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं हो रहा है। हालांकि परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद भी मनचले युवक बेफिक्र होकर भीड़भाड़ इलाके में भी तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते नजर आ रहे हैं । इनके इस रवैया से सीधे-साधे लोगों को भुगतना पड़ रहा है।अक्सर सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। जबकि जिला प्रशासन के द्वारा हेलमेट पहनने को लेकर बार-बार लोगों को जुर्माना लगाकर चेताया जा रहा है इसके बावजूद भी लोग प्रशासन की बातों को अवेहलना कर बिना हेलमेट के ही वाहन चला रहे हैं। उनकी यही गलती के कारण सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मौते सिर पर चोट लगने के कारण हो रही है।

## नए वर्ष के पहले दिन मां भद्रकाली के दरबार पहुंचे विधायक



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नए वर्ष के पहले दिन इटखोरी स्थित ऐतिहासिक और पावन माँ भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव भी माँ भद्रकाली के दरबार पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में पहुँचते ही विधायक मनोज कुमार यादव ने पुजारियों के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के बीच मां भद्रकाली की आराधना की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर माता के चरणों में फल-फूल अर्पित किए और क्षेत्र के लोगों की भलाई व तरक्की की कामना की। पूजा के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास भी किया। विधायक मनोज यादव ने इस मौके पर कहा कि नववर्ष का यह पावन दिन मां भद्रकाली के चरणों में बिताना सौभाग्य की बात है। मैंने माता से प्रार्थना की है कि इस साल हमारे क्षेत्र के हर घर में खुशहाली और समृद्धि का वास हो। इस अवसर पर विधायक के साथ कई स्थानीय नेता और समर्थक भी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में छात्र की हुई मौत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग के हुड़हुड़ु में बुधवार की रात्रि तकरीबन 9.00 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें हजारीबाग के कोर्रा में रहकर पढ़ाई कर रहे बगोदर के अजय कुमार की मृत्यु हो गई । यह हादसा बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के हजारीबाग स्थित आवास के ठीक सामने हुआ। अजय हजारीबाग के कोर्रा रहकर पढ़ाई करता था। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण मजदूरी भी करता था। अपने किसी काम से वो हजारीबाग के हुड़हुड़ु आया था। यहां से लौटने दौरान रात 9:30 बजे हादसा हुआ।

**मौके पर ही हुई मौत :** जहां सड़क हादसा हुआ वहीं छात्र की मौत भी हो गई। जिस अनियंत्रित वाहन से यह सड़क दुर्घटना हुई वह वहां से भागने में भी सफल हो गया । इसके बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने हुड़हुड़ु चौक जाम कर दिया। लोगों का कहना था कि लगातार इस रोड में सड़क दुर्घटना हो रही है। सोमवार को भी एक बच्चा सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। इससे पहले भी एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई थी पर प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। जानकारी मिलने के बाद वरीय पदाधिकारियों के समझाने और आश्वासन के बाद लगभग रात 12 से आवागमन चालू हो गया।

## कोडरमा में अहिबरन जयंती और मिलन समारोह का आयोजन



**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** नए साल पर बुधवार को बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बरनवाल, बन्धन बैंक के प्रबंधक जय कुमार, कन्हैया लाल बरनवाल, निरंजन प्रसाद मौजूद थे। वहीं अतिथियों के साथ ही समाज के सतीश कुमार दीपू, शम्भू लाल, महादेव लाल और गोपाल प्रसाद ने महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन आरके बसन्त ने किया। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। समाज को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह समाज आगे बढ़ रहा है यह हर्ष का विषय है। रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने नए साल की शुभकामना देते हुए कहा कि इससे समाज की एकता को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज संगठित रहेगा तो आगे बढ़ेगा। बैंक प्रबंधक जय कुमार ने समाज की एकता पर बल देते हुए सकारात्मक कार्य करने की अपील की। इस दौरान आयोजित म्यूजिकल चेयर में रेखा बरनवाल, सोनी बरनवाल, श्वेता आनंद, जलेबी रेस में अमाया, तानवी, आरुही, चम्मच दौड़ जूनियर में ऋषिका बरनवाल, आरव, काव्या और सीनियर में तानवी, नित्या और प्रिंस आर्या विजयी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव समीर, निरंजन लाल, महादेव लाल, अक्षय बरनवाल, आशीष कुमार, संजय कुमार, विक्की बरनवाल, दिवाकर, रमेश, सुबोध, बिट्टू, राहुल, दीपक, उमेश लाल, दीपक, परमानंद, जनार्दन, कांता लाल, अशोक बरनवाल, प्रमोद, गोपाल प्रसाद, आनंद बरनवाल, सविता देवी, सीमा देवी, सुजाता बरनवाल, मधु कुमारी,, पूजा, चंचला, रीता देवी, रेखा देवी, अंजू बरनवाल, नीरा देवी, अंकिता, संध्या, ममता, आशा बरनवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान स्वर संगम म्यूजिकल रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रुप के सुधीर पांडेय, दीपक सिंह, आनंद मुखर्जी, विकास कुमार, प्रेम भारती, मोना कुमारी, आराधना देवी, राजा चौरसिया, पंकज कुमार ने भजन और गानों की प्रस्तुति दी।

## सिविल सर्जन ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**सतगांवा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगांवा का दिन औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएस ने उपस्थिति पंजी, दवा स्टाक पंजी, ओपीडी पंजी, प्रसव गृह, ओटी की जांच की। इस दौरान सिविल सर्जन ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पिछले दो माहसे इमरजेंसी सेवा बंद था, जिसे लेकर सतगांवां के जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसे लेकर स्थानीय जिला परिषद सदस्य नीतु कुमारी ने बोर्ड की बैठक में इस मुद्दे को उठाया वहीं विभिन्न दलों के नेताओं व समाजिक कार्यकर्ताओं ने भी आवाज उठाया । जिसके कारण पुनः फिर से इमरजेंसी सेवा सिविल सर्जन के निर्देश पर स्वास्थ्य केंद्र सतगांवा के प्रभारी डॉक्टर रामशीष कुमार द्वारा चालू किया गया । इधर पत्रकारों से बात करते हुए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि डॉक्टर को यहां के लोगों सहयोग करें डॉक्टर भी हमेशा यहां के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। मौके पर प्रभारी डॉ रामशीष चौधरी डॉक्टर आशीष कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे।

# कृषि निदेशक तिलैया डैम व माधोपुर केज का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही ।** कृषि निदेशक ताराचंद (आईए एस) द्वारा माधोपुर केज साइट का दौरा किया। इस दौरान केज कल्चर तकनीक से हो रहे मछली पालन की प्रगति का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर उपस्थित मत्स्य मित्र के साथ इस तकनीक के माध्यम से क्षेत्र में संभावित विकास एवं किसानों की आयवृद्धि पर चर्चा की। माधोपुर केज साइट जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार का एक बेहतरीन उदाहरण है। कृषि निदेशक के नेतृत्व और मार्गदर्शन से यह पहल क्षेत्र के किसानों को सशक्त बनाने और मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में सहायक होगी। इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार एवं मत्स्य मित्र प्रेम यादव, कल्याण यादव, राजू निषाद सहित अन्य मत्स्य मित्र उपस्थित थे। मौके पर मत्स्य मित्र प्रेम यादव ने बताया कि माधोपुर साइड में करीब 2 हजार केज से 2000 लोग मत्स्य पालन कर रहे हैं। जहां प्रति दिन की आमदनी 2 से 3 लाख रुपए की हो रही है। वहीं उन्होंने बताया कि केज में मत्स्य बीज का नुकसान होती है, क्षतिपूर्ति का मत्स्य पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है। इस व्यवसाय को डेवलप करने का भी उन्होंने आश्वासन दिया गया है।

# झरपो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में समय से पहले लटक जाता है ताला : मुखिया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत में स्थित करोड़ों की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र की कुव्यवस्था की बातों को सुनकर टाटीझरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने झरपो अस्पताल का निरीक्षण करने जब 1 जनवरी दिन बुधवार को दोपहर 2:41 में पहुंचे तो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में ताला लटका पाया. इस बात पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पंचायतवासियों द्वारा कई बार इस स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था को लेकर शिकायत मिली जिसे सुधार को लेकर चिकित्सक , एएनएम , जीएनएम को विधि व्यवस्था सुधार के लिए हिदायत दिया गया था लेकिन विडंबना है कि स्वास्थ्य केन्द्र मे कार्यरत सभी कर्मी अपने मन की मर्जी करने मे लगे रहते है। झरपो मुखिया ने कहा कि यह अस्पताल में झरपो भराजो पंचायत समेत आस पास के कई पंचायत से लोग प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा एवं प्रसव महिलाओं का आवागमन होता हैलेकिन यहाँ की स्थिति ऐसी रहती है की यहां के डॉक्टर, एएनएम,जीएनएम सहिया कर्मी,अस्पताल सुरक्षा प्रहरी भी गायब रहते है। जब मुखिया ने एएनएम तारावती कुमारी से पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर को सरकारी नियमावली के अनुसार शाम 3:00 बजे बंद करने का समय है। मौके पर कौलेश्वर मिश्र भी उपस्थित थे ।

# कोल खनन कंपनियों के खिलाफ ग्रामीणों के आंदोलन का 650 दिन पूरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा गांव में, जेएसडब्ल्यू मोतरा कोल खनन परियोजना, बादम कोल ब्लॉक एवं अदानी कोल ब्लॉक के खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन चरम पर पहुंच गई है। आंदोलन के 650 दिन पूरे हो गए हैं। ग्रामीणों का आंदोलन समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी मुख्य वजह है ग्रामीणों का आपसी एकजुटता। एनटीपीसी कोल ब्लॉक को लेकर अम्बाजीत गांव में हुई 23 दिसंबर को हुई इस जनसुनवाई रद्द होना आंदोलनकारियों की अपार सफलता मानी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अपने बच्चों के लिए हमें जान की कुर्बानी भी देना पड़े तो हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। जब हम लोग जमीन देना ही नहीं चाहते हैं तो जनसुनवाई और ग्राम सभा क्यों होती है। कंपनी 2016 की तरह डाड़ीकला गोलीकांड करवाना चाहती है ताकि ग्रामीणों से जबरन जमीन लेकर कंपनी कोयला खनन कर सके । आंदोलन को पूरे गांव के ग्रामीणों के द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसमें आंदोलन में शामिल नहीं होने वाले सदस्य को ?300 का आर्थिक जुर्माना भी देना पड़ता है। इतना ही नहीं गांव या आसपास गांव में कोल कंपनी के खिलाफ ग्राम सभा हो या जनसुनवाई हो नहीं पहुंचने वाले सदस्य पर 500 का आर्थिक जुर्माना भी लगाया जाता है। इन्हीं एक जूटता के कारण आंदोलन मजबूती से आगे बढ़ रहा है।


# नये साल के पहले दिन पिकनिक स्थल रहे गुलजार, मंदिरों मे भी दिखी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में लोगों ने नववर्ष की शुरुआत श्रद्धा और भक्ति के साथ की। शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ मंदिर जाकर भगवान के दर्शन किए। नए साल के सुखद और समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल जैसे नरसिंह स्थान मंदिर, महावीर स्थान, पंच मंदिर, इचाक स्थित बुढ़िया माता मंदिर इत्यादि जगहों पर ज्यादा भीड़ देखने को मिला। वहीं जिले के सभी पिकनिक स्थल दिन भर गुलजार रहे. पिकनिक स्पॉटों पर सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला सुबह से शुरू हो गया था। दिन चढ़ते चढ़ते पिकनिक स्पॉटों क्षेत्र सैलानियों से खचाखच भर गया। यह नजारा शाम तक बना रहा। हाड़ कपानें वाली ठंड के बीच सैलानी परिवार बच्चों और दोस्तों संग लजीज व्यंजनों, पकवान के साथ मटन चिकन फीस और अंडे से बना स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ व्हिस्की ब्रांडी पीने का दौरा चलता रहा। साथ ही कई स्थानों पर साउंड सिस्टम लगाकर युवा झूमते नज़र आये. सैलानी के अलावा घर गांव के लोग एक दूसरे को नए वर्ष की मंगल कामना देते रहे। यह सिलसिला रात तक चलता रहा। लोग एक दूसरे के सुनहरे भविष्य और खुशहाल जिंदगी की कामना करते नहीं थक रहे थे। सैलानियों का सबसे अद्भुत नजारा हजारीबाग के झील, कनेरी हिल, लोटिया जलाशय, नेशनल पार्क, रजडेरवा, शलपर्णी, हदहदवा दह, कुर्तिया, असना, तेतरिया, राजदहा, गोबरदाहा, अलौंजा, सीवाने नदी, सूर्य मंदिर तालाब, रामसागर तालाब ,चमेली झरना के अलावा अन्य पिकनिक स्थल दिन भर गुलजार रहा. घड़ी की सुई जैसे ही 12 पर पहुंची मोबाइल का रिंग टोन घन-घना उठा। लोग रिश्तेदार,परिजन और दोस्तों बाहर रह रहे दोस्तों को नए साल की शुभकामना देते रहे। हालांकि लगातार हो रहे हादसा के कारण इचाक और पदमा सीमा से सेट प्राकृतिक वादियों के सुंदर नजारा वाले क्षेत्र चमेली झरना में सैलानियों की भीड़ कम रही। नए साल के जश्न में खलल न पड़े इसे देखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग तेज कर दिया गया था। जगह जगह पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी।

# नववर्ष के जश्न में डूबे रहे कोडरमा के लोग, सभी आम और खास ने अपने तरीके से उठाया नववर्ष का आनन्द





प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा ।** बुधवार को नव वर्ष 2025 के उमंग में लोग सराबोर रहे। नववर्ष के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए भी लोगों ने कई तरह की तैयारियां की थी। वहीं वर्ष 2024 के अंतिम दिन की विदाई भी लोग पूरे उत्साह के साथ दिया। आधी रात के बाद नए वर्ष का जश्न शुरू हो गया। जहाँ लोग कड़ाके के ठंड में भी सड़कों पर उतर कर जश्न मनाते देखे गए। वहीं विभिन्न शोशल मिडिया साइट व फोन कर नए वर्ष की एक दूसरे को शुभकामनायें दी. इसके साथ ही हैप्पी न्यू इयर का दौर भी शुरू हो गया। हालांकि पूर्व के वर्षो की अपेक्षा इस बार साल के अंतिम दिन जिले के किसी भी जगह किसी तरह के सांस्कृतिक संध्या का आयोजन नहीं होने से लोगों में निराशा देखी गई। इधर, नववर्ष को लेकर पिकनीक स्पॉट गुलजार रहे। यहाँ सभी आम और खास ने अपने-अपने तरीके से नववर्ष का आनन्द उठाया।

खास तौर पर कोडरमा, तिलैया डैम, वृंदाहा वाटरफॉल, मरकच्चो के पंचखेरो, उरवां, डोमचांच के पेट्रो जलप्रपात, डोमचांच के परतंगो जंगल में भारी भीड़ जुटी। इस दौरान पुलिस सतर्क रही और कमोवेश सभी पिकनिक स्पॉट में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ साथ दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी। जहाँ समाचार लिखे जाने तक गत वर्षों की अपेक्षा शान्ति रही।

जिले के तिलैया डैम में डबल डेकर बोट भी आकर्षण का केंद्र है, जिसके कारण लोग यहां खींचे चले जाते है। वहीं डैम इलाके का सुंदर नजारा के साथ-साथ बोटिंग का लुफ्त लोग नववर्ष पर जमकर मनाया। पिकनिक के लिहाज से जिले के सबसे बेहतर क्षेत्र होने के कारण तिलैया डैम में नववर्ष पर काफी भीड़ उमड़ती है। यहां तक की दूसरे जिलों व प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पिकनिक मनाने आते है, इससे यहां विधि-व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन के लिए चुनौती भरा होता है। ऐसे में डीसी ओर एसपी ने एक आदेश जारी कर तिलैया डैम सहित जिले के कई पिकनिक स्पॉट, होटलों, ढाबों आदि जगहों में पुलिस अधिकारियों व दर्जनों पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी। साथ ही थाना प्रभारियों को भी चौकसी बरतने का निर्देश दिया था किसी भी स्थिति में विधि-व्यवस्था की समस्या ना हो।

## पिकनिक मनाकर लौट रहे युवकों की कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, पाँच घायल




**चौपारण (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के मैथन डैम से नया साल का जश्न मनाकर लौट रहे पांच दोस्तों की कार बुधवार की सुबह ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार मनोज कुमार ( 55 ), अजित कुमार (42), संतोष कुमार (42), कारू कुमार (41), अमरजीत कुमार (38) गंभीर रूप से घायल हो गए, जहां दो की स्थिति नाजुक बनी है। घटना की जानकारी देते हुए घायल अमरजीत ने बताया कि वे लोग डेल्हा गया बिहार के रहने वाले है। नए वर्ष के जश्न के लिए मैथन डैम गए थे। बुधवार सुबह एक जनवरी को वापस लौट रहे थे। चौपारण स्थित महूदी बारा के समीप चालक को झपकी आई और सुबह 9 बजे के आसपास एक ट्रक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। सभी कोई वाहन में सोए हुए थे अचानक वाहन टकराने की आवाज के बाद सबकी नींद खुल गयी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय युवकों ने घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चालक संतोष व मनोज को बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## श्री कोडरमा गौशाला में पहली रोटी गाय की योजना का हुआ शुभारंभ



**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** गाय को सदियों से पहली रोटी खिलाने की परंपरा चली आ रही है। शास्त्रों के अनुसार गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। गाय को पहली रोटी खिलाने से सभी देवी-देवताओं को भोग लग जाता है। वहीं गाय को पहली रोटी खिलाने के कई धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व भी है। हालांकि शहरों में बढ़ते फ्लैट कल्चर की वजह से यह परंपरा विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। श्री कोडरमा गौशाला समिति स्थापना के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रही है। इसके तहत पूरे वर्षभर गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने गायों को रोटी और गुड़ खिलाकर पहली रोटी गाय की योजना का शुभारंभ किया। कोडरमा गौशाला समिति के कार्यकारिणी सदस्य एवं पहली रोटी गाय की योजना के परियोजना निदेशक संजय अग्रवाल ने बताया कि सदियों से चली आ रही परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से गौशाला में पहली रोटी गाय की योजना शुरू की गई है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति गौशाला को 25 सौ रुपये का सहयोग राशि देकर 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक गौशाला में प्रतिदिन दो रोटी गौ माता को अपने नाम से खिलाने का पुण्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक 57 लोग पहली रोटी गाय की योजना का हिस्सा बन चुके हैं। इस योजना के तहत गौशाला में पलने वाली करीब 400 गायों के लिए 400 लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना से जुड़ने के लिए गौशाला समिति के किसी सदस्य या गौशाला से संपर्क किया जा सकता है। समिति के उपाध्यक्ष महेश दारूका ने बताया कि 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन दोपहर करीब 3 बजे से जिले की धार्मिक संगठन श्याम शरण में आज रे के द्वारा तृतीय वार्षिक श्याम महोत्सव का आयोजन गौशाला परिसर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को गौशाला से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ ने बताया कि आगामी 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन गौशाला परिसर में तुलादान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सनातन धर्म में तुलादान का विशेष महत्व है। भगवान श्री कृष्ण ने भी द्वापर युग में तुलादान किया था। तुलादान व्यक्ति की समृद्धि, पापों के नाश और आध्यात्मिक शुद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गौशाला में तुलादान को लेकर बुकिंग शुरू हो गई है। लोग अपना नाम सूची में दर्ज करवा सकते हैं। संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार उर्फ अरुण मोदी ने बताया कि गौशाला परिसर में तुलादान को लेकर पूरी व्यवस्था की गई है। लोग यहां अपने वजन के बराबर गौ आहार का दान कर सकेंगे। प्रदीप कंदोई ने कहा कि धरती पर यदि प्रत्यक्ष रूप से कहीं स्वर्ग है तो वह गौशाला है। यहां 33 करोड़ देवी-देवता समाहित गौ माता की उचित देखभाल सभी के सहयोग से की जाती है। उन्होंने लोगों को गौशाला से जुड़ने एवं गौशाला के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कि अपील की है। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य सज्जन शर्मा, मनोज चौधरी, विनोद पोद्दार, अंजू कंदोई, कुसुम चौधरी, किशु, कान्हा, यश, आरव खाटूवाला, पायल, समृद्धि, सरिता शर्मा, प्रीति गुटगुटीया, पायल खाटूवाला समेत कई लोग मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर में हुआ भव्य जागरण भक्ति कार्यक्रम का आयोजन



**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 31 दिसंबर को वर्ष 2024 को विदा और 2025 के स्वागत के अवसर पर सी.एच. स्कूल के समीप हनुमान मंदिर में भव्य भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ? संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके बाद 21 बार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके उपरांत भजनों की महफिल ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।भक्तिमय संध्या की शुरुआत राजेश मिश्रा के गुरुदेव दया करो... से हुई, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। सुधांशु पांडेय ने हाथ में त्रिशूल... गाकर जोश भरा, जबकि गोपाल ने नहीं बाटे नारियल चुनरी... गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राम कृपाल ने राम राम जपना... से सबको भगवान की भक्ति में डुबो दिया।इसके अलावा गणेश ओझा, सुशील सिन्हा, मनीष कुमार, आशुतोष भदानी, राकेश राजपूत समेत अन्य गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। श्रीराम जय राम जय जय राम और हनुमान लला की जय जैसे भजनों की गूंज से पूरा मंदिर भक्तिमय हो उठा।उपस्थित भक्तजनों ने बढ़ाई शोभा इस अवसर पर बी.एन.पी. वर्णवाल, अनिल भदानी, गोपाल दास, संगीता वर्णवाल, गीता देवी, सुचिता देवी, सविता देवी, बेबी देवी, बिनोद कुमार, दिनेश प्रसाद, राजेश कुमार, विवेक सिंह, मनोज चंद्रवंशी, चन्द्रशेखर जोशी,भैरो प्रसाद,अजय वर्मा, सुशील सिन्हा, अरविंद चौधरी, नारायण सिंह, बालमुकुंद पांडेय, राम स्वार्थ रजक, राजेंद्र प्रसाद मोदी, अनंत मोदी, महेंद्र चौधरी, डॉ. अनिल पांडेय, नवीन राजगढ़िया, अमर सिंह, मंटू सिंह, भैरव प्रसाद, सत्येंद्र सिन्हा, देवनारायण मोदी, विजय राम, आलोक गुप्ता समेत कई भक्त उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर मंडल के अध्यक्ष डॉ. बी.एन.पी. वर्णवाल ने सभी श्रद्धालु भक्तों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और भगवान हनुमान का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, इसकी कामना की। भक्ति, उल्लास और हनुमान भक्ति से सराबोर यह आयोजन सभी भक्तों के लिए अविस्मरणीय बन गया।

## आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर का होगा आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला आधार निगरानी समिति कि बैठक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में 0-5 वर्ष के सभी बच्चों एवं गर्भवती / धात्री माताओं के आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर का आयोजन दिनांक 03.01.2025 से सभी प्रखण्ड रामगढ़ जिला के पंचायत भवनों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक किया जाना है। शिविर आयोजन से संबंधित जानकारी निम्न है।स्थल- पंचायत भवन।03/01/2025 को चितरपुर- बड़किपोना।दुलमी- पोटमदगा, जमीरा, सिकनी।गोला- चोकाद, बेटूलकला, चाडी, कोराम्बे।मांडू- केदला नार्थ, नावाडीह, कर्मा नार्थ, कुज्जु पुर्वी, तोपा, बुमरी, सारूबेड़ा।पतरातू- भुरकुंडा, डूडगी।04/01/2025 को चितरपुर- भूचुंगडीह।दुलमी- कुल्हि, सोसो, दुलमी।गोला- बन्दा, मगनपुर, कुम्हारदगा (आंगनबाड़ी केंद्र डभातु के समीप), पुरबडीह।माण्डू -केदला मध्य, बड़गांव, कर्मा दक्षिणी, कुज्जु पश्चिमी, मंझलाचुम्बा, बारुघुटु पूर्वी, कुज्जु दक्षिणी। पतरातू- पटेलनगर, बारीडीह।

## ग्राम हेसला में भाकपा-माले ने खरसावां गोली कांड के अमर शहीदों को दिया श्रद्धांजलि



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 1 जनवरी 1948 को आजाद भारत अपने पहले जश्न मना रहा था।तब बिहार का खरसावां (अब झारखंड) में जिसे उड़ीसा में मिलाने का आदिवासियों ने विरोध कर रहे थे। आज से 77 वर्ष पूर्व 1 जनवरी 1948 को रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में मिलिट्री-पुलिस के द्वारा लगभग 50 हजार की भीड़ में अंधाधुंध फायरिंग कर जिसमें कई दर्जन आदिवासियों की हत्या की गई। खरसावां गोली कांड के तमाम अमर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने में सरयू बेदिया,लालकुमार बेदिया,रुप लाल बेदिया, प्रेमचंद बेदिया, करण बेदिया,गणेश बेदिया,यशोदा देवी,पंचमी देवी,पारो देवी आदि शामिल थे।

## नव वर्ष 2025 के पहले दिन लोगों ने मंदिरों एवं गुरुद्वारा में मत्था टेक किया पूजा अर्चना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्ष 2024 की विदाई और नव वर्ष 2025 के आगमन के मौके पर 1 जनवरी को जिले के मंदिरों गुरुद्वारा और पर्यटक स्थलों पर भीड़ देखने को मिलाद्य वहीं जिला के प्रसिद्ध पिकनिक स्थलों पर साल के पहले दिन लोगों ने जमकर उमंग और उत्साह के साथ जश्न मनायाद्य वर्ष 2025 के पहले दिन 1 जनवरी को जिला के विभिन्न मंदिरों में सुबह 7:00 से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना आरंभ हो गया द्य प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सुबह 7:00 से ही श्रद्धालुओं की कतार लगने लगी थीद्य जो देर शाम तक जारी रहा । वही रजरप्पा मंदिर के अलावा रामगढ़ के माता वैष्णो देवी मंदिर,टूटी झरना शिव मंदिर,बंजारी मंदिर,श्री संकट मोचन मंदिर, माया टुंगरी मंदिर मैं श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी । वही साल के पहले दिन जिला के पिकनिक स्थलों पर हजारों लोगों की भीड़ दिखाई दी। प्रसिद्ध पतरातु डेम और पलानी झरना क्षेत्र में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे । वही भैरवी जलाशय में भी बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंचेद्य इन स्थानों पर लोगों ने जमकर मौज मस्ती किया । इन स्थानों के अलावे भी विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पिकनिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी । रामगढ़ जिला पुलिस प्रशासन द्वारा पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई थीद्य पुलिस अधिकारी लगातार भीड़ वाले क्षेत्र पर नजर बनाए हुए थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए जी ई एम बिड आमंत्रित की जाती है। जी ई एम कस्टम बिड सं.: GEM/2024/B/5762331 date 30.12.2024.

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : वरीय अनुभाग अभियंता/विद्युत/धनबाद के अंतर्गत दो साल की अवधि के लिए तिलैया बांध पंप हाउस और कोडरमा फिल्टर पंप हाउस में स्थापित विद्युत (सा) परिसंपत्तियों की निगरानी, संचालन और रखरखाव। (कार्य समापन अवधि : चौबीस माह)। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹24,61,837.40, 3. बिड सिक्युरिटी: ₹49,200.00, 4. जी ई एम कस्टम बिड बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : जी ई एम बिड बंद होने की तिथि दिनांक 21.01.2025 को 11:00 बजे। जी ई एम बिड खुलने की तिथि दिनांक 21.01.2025 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट www.gem.gov.in.

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/01822/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24-25/32


## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ थाना अंतर्गत एक व्यक्ति की मृत्यु रांची हजारीबाग एनएच 33 पर गोवरदरहा चौक पर अज्ञात वाहन से धक्का लग जाने के कारण हो गई है। यह घटना संध्या करीब 5:00 बजे हुआ है मृतक के शव को सदर अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है । यह जानकारी रामगढ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया। रामगढ थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक का पहचान अभी तक नहीं हो पाया है मृतक का फोटो जारी किया गया है। किसी को भी इसकी प्रकार की जानकारी मिलने पर रामगढ़ थाना में संपर्क कर सकता है


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई:निविदा सूचना सं. एस.जी.664-25-संकेत-2024-25** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं० : 1. कार्य का नाम :** धनबाद मण्डल में लाइटनिंग एवं सर्ज प्रोटेक्शन सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग, मतारी और सिंगरौली स्टेशनों पर ईप्रतिष्ठानों के लिए आई. हेतु। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹ 80,83,857 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹1,61,700.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 17.01.2025 (12:30 बजे)। **5.** ऐसी ई:निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई.निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :-** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई.निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**

**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/01817/डीएचएन/एस&टी/टी/24-25/40**


# उपायुक्त ने जिले वासियों को दी नये साल की शुभकामनायें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** नव वर्ष 2025 के अवसर पर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। उपयुक्त ने कहा है कि वर्ष 2024 की तरह ही 2025 में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नियुक्ति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर जिले का विकास किया जाएगा वहीं उन्होंने सभी जिलेवासियों से भी रामगढ़ जिले के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की ।

# एनटीपीसी मजदूर यूनियन ने मजदूरो के साथ किया गेट मीटिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातू :** एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक द्वारा बुधवार को पीवीयूएनएल लेबर गेट के नजदीक मजदूर जागरूकता अभियान के तहत गेट मीटिंग किया गया। इस गेट मीटिंग में मजदूरों के विभिन्न समस्याओं को लेकर मजदूरों के साथ वार्ता हुई वही मजदूरों ने अपनी-अपनी शिकायत रखते हुए,यूनियन के नेताओं को बताया कि आए दिन न्यूनतम मजदूरी को लेकर मजदूरों को संघर्ष करना पड़ रहा हैईएसआई,ईपीएफ,पेमेंट स्लिप, हाजरी कार्ड आदि मामलों पर एजेंसियां गंभीर नहीं है। दूसरी तरफ कैंप एरिया में पानी,सड़क, ट्रांसपोर्टिंग की व्यवस्था ना के बराबर है। साथ ही मजदूरों ने बताया कि कैंटीन,पार्किंग विश्राम गृह,आदि की कोई व्यवस्था नहीं है।वहीं यूनियन नेताओ द्वारा मजदूरों सुरक्षा की जानकारी ली गई। यूनियन के नेता कामरेड मनोज कुमार महतो ने बताया कि एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक लगातार मजदूरों के लिए संघर्ष कर रही है जिसको लेकर वर्तमान समय में एक बड़े आंदोलन का रूप देने की तैयारी चल रही है। जिसके अंतर्गत जागरूकता अभियान ,संपर्क अभियान और मजदूरों को एक करने की पहल यूनियन कर रही है जिससे आगे की लड़ाई तेज हो सके। मौके पर कॉमरेड मनोज कुमार महतो, मनोज पहान, रमेश महतो, किशोर कुमार महतो, नरेश बेदिया, सनी लाल बेदिया, सूरज सिंह, रवि लकड़ा, रूपेश साहू,आनंद कुमार साहू, सोनू मिश्रा, शिव मिंज, विक्की कुमार ,विकास यादव, मनीष कुमार, दिनेश कुमार, सुजीत बेदिया और सोनलाल बेदिया आदि उपस्थित थे।

# आरसीएमयू ने उरीमारी के तीनों परियोजना के अधिकारी व कर्मचारीयों को उपहार देकर नव वर्ष कि दी शुभकामनायें

प्रभात मंत्र संवाददाता



**उरीमारी :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) के क्षेत्रीय सचिव सह हजारीबाग कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजू यादव ने बरका सयाल प्रक्षेत्र के उरीमारी परियोजना के बेस वर्क शॉप, परियोजना कार्यालय, पोटगा वर्क शॉप,33/11 द्मङ्क सब स्टेशन, फिल्टर प्लांट, उरीमारी साइडिंग,बिरसा परियोजना के वर्क शॉप,परियोजना कार्यालय, आदि जगहों पर जाकर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर नव वर्ष कि शुभकामना संदेश दिए। वहीं बिरसा परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार के साथ नए वर्ष के शुभ अवसर पर कर्मचारियों के बीच सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी कर्मचारियों को सम्मानित किए। वहीं इस मौके पर उरीमारी परियोजना के शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, क्षेत्रीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति सदस्य सह ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एम्पलाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल के शाखा सचिव गणेश राम,पूर्व पंचायत समिति सदस्य कानू मरांडी,अली हसन खान,दीपक विश्वकर्मा, टहल गोप संजय यादव, सुखदेव मांझी,चंदू जैसवाल,अमित कुमार रॉय,दीपक यादव, सीबू हेंब्रम, मन्नू टुडू ,नथु प्रसाद, आलमगीर, कामेश्वर कुमार, अनिल कुमार, भूपेंद्र किशोर, जय प्रकाश, चरकू यादव, रतन पावरिया, रवि पावरिया, राधे श्याम रजक,पप्पू यादव, बिनोद प्रजपति, संजय सिंह, भोला यादव, महेंद्र कुमार,बीरेंद्र बारीक, राजेंद्र गंझू, गोपाल मांझी, सरजू पासी,विश्राम सोरेन, प्रतिमा दास, अर्चना कुमारी, कौशल्या देवी , अनीता कुमारी, सरिता करमाली, शांति देवी, मंजू देवी, सुधनी कुमारी, किरण देवी, राधा देवी, सीव नारायण गंझू, चंद्र भान प्रसाद, सियाराम नोनिया आदि लोग मौजूद थे।

# डाड़ी प्रखंड में नव वर्ष पर डीजे की रही धूम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** डाडी प्रखंड के सभी पिकनिक स्थल पर डीजे साउण्ड के धूम के साथ नव वर्ष पर विभिन्न स्थानों पर बच्चों एवं लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। डाडी प्रखंड के गांधौनियां में भी सुबह से हीं लोगों ने पहुंचकर नहाकर मंदिर में पूजा अर्चना कर नये साल की शुरुआत की तथा छोटे बडे नदियों के किनारे जाकर लोगों ने पिकनिक मनाया। डाडी प्रखंड में मछली, मुर्गा, खस्सी खाकर एवं तरह-तरह का व्यंजन बनाकर लुत्फ उठाएं और लोगों ने नये साल पर एक दूसरे को बधाईयां दिया पिकनिक में माहिरा कलीम, आलिया परवीन, असफिया कलीम, अली अख्तर, मिजान अहमद, आयशा अहमद, अरमान अख्तर और काफी लोग मौजूद थे

## नवजवान समिति ने सिरका में जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** नवजवान संघर्ष समिति के तत्वावधान में बुधवार को सिरका बाल मंडली और मुंडा पट्टी में जरूरतमंदों, बुजुर्गो और बिधवा माताओ के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रणधीर गुप्ता उपस्थित थे। कंबल वितरण कार्यक्रम में 100 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल दिया गया। मौके पर मौजूद बच्चो के बीच मिठाइयां और चॉकलेट बांटा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रणधीर गुप्ता ने कहा कि नवजवान संघर्ष समिति हमेसा जरूरतमंद लोगों व असहाय लोगों की सेवा में ततपर रहता है। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समिति के तरफ से कंबल वितरण किया गया। मौके पर समिति के लालू सिंह, संतोष सिंह, गरीबा भुईया, अनिल चौधरी, अरुण दास, रंजीत उपस्थित थे। कार्यक्रम में रीना देवी, बीलासू देवी, कुंती देवी, चमकी देवी, सोनिया देवी, लखनी देवी, सोमरी देवी, उषा देवी, मूर्ति देवी, सुंदरी देवी सहित 100 महिलाओ को कंबल दिया गया।

## खरसावां गोली कांड के शहीदों का भाकपा माले ने मनाया 77वां शहादत दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** 1 जनवरी 2025 को भाकपा- माले, पुराना चुंबा पंचायत के ग्राम कंजगी में पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होकर 01 जनवरी 1948 को खरसावां गोली कांड के शहीदों के प्रति सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही तत्पश्चात जोरदार तरीके से नारे लगाए गए. झारखंड को कॉर्पोरेट लूटखंड नहीं बनने देंगे! जल- जंगल- जमीन है जनता की, अडाणीकी जागीर नहीं! पेसा कानून लागू करो-पांचवी अनुसूची लागू करो! खरसावां के शहीदों को हूल जोहार,लाल सलाम।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा-माले जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने बताया कि आज से 77 वर्ष पूर्व 1 जनवरी 1948 को रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में झारखंड के खरसावां में शाहीद आदिवासियों के याद में यह श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। 1 जनवरी 1948 को जब आजाद भारत अपने पहला जश्न मना रहा था। तब बिहार का खरसावां (अब झारखंड) में अपने खून अपनों के द्वारा बहाया जा रहा था। 1 जनवरी 1948 खरसावां हाट में 50हजार से अधिक आदिवासियों की भीड़ पर ओड़ीसा मिलिट्री- पुलिस ने अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिसमें कई आदिवासी मारे गए थे। वहां एकजुट होकर आदिवासियों ने खरसावां को ओड़ीसा में मिलाने का विरोध कर रहे थे। श्रद्धांजलि सभा में जिला कमेटी सदस्य जयनंदन गोप, मांडू प्रखंड कमेटी सदस्य लालचंद बेदिया, रामवृक्ष बेदिया, कांति देवी, रूपन गोप, अदेश्वर गोप,राजेश गोप, संझवा देवी, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी, इतवारिया देवी, सुगनी देवी, शीतल कुमारी, संगीता कुमारी, किटकरी देवी न्य सैकड़ों लोग शामिल थे।

## रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में दर्शन के लिये साल के पहले दिन रही श्रद्धालुओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नए साल के पहले दिन की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित देश के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे. साल के पहले दिन मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार, रामगढ़ एसपी अजय कुमार समेत कई वरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने भी माता के दरबार में माथा टेका और मां का आशीर्वाद लिया। हजारीबाग क्षेत्र के नव पदस्थापित डीआईजी संजीव कुमार ने भी माता के दरबार में मत्था टेका और मां से आशीर्वाद लिया और फिर पदभार ग्रहण करने के लिए हजारीबाग रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामगढ़ एसपी हमारे साथ हैं, मां के आशीर्वाद से क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे. विधि व्यवस्था स्थापित करने के लिए जो व्यवस्थाएं हैं, उसके तहत काम किया जाएगा.मंदिर के वरिष्ठ पुजारी सुबोध पंडा ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है. श्रद्धालु साल के पहले दिन मां की पूजा कर अपने साल की शुरुआत कर रहे हैं और मां से आशीर्वाद ले रहे हैं. झारखंड व आसपास के इलाकों से श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी मनोकामना मांग रहे हैं और मां की पूजा कर रहे हैं. इतना ही नहीं, भक्ति के साथ-साथ लोग यहां के मनोरम दृश्य का भी आनंद उठा रहे हैं और दामोदर भैरवी नदी के संगम पर अपने परिवार के साथ मौज-मस्ती और पिकनिक मना रहे हैं.प्रकृति की गोद में बसे मां के प्रांगण के आसपास विभिन्न पिकनिक स्पॉट हैं, जहां श्रद्धालु पिकनिक मनाते और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते देखे गए. मां छिन्नमस्तिका मंदिर में साल के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामगढ़ जिले के पुलिस कप्तान मोर्चा संभाले हुए थे. श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे आसानी से मां का दर्शन कर सकें, इसके लिए मंदिर परिषर में जिला पुलिस पदाधिकारी और जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे. श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल मंदिर न्यास समिति द्वारा रखा गया।

# नव वर्ष पर गुलजार रहा उरीमारी दामोदर नदी किनारा, लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनो का उठाया लुत्फ़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**उरीमारी :** नववर्ष 2025 के आगमन पर सयाल-उरीमारी क्षेत्रों में बुधवार को पिकनिक स्पॉट उरीमारी दामोदर नदी लोगों से गुलजार रहा। यहां पीकनीक मनाने की धूम रही। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ नाचते गाते अपने आप को नव वर्ष पर सराबोर होकर पिकनिक का आनदं उठाया।सयाल-उरीमारी दामोदर नदी का पिकनिक स्पॉट प्रतिदिन सैलानियों के लिए बाहें फैलाए इंतजार करते रहती है। यहां प्रत्येक नये वर्ष के मौके पर पिकनिक मनाने के लिए उरीमारी ,सयाल,सौदा, भुरकुंडा,सौदा बस्ती,सौदा डी, भदानीनगर आदि क्षेत्रों से हजारों लोग आया करते हैं। वहीं साथ ही लोगों ने नव वर्ष पर एक-दूसरे के गले मिल नववर्ष की शुभकामनाएं दी। लोग सुबह से ही अपने-अपने घरों से पिकनिक स्पॉटों के लिए निकले जहां जमकर मौज-मस्ती कि। नववर्ष उत्सव को लेकर लोगों का कहना है कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है।लोगों ने कहा कि पिकनिक के दौरान लोग एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। इससे मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। लोगों ने कहा कि पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित एवं फ्रेसटेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है। लोगों ने कहा कि पिकनिक तरोताजा व आनंदित होने का एहसास तो कराता ही है, यह आपसी प्रेम व भाईचारगी को और प्रगाढ़ भी करता है।

# निधि इवेंटस द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर धूम मशाला कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रांची रोड स्थित गंगा रेजंसी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को निधि इवेंटस द्वारा धूम मचाले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जाने माने समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर गुप्ता, विनोद कुमार, रंजन फौजी, हरि रत्नम साहू एवं निधि इवेंटस के राजू कैंथ मौजूद थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत गणेश वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ। धूम मशाला कार्यक्रम के दौरान कोलकाता से आए प्रसिद्ध डीजे श्रेया ग्रूप द्वारा पेश गायन और नृत्य में उपस्थित लोग थिरकने को विवश हो गए। इस क्रम में ग्रूप ने बेहतरीन गायन और नृत्य का नमूना पेश किया। डीजे ग्रूप के बेहतरीन कार्यक्रम से उपस्थित लोग इतने मंत्रमुग्ध हो गए की कार्यक्रम के दौरान घंटो थिरकते रहे। कार्यक्रम के दौरान दिप्ती और पार्थो प्रतीम द्वारा एक से बढ़कर एक गाने पेश किये गये।इस क्रम में आज की रात मजा हुस्न का लीजिये......, सहित कई गाने पेश किये गये जिसपर उपस्थित लोग जमकर थिरकते रहे। साथ ही झारखंड के नजराज ग्रूप के कलाकरों द्वारा एक से बढ़कर एक डांस पेश किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी अमित कुमार सिन्हा ने लोगों को नववर्ष की शुभकामाएं देते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रम का काफी महत्व है। क्योंकि इस तरह के कार्यक्रमों से जहां लोगों में उत्साह का संचार होता है वहीं, लोगों के बीच आपसी मेलजोल भी बढ़ता है। इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रम काफी महत्पवूर्ण होते हैं।कार्यक्रम की निर्णायक मंडली में आरडी शर्मा, महेंद्र मोदी, अन्नू सिन्हा, सूरज जायसवाल, शामिल थे। निर्णायक मंडली द्वारा कार्यक्रम के दौरान लक्की कूपन से 10 लोगों को नवाजा गया। जबकि 3 लोगों को लक्की कपल से नवाजा गया। वहीं, अमितेष प्रकाश व पूनम सिंह को वेस्ट कपल के खिताब से नवाजा गया। साथ ही नितिन कपूर व पत्नी मनीषा को द्वितीय और पूलक व पत्नी आलिया को तृतीय वेस्ट कपल के खिताब से नवाजा गया। मौके पर सत्येंद्र गांधी, संतोष गुप्ता, राजू राठौर, रोहित, हीना कोटेचा, देव कुमार, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कार ने बिजली पोल में मारी टक्कर, कई घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जेसी मल्लिक मोड़ के समीप बुधवार की अहले सुबह एक कार ने डिवाइडर में लगे बिजली पोल में जा टकराई। जिससे कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्टील गेट की तरफ से आ रही सैंट्रो कार संख्या छ्र10ड्ड3777 नंबर की कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में जा टकराई। टक्कर के बाद वाहन के आगे का हिस्सा व पीछे की कांच बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय लोगों की माने तो कार में दो से तीन युवक सवार थे। जिन्हें काफी चोटें आई है। जिनका इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। वही मामले की जानकारी सदर पुलिस को दे दिया गया है।

## झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास ने किया निरीक्षण

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रांतीय यादव महासभा झारखंड के प्रदेश



अध्यक्ष पीतांबर दास नव वर्ष के अवसर पर बुधवार को यादव महासभा भवन पहुंच कर निरीक्षण किए। इसके पूर्व धेया ललिता भवन में यादव महासभा के जिला अध्यक्ष आरएन सिंह, प्रदेश आईटी सेल प्रभारी राम नारायण, संचितानंद यादव, शिव जी यादव, बैजनाथ यादव ने गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया। ततपश्चात जिला यादव कमेटी के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक किया। जिसमें धनबाद जिला में संगठन की मजबूती, यादव महासभा भवन का उद्घाटन, जिला प्रतिनिधि परिचय सम्मेलन आदि विषयों पर चर्चा हुई। यादव महासभा भवन निरीक्षण के पहले सहयोगी नगर में भुवनेश्वर यादव समाज की ओर से नववर्ष बंधु मिलन आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और समाज के साथ बनभोज मे शालिम हुए। प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास ने सभी यदुवंशीयो और युवाओं को नव वर्ष की बधाई दिया। प्रदेश महासचिव नीतू सिंह यादव के तबियत खराब होने की सूचना पर धनबाद जिला अध्यक्ष आर.एन. सिंह के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष पीताम्बर दास श्रीमती सिंह के आवास कार्मिक नगर पहुंच कर हाल चाल पूछे।

## कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत कथा का शुभारंभ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनसार मोड़ स्थित सिद्धिविनायक होटल



में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन धूमधाम से शुरू हो गया। कथा का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जो शक्ति मंदिर से निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भक्ति के रंग में झूमते-नाचते नजर आए। कलश यात्रा के दौरान गाजे-बाजे की धुन पर राधा-कृष्ण के रथ पर सजीव झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए इस यात्रा को और पवित्र बना दिया। भागवत कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचिका जया किशोरी अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को कृष्ण की लीलाओं और धर्म का संदेश देंगी। आयोजन स्थल को पूरी तरह से भक्ति मय वातावरण में सजाया गया है। कथा के दौरान भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति के अनुसार, तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। पूरा धनबाद इन दिनों भक्ति की लहर में डूबा रहेगा। कलश यात्रा और कथा के इस आयोजन ने शहर में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। श्रद्धालुओं ने इसे एक अनोखा अवसर बताते हुए कहा कि जया किशोरी की कथा सुनना उनके जीवन का सौभाग्य है। धनबाद वासियों के लिए यह आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा से भरने वाला है।

## आदिवासी समाज के धार्मिक स्थलों पर पूजन सामग्री की मांग

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण




विभाग ने एक पत्र जारी कर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को सूचित किया है कि आदिवासी समाज के धार्मिक स्थल जिसमें जाहेर स्थान, सरना स्थान इत्यादि शामिल है पर पूजन सामग्री की व्यवस्था सरकार कराए। इसके लिए सभी प्रखंड को पत्र भेज दिया गया है। इसी आलोक में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन के नेतृत्व में समाज के लोगों ने एग्यारकुंड प्रखंड पहुंच कर अपने धार्मिक स्थलों के लिए पूजन सामग्री की सूची सौपा है और इसे अति शीघ्र उपलब्ध करने की मांग किया है।

## वन भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तोपचांची प्रखंड के अन्तर्गत चलकरी



विधालय परिसर में एक आयोजन प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी को बिरहोरो की के लिए वनभोज एवं बिरहोरो के सम्मान के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें बिरहोर परिवार के लोगों के बीच कम्बल, शॉल और बच्चों के बीच में टोपी का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टुण्डी विधानसभा विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अपने हाथों एवं सहयोगीयो के हाथो वितरण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से धनबाद एसएसपी पी जनार्दन, बाधमारा डीएसपी, तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज अहमद, अंचल अधिकारी संजय कुमार सिंह, पूर्व वियाडा अध्यक्ष विजय झा, तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चोधरी, तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष लाल चन्द महतो, अलाउद्दीन अंसारी, अकबर अंसारी, शिबू मंडल एवं सैकड़ों के तयदाद में झामुमो के कार्यकर्ताओं की भीड़ रही और सभी को नववर्ष की बधाई के साथ वन भोज का आंनद उठाते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नये साल के पहले दिन हुई हत्या से फैली सनसनी,आक्रोशित लोगों ने किया थाने का घेराव, पुलिस ने की लाठी चार्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के विकास नगर में रवि नामक एक युवक की हत्या की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक युवक कोयला कारोबारी पप्पू मंडल के पास काम करता था। रोज की तरह वह घटना वाले दिन भी घर से काम पर निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा तलाश के दौरान सूचना मिली कि युवक की हत्या कर दी गई है। उसकी लाश विकास नगर के एक नाले में पाई गई। मौके पर बैंक मोड़ थाना की पुलिस टीम ने पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हत्या के आरोप में एक युवक को हिरासत में लिया गया है।

**थाने का घेराव और रोड जाम**

हत्या की घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने बैंक मोड़ थाने का घेराव कर दिया। उन्होंने आरोपियों को उनके हवाले करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बैंक मोड़ के मुख्य मार्ग पर टायर जला कर यातायात बाधित कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब भीड़ ने जबरन थाने में घुसने का प्रयास किया। जिसके बाद बैंक मोड़ पुलिस ने उन्हें समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन मृतक युवक के परिजन उग्र होकर प्रदर्शन करते रहे। जिसके बाद बैंक मोड़ पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

**पुलिस का बयान**

बैंक मोड़ थाना के अधिकारियों ने बताया कि हत्या के आरोप में एक युवक को हिरासत में लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि धनबाद में बढ़ते अपराधों की घटना चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

## झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय पिकलबॉल रैंकिंग टूर्नामेंट में दिखायेंगे दमखम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पिकल बाल झारखंड एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि भुवनेश्वर में 3 से 5 जनवरी तक आयोजित होने वाले आरवाईएफ राष्ट्रीय पिकलबॉल रैंकिंग टूर्नामेंट में झारखंड के 35 खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार के नेतृत्व में यह दल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा।इस टूर्नामेंट में झारखंड के अनुभवी खिलाड़ी और ऑल इंडिया पिकलबॉल के वरिष्ठ सदस्य गौरव कुमार भी मैदान पर उतरेंगे। उनके साथ मुंबई में संपन्न वर्ल्ड पिकलबॉल चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट सोनू कुमार विश्वकर्मा भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।इसके अलावा रांची जिमखाना क्लब के खिलाड़ी दीपक अग्रवाल, सुचेता, प्रचेता, शशि कुमार, जैद, दीपक, जिगर और अन्य खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।झारखंड पिकलबॉल संघ ने खिलाड़ियों की तैयारी और रणनीति को लेकर व्यापक योजना तैयार की है। संघ के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और राज्य के लिए सम्मान अर्जित करें।झारखंड के खिलाड़ियों के इस प्रयास से न केवल खेल को बढ़ावा मिलेगा बल्कि राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी मिलेगी।

## सांसद निधि की राशि बढ़ने से सांसद अपने क्षेत्र में हो जायेंगे और मजबूत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सब कुछ अगर ठीक-ठाक रहा तो आने वाले समय में सांसद अपने इलाके में और अधिक मजबूत हो जाएंगे। जन सरोकार के कार्य अधिक कर सकते हैं। जानकारी निकल कर आ रही है कि सांसद निधि की राशि को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करने पर विचार हो रहा है। संभावना अधिक है कि यह राशि 10 करोड़ हो जाए। इसके लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना पर नवगठित संसदीय समिति की 7 जनवरी को पहली बैठक प्रस्तावित है। यह समिति मौजूदा 5 करोड़ को बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करने पर विचार कर सकती है। इस समिति के अध्यक्ष राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश हैं। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर भी विचार किया जाएगा। दरअसल, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा ने पिछले साल 29 अक्टूबर को इस मद की राशि को मौजूदा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करने का आग्रह किया था। उन्होंने यह भी सुझाव दिया था की दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए सांसद निधि के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। उनके इस सुझाव पर ही समिति विचार करेगी। इस योजना के तहत फिलहाल प्रत्येक सांसद को अपने निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिवर्ष 5 करोड़ रुपए तक के कार्यो के लिए जिला प्रशासन को सुझाव देने का प्रावधान है। योजना के तहत राज्यसभा सदस्य उस राज्य के एक या एक से अधिक जिलों में कार्यो की सिफारिश कर सकते हैं, जहां से वह निर्वाचित हुए हैं।यह राशि पांच लाख से बढ़कर एक करोड़, दो करोड़ होते हुए 5 करोड़ तक पहुंची है। और अब 10 करोड़ रुपए करने पर विचार चल रहा है। होता ऐसा है कि संसद अपने मद की राशि की योजनाओं के लिए जिला प्रशासन को अनुशंसा करते हैं। उसके आधार पर काम होता है और ठेकेदारों को भुगतान किया जाता है। हालांकि, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि सांसद ग्राम योजना भी जोर-जोर से उठाई गई थी। हर सांसद को अपने लोकसभा क्षेत्र में एक इलाके को गोद लेना था। उस इलाके का विकास प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से करनी थी लेकिन यह योजना बहुत कारगर साबित नहीं हुई।

## नव वर्ष के मौके पर सैलानियों से भरा झील परिसर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** तोपचांची थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाला झील परिसर सैलानियों से दिन भर भरा रहा। लोग जगह-जगह पर वन भोज का आंनद लिए जिससे पूरे झील परिसर में भीड़ रही। साथ ही लोग वन भोज के साथ डीजे के धुन में नाचते गाते देखें गए। प्रशासन बड़ा ही चुस्त-दुरुस्त दिखाई दिया जहां एक तरफ लोगों का हुजूम उमड़ रहा था वही प्रशासन ने अपनी मुस्तैदी दिखाई और भीड़ को बड़ी ही शालिनता के साथ वन वे बनाने में कामयाब रहे। किसी भी तरह का कोई अप्रिय घटनाएं नहीं देखने को मिला। सपरिवार सैलानियों ने नव बर्ष का आंनद लेते हुए पूरे झील परिसर में वन भोज का आंनद लेते हुए दिखाई दिए। जहां एक प्राकृतिक संसाधन का एक मिशाल योग तोपचांची झील सदियों से रहा है। इस मौके पर तरह तरह के दुकान भी लगा हुआ है। लोग यादगार के लिए खरीदारी भी कर रहे थे।

## रक्तदान है महादान, निष्प्राण को दे जीवनदान : सतपाल सिंह ब्रोका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड़ धनबाद में माता गुजर कौर जी चार साहिबजादे की शहादत को नमन करते हुए एवं श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के प्रकाश पर्व को समर्पित रक्तदान कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 30 पुरुष एवं महिलाओं ने रक्तदान किया। संग्रहित रक्त को जरूरतमंदों के लिए एसएनएमएमसीएच को दिया गया। रक्तदान करने के उपरांत रक्तदाता समाजसेवी सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा की वो 50 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। बताया की रक्तदान करने से गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के डॉ अजय कुमार, डॉ स्मृति कुमार, संजीव कुमार, शिव प्रसाद महतो, नीलम कुमारी, मरियम खातून, राजू महतो, शंभू साहनी थे। वहीं जितेंद्र सिंह, कमलजीत सिंह, तेजपाल सिंह, बलजीत कौर, सर्बजीत कौर, हरविंदर कौर, शरणजीत कौर आदि ने रक्तदान किया।



## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

## खुला डाक की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.1.1992 के आलोक में राँची जिला के नगड़ी, राहे, नामकुम, लापूँग, माण्डर, रातु, ईटकी, चान्हो, काँके, ओरमाँझी एवं तमाड़ प्रखंड के संलग्न सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बदोन्बस्ती खुला डाक द्वारा वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि के लिए दिनांक 17.01.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी। शेष बचे जलकरों की बंदोबस्ती पुनः खुले डाक के द्वारा दिनांक 24.01.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न एवं उसके पश्चात् दिनांक 01.02.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी।

डाक की शर्तें निम्न प्रकार हैं–

1. निर्धारित वार्षिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोबस्ती नहीं की जाएगी।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
3. उच्चतम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि से समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
4. डाक राशि जमा नहीं करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. उच्चतम डाक वक्ता को मत्स्य बीज की प्राप्ति के श्रोत से अवगत कराना होगा।
6. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कराना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। संपादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोबस्तदार को स्वयं के खर्च पर कराना होगा।
7. डाक के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा नहीं कराने की स्थिति में बन्दोबस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।
8. किसी भी डाक/बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
9. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
10. बकायेदार व्यक्ति को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रखण्ड – नगड़ी

नगड़ी प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बालालौंग तालाब | बालालौंग | नगड़ी | – | 281 | 2.00 | 1600 |
| 2 | सेम्बोगागी तालाब | सेम्बो | नगड़ी | – | – | 1.00 | 1600 |
| 3 | खुँटा तालाब | खुँटा | नगड़ी | – | – | 0.76 | 1000 |

प्रखण्ड – राहे

राहे प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बुन्दीआरू तालाब | बुन्दीआरू | राहे | 82 | 643 | 1.00 | 1000 |
| 2 | बदालू तालाब | बदालू | राहे | – | – | 1.00 | 500 |

प्रखण्ड – नामकुम

नामकुम प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बेरमाद तालाब | बेरमाद | नामकुम | 57 | 395 | 1.77 | 2800 |
| 2 | तुपुदाना तालाब | तुपुदाना | नामकुम | 95 | 1379 | 1.01 | 8000 |

प्रखण्ड – लापूँग

लापूँग प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नवाटोली तालाब II | नवाटोली | लापूँग | – | 484 | 0.75 | 1000 |
| 2 | तेतरा तालाब | तेतरा | लापूँग | – | 164 | 0.52 | 1000 |
| 3 | नवाटोली तालाब I | नवाटोली | लापूँग | – | 416 | 0.36 | 800 |
| 4 | रायटोली तालाब | रायटोली | लापूँग | – | 547 | 0.32 | 600 |

प्रखण्ड – माण्डर

माण्डर प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हारिल टैंक | हारिल | माण्डर | 121 | – | 0.51 | 1200 |
| 2 | टोटाम्बी टैंक | टोटाम्बी | माण्डर | 183 | 229 | 1.12 | 1600 |

प्रखण्ड – रातु

रातु प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गुडु तालाब | गुडु | रातु | – | – | – | 2000 |
| 2 | परहेपाट तालाब | परहेपाट | रातु | 61 | 170 | 0.24 | 1600 |
| 3 | मालमाडु तालाब | मालमाडु | रातु | 41 | 467, 466 | 2.70 | 2000 |

प्रखण्ड – ईटकी

ईटकी प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पुरियो तालाब | पुरियो | ईटकी | 132 | 2251, 2252 | 1.52 | 2400 |
| 2 | तिलकसुती तालाब | तिलकसुती | ईटकी | 47 | 225 | 0.65 | 1000 |
| 3 | पलमा तालाब | पलमा | ईटकी | 7 | 538 | 0.94 | 1200 |
| 4 | गढ़गांव तालाब | गढ़गांव | ईटकी | 204 | 2218 | 1.12 | 1600 |
| 5 | मुकुन्दा बाँध | मुकुन्दा | ईटकी | 4 | 1053 | 1.26 | 1200 |
| 6 | मोरो तालाब | मोरो | ईटकी | 186 | 697 | 1.66 | 8000 |
| 7 | चिनारो तालाब | चिनारो | ईटकी | 36 | 168 | 2.63 | 8000 |
| 8 | मलती तालाब | मलती | ईटकी | 86 | 457 | 0.57 | 800 |
| 9 | भण्डरा टैंक | भण्डरा | ईटकी | 48 | 140 | 3.48 | 3600 |
| 10 | बोड़ेया तालाब | बोड़ेया तालाब | ईटकी | 60 | 522 | 2.48 | 3600 |
| 11 | कुली तालाब 1 | कुली | ईटकी | 195 | 428 | 0.52 | 800 |
| 12 | कुली तालाब 2 | कुली | ईटकी | 195 | 491 | 0.93 | 1400 |
| 13 | मुकुन्दा तालाब 1 | मुकुन्दा | ईटकी | 4 | 1053 | 1.26 | 1200 |
| 14 | चचगुड़ा तालाब | चचगुड़ा | ईटकी | 100 | 498 | 0.69 | 1600 |
| 15 | तुरूगुरू तालाब | तुरूगुरू | ईटकी | – | 820 | 0.35 | 1000 |
| 16 | सेमरा तालाब | सेमरा | ईटकी | 65 | 302 | 1.73 | 1280 |
| 17 | बिन्धानी तालाब | बिन्धानी | ईटकी | 89 | 585 | 0.88 | 1000 |

प्रखण्ड – चान्हो

चान्हो प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | तरंगा तालाब 1 | तरंगा | चान्हो | – | 1941 | 0.43 | 600 |
| 2 | तरंगा तालाब 2 | तरंगा | चान्हो | 223 | 1050 | 1.01 | 600 |
| 3 | मुरतो तालाब | मुरतो | चान्हो | 140 | 1356, 1357 | 1.06 | 1200 |
| 4 | हुरहुरी तालाब | हुरहुरी | चान्हो | 211 | 1092 | 1.00 | 1000 |
| 5 | मुरतो बाँध | मुरतो | चान्हो | 140 | – | 0.23 | 600 |
| 6 | ओपा तालाब | ओपा | चान्हो | 118 | 441 | 1.18 | 800 |
| 7 | सोंस तालाब | सोंस | चान्हो | 105 | 883 | 1.23 | 1000 |
| 8 | सिलागाई तालाब 2 | सिलागाई | चान्हो | 243 | 2982, 2983 | 1.66 | 1600 |
| 9 | पतराहातु बाँध | पतराहातु | चान्हो | 315 | 1676 | 1.15 | 1200 |
| 10 | पण्डरी बाँध | पण्डरी | चान्हो | 128 | 1116, 1196 | 1.71 | 2000 |
| 11 | बलसोकरा बाँध | बलसोकरा | चान्हो | 159 | 1010, 1020 | 3.31 | 3000 |
| 12 | रोल तालाब | रोल | चान्हो | 17 | 1134 | 2.78 | 2600 |
| 13 | रानीचांचो तालाब | रानीचांचो | चान्हो | 13 | 325 | 1.86 | 1000 |
| 14 | सिलागाई तालाब 1 | सिलागाई | चान्हो | – | 2475 | 4.23 | 7600 |

प्रखण्ड – काँके

काँके प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | संग्रामपुर तालाब II | संग्रामपुर | काँके | – | 532, 533 | 1.39 | 1200 |
| 2 | संग्रामपुर तालाब III | संग्रामपुर | काँके | – | 899, 900 | 1.17 | 800 |
| 3 | नगड़ी टैंक | नगड़ी | काँके | – | 197 | 0.51 | 1000 |
| 4 | खटंगा नाला | खटंगा | काँके | – | 1216, 1217 | 0.25 | 500 |
| 5 | संग्रामपुर तालाब I | संग्रामपुर | काँके | – | 498, 499 | 2.23 | 2000 |
| 6 | बाढ़ु तालाब | बाढ़ु | काँके | 713 | 103 | 0.80 | 2000 |
| 7 | जमुआरी तालाब | जमुआरी | काँके | – | – | 0.65 | 1000 |
| 8 | चंदवे टैंक | चंदवे | काँके | – | 266, 355 | 1.23 | 1200 |
| 9 | मेसरा टैंक | मेसरा | काँके | – | 355 | 0.50 | 800 |
| 10 | रोल तालाब | रोल | काँके | 72 | – | 0.70 | 520 |
| 11 | पोड़तोल तालाब | पोड़तोल | काँके | – | 456, 457 | 0.83 | 600 |
| 12 | होम्बई तालाब | होम्बई | काँके | – | 686, 687 | 1.43 | 2000 |
| 13 | सुगनु तालाब | सुगनु | काँके | – | 1189 | 1.43 | 600 |
| 14 | किशुनपुर तालाब | किशुनपुर | काँके | – | 471, 472 | 0.73 | 600 |

प्रखण्ड – ओरमाँझी

ओरमाँझी प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हेन्देबिली तालाब III | हेन्देबिली | ओरमाँझी | – | 1223 | 0.72 | 2000 |
| 2 | सिलदिड़ी तालाब | सिलदिड़ी | ओरमाँझी | 508, 105 | 330 | 1.24 | 1300 |
| 3 | जीरावार तालाब II | जीरावार | ओरमाँझी | 330 | 337 | 4.00 | 1000 |
| 4 | डटमा तालाब | डटमा तालाब | ओरमाँझी | – | 267 | 0.27 | 480 |
| 5 | हेन्देबिली तालाब I | हेन्देबिली | ओरमाँझी | 102 | 325 | 4.00 | 7200 |
| 6 | हतवाल तालाब | हतवाल | ओरमाँझी | 1 | 192 | 0.42 | 500 |
| 7 | मन्दरो तालाब | मन्दरो | ओरमाँझी | – | – | 0.52 | 1200 |
| 8 | गगारी तालाब | गगारी | ओरमाँझी | – | – | 0.57 | 800 |
| 9 | चकला तालाब | चकला | ओरमाँझी | – | 1017, 1018 | 2.92 | 5600 |
| 10 | पालू तालाब | पालू | ओरमाँझी | – | 707, 708 | 1.15 | 1600 |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR 343373 Fish(24-25)D

# जिले भर में पूजा पाठ के साथ पर्यटक जगहों पर पिकनिक के साथ हुई नववर्ष 2025 की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में बुधवार को अंग्रेजी नव वर्ष 2025 की शुरुआत ऐतिहासिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों में महादेव मंदिरों में पूजा पाठ के साथ की गई।बताते चलें की भंडरा प्रखंड स्थित अखिलेश्वर धाम में सुबह से ही लोग पूजा पाठ में लीन रहे।इस दौरान जिले में प्रखंड समेत कई मनमोहक पर्यटन स्थल है यहां आने वाले सैलानी यहां की प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाते दिखे वहीं दूसरी ओर शिव धाम सहित प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर सहित कई देवालयों में मत्था टेक लोग अपने परिवार की मंगलकामना की और अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत की गई।जिले सहित कई दूसरे जिलों के दूरदराज के लोग सैकड़ो की संख्या में पूजा-अर्चना कर नव वर्ष की



सुखमय शुरुआत की गई।वहीं कुडू प्रखंड क्षेत्र के कई खूबसूरत वादियों का लुत्फ भी लोगो ने उठाया।कुडू प्रखंड के महादेव मंडा शिव धाम लोहरदगा-चंदवा मुख्य मार्ग के बीच सलगी एवं बड़की चाँपि पंचायत सिमाना में स्थित महादेव मंडप प्राचीन शिव मंदिर है। माना जाता है कि जो भी भक्त अपनी इच्छित कामना को लेकर यहां आते हैं, उनकी मन्नत को भगवान शिव जल्द ही पूरा कर देते हैं।जिसके लेकर यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते है।सैलानियों के लिए ये मनमोहक पर्यटन स्थल है,वही बुधवार को कुडू प्रखंड के नामोदाग स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज के आस पास काफी संख्या में लोग पिकनिक मनाये।इस दौरान 27 नंबर रेलवे ब्रिज पिछले 7- 8 वर्षो में यह पर्यटन क्षेत्र युवाओं की पहली पसंद के रूप में देखने को मिला है। यहां पर लोग विदेशों से भी आ चुके हैं।वंही टीको नदी के पास शिवधाम में लोगो ने पूजा अर्चना कर अपने अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना भगवान से की गई। वंही कई लोगो ने चूल्हापानी जाकर पूजा अर्चना की चुल्हापानी जंहा से देवनद-दामोदर का उदगम स्थल चूल्हा पानी की अद्भुत छटा मनोहारी है। वहां से निरंतर निकलते निर्मल जल का सेवन कर लोग अपनी थकान को भूल जाते हैं। जामुन, बट व कुसुम तीनों संयुक्त वृक्षों की जड़ से बहता निर्मल जल का स्वाद अविस्मरणीय है। अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत में महादेव मंडा धाम,27 नंबर रेलवे ब्रिज, चुल्हापानी,टीको शिव धाम, तान पहाड़ी क्षेत्र, 33 नंबर रेलवे ब्रिज, धरधारिया, लावापनी जलप्रपात, कोयल नदी, शंख नदी सहित कई स्थानों में लोगो ने जाकर नववर्ष मनाया।इस मौके पर जिला प्रशासन के प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस बल के जवान, वन समिति के लोग अपने कर्तव्य निर्वहन में चुस्त दुरुस्त लगे रहे।वही भंडरा प्रखंड स्थित नंदिनी दम में सैलानियों की भीड़ उमड पड़ी मैं नौका विहार तथा तरह-तरह के सजावटों के साथ मेले का भी आयोजन होता है जिसमें क्षेत्र के विभिन्न जगह से लोग पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं,डैम के मामले में नंदिनी डैम की अपनी एक अलग ही पहचान है क्योंकि चारों तरफ के लोग नंदनी डैम का दृश्य देखने यहां पहुंचते हैं,नए साल को लेकर जिला प्रशासन के तरफ से भी पूरी तैयारी तथा मेडिकल सुविधाओं के साथ पुलिस बल के जवान भी तैनात थे,जगह-जगह पर होने वाले पिकनिक स्पॉट पर प्रशासन ने शराब तथा अन्य नशीले पदार्थ का सेवन करने वालों पर कड़ी निगरानी रख रही थी सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाने वालों को भी पुलिस द्वारा सख्त चेतावनी देते नजर आए,यहां तक की पिकनिक स्पॉट जाने वाले सैलानियों के रास्ते भटक जाने पर जिला प्रशासन के पुलिस बलो ने उन्हें सही रास्ता दिखाते हुए पिकनिक स्पॉट पर पहुंचने के लिए भी मदद करते दिखे। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पिकनिक के साथ पर्यटकों के द्वारा डीजे पर थिरकते नजर आए।इस दौरान अंग्रेजी नव वर्ष को लोगो ने बड़े ही धूमधाम से मनाया।

## पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से मनाया गया नववर्ष



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में अंग्रेजी नव वर्ष 2025 ई की शुरुआत लोग कुडू प्रखंड के ऐतिहासिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों में महादेव मंडप धाम समेत कुडू प्रखंड के कई मनमोहक पर्यटन स्थल में की । यहां आने वाले सैलानी एक और यहां की प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाये।वहीं दूसरी ओर महादेव मंडप शिव धाम सहित प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा मंदिर बड़की चाँपि,शिव मंदिर बड़की चाँपि सहित कई देवालयों में मत्था टेक लोग अपने परिवार की मंगलकामना की और नववर्ष की शुरुआत की।महादेव मंडा धाम में पूरे जिले सहित कई दूसरे जिलों के दूरदराज के लोग सैकड़ो की संख्या में पूजा-अर्चना कर नव वर्ष की सुखमय शुरुआत की।वहीं कुडू प्रखंड के कई खूबसूरत वादियों का लुत्फ भी लोगो ने उठाया। महादेव मंडा धाम शिव धाम लोहरदगा-चंदवा मुख्य मार्ग के बीच सलगी एवं बड़की चाँपि पंचायत सिमाना में स्थित महादेव मंडप प्राचीन शिव मंदिर है। माना जाता है कि जो भी भक्त अपनी इच्छित कामना को लेकर यहां आते हैं. उनकी मन्नत को भगवान शिव जल्द ही पूरा कर देते हैं। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते है। सैलानियों के लिए ये मनमोहक पर्यटन स्थल कुडू प्रखंड के बड़की चांपी तथा सलगी पंचायत के बीचो-बीच स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज के आस पास काफी संख्या में लोग पिकनिक मनाये.27 नंबर रेलवे ब्रिज पिछले 6-7 वर्षो में यह पर्यटन क्षेत्र युवाओं की पहली पसंद के रूप में देखने को मिला है। यहां पर लोग विदेशों से भी आ चुके हैं।वंही टीको नदी के पास शिवधाम में लोगो ने पूजा अर्चना कर अपने अपने परिवार की सुख समृद्धि की मांग भगवान से की। वंही कई लोगो ने चूल्हापानी जाकर पूजा अर्चना की। चुल्हापानी सलगी पंचायत क्षेत्र में है।जंहा से देवनद-दामोदर का उदगम स्थल चूल्हा पानी की अद्भुत छटा मनोहारी है। वहां से निरंतर निकलते निर्मल जल का सेवन कर लोग अपनी थकान को भूल जाते हैं। जामुन, बट व कुसुम तीनों संयुक्त वृक्षों की जड़ से बहता निर्मल जल का स्वाद अविस्मरणीय है। अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत में महादेव मंडा धाम, 27 नंबर रेलवे ब्रिज, चुल्हापानी, टीको शिव धाम, तान पहाड़ी क्षेत्र, 33 नंबर रेलवे ब्रिज के पास सहीत कई स्थानों में लोगो ने जाकर नववर्ष मनाया। इस मौके पर कुडू के प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस बल के जवान , वन समिति के लोग अपने कर्तव्य निर्वहन में चुस्त दुरुस्त लगे रहे।

## नववर्ष का लोगों ने किया स्वागत, पिकनिक स्पॉट पर लोगों की रही हुजूम, सुरक्षा के निमित कैरो थाना प्रशासन रही मुश्तैद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 01 जनवरी 2025 नववर्ष का लोगो ने जमकर किया स्वागत वही 2024 को किया बाय-बाय। अंग्रेजी नववर्ष पर श्रद्धालुओं के द्वारा प्रात- विभिन्न पुजा-स्थलो मन्दिरों में श्रद्धालु के द्वारा स्नान ध्यान कर अपने ईश्वर से वर्ष 2025 मंगलमय जीवन की कामना किया वही इस अवसर पर लोगों ने रंगोली बनाकर 2024 को बाय-बाय एवं 2025 को वेलकम किया। प्रखंड के खरता मनोकामना भोलेनाथ मंदिर के तट पर,सुंगारी पहाड़ पर,कैरो चाल्हो जंगल पर, नन्दनी व कन्द्नी नदी के तट पर एवं नन्दनी डैम पिकनिक स्पॉट पर काफी संख्या में लोग पिकनिक का आनंद वाहनो मे ध्वनि विस्तारक यंत्र बांधकर आनंद लेते हुए नजर आये वही उपरोक्त जलाशय के तट पर अनेक प्रकार के व्यंजन का लुफ्त उठाते हुये भी लोग दिखाई दिये। इस अवसर पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा के निर्देश पर कैरो थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल विभिन्न पिकनिक स्पॉट स्थलों पर सुरक्षा के निमित ड्यूटी में मुश्तैद दिखाई दिये।

## कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव सत्यजीत सिंह उर्फ बाबू सिंह की माता का हुआ निधन

**सांसद सुखदेव भगत को सूचना मिलते ही तत्काल शोकाकुल परिवार वालों से मिलकर बंधाया ढांढस**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा जिला महासचिव कोर्ट रोड मैना बगीचा निवासी सत्यजीत सिंह उर्फ बाबू सिंह की माताजी का मंगलवार को देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। इसकी सूचना मिलते ही तत्काल लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद सुखदेव भगत उनके पैतृक आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना प्रकट कर दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में मैं और पूरे कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार वालों के साथ खड़ा हैं। इस बीच शोक संवेदना प्रकट करने वालों में पूर्व नप अध्यक्ष अनुपमा भगत, पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, राजेश रंजन



सहाय, अभिनव सिद्धार्थ भगत, साजीद अहमद चंगू, मनोज सोन तिर्की, संजय मुखर्जी, तारिक अनवर, सोनू कुरैशी आदि ने शोक व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सत्यजीत सिंह उर्फ बाबू सिंह की माताजी का आज दिनांक 1-1-2025 दिन बुधवार को 10 बजे दिन मे कोयल नदी मे अंतिम संस्कार किया गया।

## तामड़ा गांव में भजन कीर्तन के साथ नए वर्ष का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले पर में लोग अलग-अलग तरीके से नए वर्ष का स्वागत किया जहां एक और लोग पिकनिक मौज मस्ती पार्टी और दोस्तों के साथ घूमने फिरने में 31 की रात में नए वर्ष का स्वागत किया तो वहीं दूसरी ओर सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा गांव के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से भजन कीर्तन करते हुए नए वर्ष का स्वागत करते हुए आध्यात्मिक की ओर अपना कदम बढ़ाया। गांव की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को बचाए रखने के लिए यह अनोखी परंपरा प्रत्येक साल की भांति इस साल भी गांव के बुजुर्ग युवा एवं सभी वर्ग के लोगों ने सामूहिक रूप से भजन कीर्तन करते हुए अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत किया इस दौरान गांव सभी लोगों ने एक से बढ़कर एक भजन गीतों पर झूमते हुए हरि कीर्तन की मौके पर जानकारी देते हुए गणेश ने कहा कि इस गांव की शुरुआती दौर से ही परंपरा रही है कि गांव में आधुनिकता के दौड़ में भी अपनी संस्कृति और अपने विरासत को बचाए रखने का प्रयास किया जाता है और पूरे जिले में इस गांव की कीर्तन मंडली सुप्रसिद्ध है और इस बात को विशेष ध्यान रखते हुए यहां के सभी पीढ़ी दरपीढ़ी इस परंपरा को बचाए रखने में सहयोग कर रहे हैं। इस मौके पर गणेश साव,राजेंद्र केसरी ,दीनानाथ केसरी ,जनक गोप, बिहारी,केसरी, पिंटू केसरी मनोज केसरी, गणेश साव, श्रीकांत गुप्ता ,शंकर ठाकुर कृष्ण केसरी, दिलीप केसरी, विजय केसरी, विकास साहू ,विजय यादव, गुड्डु बैठा, सोनू गिरी, रविंद्र सिंह, शंभू केसरी धनंजय केसरी सहित गांव के दर्जनों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## नये वर्ष के आगमन के साथ तेज रफ़्तार के वजह से गई एक की जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नये वर्ष के आगमन के साथ जहाँ लोग हसीं खुशी इस नव वर्ष के आगमन क़ी खुशी मे अपने परिवार और दोस्तों के साथ खुशी मानाने मे मशगूल हैं वही रफ़्तार के वजह से एक क़ी जान चली गई द्य मिली जानकारी के अनुसार ठेठई टांगर से सिमडेगा जाने के क्रम मे विधायक भूषण बाड़ा पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक चालक क़ी दुर्घटना मे दर्दनाक मौत हो गई और एक घायल हुआ द्य ठेठई टांगर थाना प्रभारी से बात चित के दौरान पता चला क़ी अभी तक मरने वाले का कुछ भी पता नहीं चल पाया हैं और ना ही मृतक के पास से किसी तरह का पहचान पत्र मिला द्य हालांकि ठेठई टांगर पुलिस प्रशासन मृतक के परिवार वालों के बारे पता करने मे लग गई हैं द्य प्रशासन ने यह भी कहा क़ी जैसे ही मृतक के परिवार के बारे पता चलेगा तुरंत ही उन्हें सूचित कर दिया जायेगा द्य समाचार लिखें जाने तक पुलिस क़ी निगरानी मे मृतक क़ी डेड बॉडी हॉस्पिटल मे रखी गई थी द्य प्रशासन ने सभी से निवेदन किया हैं कृपया वाहन धीरे चलाये सुरक्षित रहे।

## भंडरा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी पिकनिक स्पॉटों पर धूमधाम के साथ मनाया गया नव वर्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में मंगलवार की अर्ध रात्रि से ही नववर्ष का उल्लास शुरू हो गया था। नई उम्मीद और उमंग से भरा नववर्ष 2025 मंगलवार की मध्य रात्रि काफी उत्साह के साथ प्रवेश किया। नववर्ष के प्रवेश करते ही लोग रात में आतिशबाजी कर इंटरनेट मीडिया के माध्यम से एक दूसरे को नववर्ष की बधाई देना शुरु कर दिए। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत किया। देर रात से ही प्रखंड क्षेत्र के चौक-चौराहों में डीजे की धुन पर युवाओं का डांस शुरू हो चुका था। जबकि लोग एक-दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर कहते हुए नववर्ष की बधाई देते दिखे। लोगों का यह उत्साह घर से लेकर बाहर की सड़कों पर भी नजर आया। युवाओं की टोलियों ने मुख्य सड़कों पर भी नए साल की बधाई





को ले अपनी कला दिखाई है। नववर्ष का स्वागत लोगों ने खुले दिल के साथ करने में कोई संकोच नहीं किया।भंडरा प्रखंड के पिकनिक स्पॉटो में प्राकृतिक सुंदरता को देखते ही युवाओं में सेल्फी का क्रेज बढ़ गया था। साथ ही प्रखंड के नंदनी जलाशय, पझरी पहाड़, हिरन कट्टा डैम, अखिलेश्वर धाम में लोहरदगा, गुमला, रांची, लातेहार सहित कई जिलों के सैलानियों ने नववर्ष में पिकनिक का लुत्फ उठाया। साथ ही डीजे के साउंड में नाचते-गाते नजर आए। अखिलेश्वर मंदिर में भंडरा सहित क्षेत्र के लोग नववर्ष के पहले दिन सर्वप्रथम भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। नंदनी डैम के इर्द-गिर्द काफी संख्या में लोग पिकनिक का आनंद उठाया। साथ ही देर शाम तक डीजे की धुन पर थिरकते नजर आएं। नववर्ष में शांति व्यवस्था को लेकर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह दल बल के साथ सभी पर्यटक स्थलों का मुआयना करते नजर आएं। इस दौरान उन्होंने नंदनी डैम में देर शाम होने के पश्चात पिकनिक मनाने पहुंचे लोगों को घर जाने का निर्देश भी दिया।

## उमंग व उत्साह के साथ लोगों ने मनाया नव वर्ष, पिकनिक स्पॉट रहा गुलजार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** नव वर्ष का स्वागत को लेकर सुबह से ही लोगो में भारी उत्साह व उमंग था। रात से लोगों ने अपने परिजन व मित्रों को नव वर्ष का बधाई देना शुरू कर दिये थे। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट में लोगो की काफी भीड़ देखने को मिली। दिन भर पिकनिक स्थल गुलज़ार रहा। वही पिकनिक मनाने वाला ने पिकनिक स्थल पर तरह तरह का पकवान बनाते नजर आये साथ ही लोग डीजे के धुन पर नाचते थिरकते नजर आये। बच्चे बूढ़े,महिला पुरुष सभी पिकनिक स्थल पर पहुंचकर विभिन्न प्रकार के भोजन बनाकर खाने का लुत्फ उठाते नजर आये वही प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू कोयल नदी तट, नन्दगांव फार्म, धरधरिया सहित अन्य पिकनिक स्थानों पर परिवार वालों और दोस्तों



के साथ पिकनिक का लुत्फ उठाया। प्रखण्ड क्षेत्र के अलावे अन्य जगहों से भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचे। साथ ही लोग प्रखंड क्षेत्र के धरधरिया, नन्दगांव फार्म सहित अन्य रमणीक जगहों का दृश्य को देख भी प्रफुल्लित हुए। लोगों ने हसीन वादियों को कैमरे में कैद करने में भी पीछे नही रहे। फैमली और दोस्तों के साथ पिकनिक स्पॉट पंहुच कर लोगो का उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीण क्षेत्र के लोग गाँव घर,नदी तालाब किनारे भी पिकनिक मनाते नजर आये। बहुत सा लोग कही बाहर घूमने के बजाय परिवार के साथ घर में ही पिकनिक मना कर नव वर्ष का आनंद उठाया। नव वर्ष पर मटन व चिकन की दुकानों में काफी भीड़ देखी गई। वही इन दिनों में देसी व विदेशी सराब की बिक्री भी जोरो पर रही। दिन भर दुकानों में लोगो की भीड़ लगी रही। वही सुबह 9 बजे तक कोहरा व ठंढ के बावजूद लोगो मे नव वर्ष को लेकर काफी उमंग व उत्साह था। सभी लोग अपने अपने परिजन व मित्रों के साथ देर शाम तक पिकनिक मनाते रहे। नव वर्ष को देखते हुए बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ी रही। वही सभी पिकनिक स्थल पर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था किया गया था। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम का व्यवस्था किया गया था। प्रखंड क्षेत्र में लोगों ने उमंग व उत्साह के साथ नव वर्ष मनाया।

## कमलेश्वर मांझी को मिला बेनजामिन लकड़ा फाउंडेशन द्वारा सम्मान

**मौके पर उपस्थित थे कोलेबिरा विधायक, डीसी और एसपी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** समाज के विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य करने लिए श्री कमलेश्वर मांझी सर को बेनजामिन लकड़ा फाउंडेशन द्वारा विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, खेलकूद,नारी सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए दिया गया। बताते चलें कि श्री कमलेश्वर मांझी सिमडेगा जिला में एक उत्कृष्ट समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। विगत दो दशक से जनकल्याण के क्षेत्र में मुखर होकर समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। वे अपने निजी आवास में बालिकाओं के लिए लॉज का निर्माण कराये हैं जहाँ लड़कियाँ निःशुल्क रहकर पढ़ाई करते हैं। उन्हीं के प्रयास से गोंडवाना विकास विद्यालय का निर्माण हुआ है जहाँ 150 से अधिक विद्यार्थी निःशुल्क रहकर



अध्यापन करते हैं। हॉकी सिमडेगा, कराटे एसोसिएशन, सिमडेगा जिला कुस्ती संघ आदि संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका में रहकर खेल को बढ़ावा देने भी अपना योगदान दे रहे हैं। कई राष्ट्रीय और राज्य स्तर के सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर समाज में निहीत अंधविश्वास, अशिक्षा जैसे कुरीतियाँ को दूर करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस सम्मान समारोह में झारखंड राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत और सेवानिवृत्त प्रशासनिक पदाधिकारी और अन्य उपस्थित थे। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी बेंजामिन लकड़ा ने श्री कमलेश्वर मांझी के कार्यो को बताते हुए प्रशस्ति पत्र और बुके देकर सम्मानित किये। मौके पर कोलेबिरा विधायक श्री विक्सल नमन कोंगाड़ी, सिमडेगा उपायुक्त श्री अजय कुमार सिंह, एसपी श्री सौरभ कुमार भी उपस्थित थे जिन्होंने कमलेश्वर मांझी सर के कार्यो को प्रशंसा करते हुए बधाई दिये।श्री कमलेश्वर मांझी को यह सम्मान मिलने पर समाज के अर्जुन मांझी, पंकज बेसरा, भुनेश्वर बेसरा, राजनाथ मांझी, लालधन नायक, राजेश्वर प्रधान, नंदकिशोर भोय, अजय मांझी सहित कई लोगों ने बधाई दिए।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र

विविध

रांची, गुरुवार, 02 जनवरी 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### हाई पावर कमेटी की बैठक में शामिल नहीं होगा संयुक्त किसान मोर्चा

**चंडीगढ़ :** पंजाब के शंभू व खनौरी में चल रहे किसान आंदोलन पर अब किसान संगठनों ने अलग-अलग फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को हुई बैठक के बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की तीन जनवरी को होने वाली बैठक में मोर्चा शामिल नहीं होगा। एसकेएम ने शंभू और खनौरी मोर्चे में कोई भूमिका न होने के चलते यह फैसला लिया गया है। जबकि पहले दावा किया गया था कि संयुक्त किसान मोर्चे के नेता बैठक में शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से यह कमेटी पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह की अगुआई में गठित की गई है। कमेटी की तरफ से सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर में अंतरिम रिपोर्ट सौंपी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि आंदोलन करने वाले किसान बातचीत के लिए नहीं आ रहे हैं। किसानों से उनकी सुविधा के अनुसार तारीख और समय भी मांगा गया था, लेकिन उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हरिंदर सिंह लखोवाल ने बुधवार को जानकारी दी कि जो पत्र आया है, उसमें रास्तों को खोलने के बारे में किसानों को मनाने जैसे मुद्दे हैं। यह बात भी गलत है, कि रास्ते किसानों ने रोक रखे हैं, रास्ते तो सरकार ने बंद कर रखे हैं। जबकि किसानों की मांगों को लेकर कोई जिक्र ही नहीं है। ऐसे में हमने मीटिंग में नहीं जाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि करीब चार दिन पहले यह बात सामने आई थी कि हाई पावर कमेटी ने पंचकूला के रेस्ट हाउस में तीन जनवरी को मीटिंग बुलाई है। जैसे ही यह जानकारी आई थी, उसके बाद संयुक्त किसान मोर्चे के नेताओं ने आपसी सहमति के साथ बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया है।

### मस्ती की पाठशाला के बच्चों के साथ मनाया नववर्ष

**हरिद्वार :** नव वर्ष के उपलक्ष्य पर उदय भारत सिविल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने नमामि गंगे घाट पर ईमैक की मस्ती की पाठशाला के बच्चों के साथ केक काटकर मनाया।इस अवसर पर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने पर्यावरण और जल के महत्व और उनके संरक्षण की जानकारी दी। स्कूल की टीचर रेखा और छात्रा गायत्री के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दी। संस्था की फाउंडर सदस्य एवं ईमैक की उपाध्यक्ष हेमा भंडारी ने कहा कि आज पूरा विश्व नववर्ष मना रहा है। इस अवसर पर उदय भारत सिविल सोसाइटी ने बच्चों के साथ मिलकर नव वर्ष मनाया और उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। हेमा भंडारी ने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं उन्हें सही मार्गदर्शन और उचित दिशा देने की आवश्यकता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक , धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी अवगत कराना जरूरी है।फाउंडर सदस्य अनिल सती ने कहा कि विश्व में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न चुनौतिया आज हम सबके लिए बहुत बड़ी समस्या है। बढ़ता तापमान और बिगड़ते मौसम का प्रमुख कारण अंधाधुंध वनों का कटाव है। उत्तराखंड हरित प्रदेश है, परंतु उत्तराखंड में भी बदलता मौसम आने वाले समय में चुनौती बन सकता है। हम सबको पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए और इसके लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

# यूनिटी मॉल परियोजना के लिए केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को दी 200 करोड़ की स्वीकृति

एजेंसी

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) मॉडल को प्रोत्साहित करने एवं स्थानीय उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने के लिए, यूनिटी मॉल की स्थापना की जा रही है।यूनिटी मॉल की स्थापना से स्थानीय हस्तशिल्पियों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा और नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मॉल में उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय होने से हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा राज्य के छोटे उद्यमियों, शिल्पकारों एवं बुनकरों को लाभ मिलेगा। यह स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन एवं विक्रय के लिए ''वन स्टॉप मार्केट प्लेस'' के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री साय ने आज बुधवार को कहा कि यूनिटी मॉल राज्य के गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं, और नारी शक्ति के विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगा। साथ ही यह मेक इन इंडिया और राष्ट्रीय एकता को भी प्रोत्साहित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश वासियों के विकास के साथ राष्ट्रीय एकीकरण एवं मेक इन इण्डिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अपनी प्राथमिकता मानती है। राज्य में



स्थापित किये जाने वाले यूनिटी मॉल में अन्य सभी राज्यों के महत्वपूर्ण स्थानीय उत्पादों का भी प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी और विभिन्न राज्यों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ेगा।मुख्यमंत्री साय ने बताया कि हस्तशिल्पियों, बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय स्तर पर नवीन रोजगार सृजन करने स्वस्थ इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार के इस रिफॉर्म के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। यूनिटी मॉल के माध्यम से प्रत्येक जिले के विशेष उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की योजना है। यूनिटी मॉल की स्थापना का दायित्व रायपुर विकास प्राधिकरण को सौंपा गया है। यूनिटी मॉल से न केवल राज्य के स्थानीय कारीगरों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास छत्तीसगढ़ में एक सशक्त और स्थायी इकोसिस्टम का निर्माण करेगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और शहरी बाजारों तक उत्पादों की पहुंच में मददगार होगा।

### 74 वर्षीय वकील रवींद्र घोष अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता:** बांग्लादेश के हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के वकील रवींद्र घोष कोलकाता के अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनके दो जूनियर वकील और 18 अन्य कानूनी प्रतिनिधि गुरुवार को बांग्लादेशी अदालत में दास का प्रतिनिधित्व करेंगे। 74 वर्षीय घोष को मंगलवार रात अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद कोलकाता के सरकारी सेठ सुखलाल कर्णानी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे इन दिनों बेटे राहुल के बैरकपुर स्थित घर पर थे, जहां वे पत्नी के साथ पिछले महीने से इलाज के लिए रुके हुए थे। घोष के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। हालांकि, अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद घोष अपने जूनियर वकीलों के साथ निरंतर संपर्क में हैं और मामले को मजबूती से लड़ने की प्रतिबद्धता जताई है।

## डॉ. रमन ने किया छत्तीसगढ़ विधान सभा के वर्ष 2025 के कैलेण्डर व डायरी का विमोचन



एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ विधान सभा के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज बुधवार को विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शंकर नगर स्थित ''स्पीकर हाऊस'' में छत्तीसगढ़ विधान सभा के वर्ष 2025 के कैलेण्डर एवं डायरी (दैनंदिनी) का विमोचन किया । इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत, विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष के सचिव विक्रम सिसोदिया एवं विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह प्रथम अवसर है जबकि नववर्ष के प्रथम दिवस ही छत्तीसगढ़ विधानसभा के कैलेण्डर एवं डायरी (दैनंदिनी) का विमोचन किया गया है।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की संकल्पना के अनुरूप छत्तीसगढ़ विधानसभा के कैलेण्डर एवं डायरी (दैनंदिनी) को नये स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा, लोककला, लोक-संस्कृति एवं विकास यात्रा को चित्रित किया गया है। साथ ही देश की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास का भी चित्रांकन किया गया है।

इस अवसर पर विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा एवं सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हे नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री ने पॉलिटिव देखभाल वाहन को रवाना किया

एजेंसी

**शिमला :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने यहां कैंसर रोगियों व अस्पताल जाने में असमर्थ और अन्य रोगी जो लंबे समय से बीमार हैं, को घर-द्वार पर उपशामक देखभाल प्रदान करने के उद्देश्य से चिकित्सा पेशेवरों की एक समर्पित टीम और वाहन को रवाना किया। इस टीम में उपशामक देखभाल में प्रशिक्षित एक चिकित्सक, एक समाजशास्त्री तथा एक नर्स शामिल हैं जो आईजीएमसी शिमला में रेडियोथेरेपी एवं आन्कोलॉजी विभाग के अन्तर्गत रोगियों को स्वास्थ्य देखभाल करेंगे। यह पहल प्रदेश में सिप्ला फाउंडेशन तथा कैनसपोर्ट इंडिया के सहयोग से शुरू की गई है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल रोगियों को सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह टीम रोगियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आईजीएमसी शिमला के चिकित्सकों के साथ गहन परामर्श में कार्य करेगी। चिकित्सा देखभाल के अलावा टीम में शामिल समाजशास्त्री रोगियों की सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करेगी और उनकी चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करेंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस पहल के अन्तर्गत मरीजों को दवाइयां और ड्रैसिंग किट निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। शुरूआत में यह सेवा आईजीएमसी शिमला के 40 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले मरीजों को प्रदान की जाएगी।

# एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाली वायु सेना के पश्चिमी कमांड की कमान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की आजादी के बाद भारत में लगभग सभी प्रमुख ऑपरेशन में शामिल रही वायु सेना की पश्चिमी कमांड की कमान बुधवार को एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाल ली है। उन्होंने एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा का स्थान लिया, जो वायु सेना में 39 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा देने के बाद 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए। एयर मार्शल मिश्रा ने कार्यभार संभालने से पहले मुख्यालय डब्ल्यूएसी में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय वायु सेना के एयर मार्शल पीएम सिन्हा साढ़े 29 साल की समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने पश्चिमी वायु कमान की तत्परता और सभी सौंपे गए कार्यों को प्रभावी ढंग



से करने के संकल्प को और मजबूत किया है। पश्चिमी वायु कमान उनके दिखाए मार्ग से प्रेरणा लेती रहेगी। उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने एयर मार्शल पंकज मोहन सिन्हा का स्थान लिया है और उन्होंने आज भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान की कमान संभाली। एयर मार्शल मिश्रा दिसंबर, 1986 में लड़ाकू पायलट के रूप में भारतीय वायु सेना में शामिल हुए थे। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे, एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल, बेंगलुरु, एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, यूएसए और रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, यूके के पूर्व छात्र हैं। फाइटर कॉम्बैट लीडर और प्रायोगिक टेस्ट पायलट एयर मार्शल मिश्रा के पास 3000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। अपने 38 साल से ज्यादा के सेवा करियर में एयर मार्शल ने कई महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ नियुक्तियां की हैं। एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा को अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

### बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय चेतना को 10 दिन बाद निकाला, नहीं बची जान

**कोटपूतली :** राजस्थान के किरतपुरा के बड़ियाली की ढाणी में 23 दिसंबर को बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय चेतना को 10 दिनों की लंबी मशक्कत के बाद बुधवार शाम 6ः25 बजे बाहर निकाला गया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। चेतना 170 फीट गहराई में फंसी थी। वह बोरवेल में 10 दिनों तक भूखे-प्यासे फंसी रही। एनडीआरएफ ने बोरवेल के समानांतर सुरंग बनाकर चेतना को निकाला। टीम के अनुसार, जब चेतना को बाहर निकाला गया तब उसके शरीर में कोई हरकत नहीं थी। एनडीआरएफ के जवान महावीर जाट सफेद कपड़े में लपेटकर चेतना को बाहर लेकर आए। इसके तुरंत बाद चेतना को एंबुलेंस से कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एनडीआरएफ के जवानों ने बताया कि चेतना की बॉडी मिट्टी के बीच फंसी हुई थी।

## सीएम की पहल पर नए वर्ष में मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

एजेंसी

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासकीय अस्पतालों में आम नागरिकों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर नए वर्ष की शुरुआत में ही चिकित्सा सुविधाओं की सभी लोगों को सुगम एवं सहज उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, यह प्रयास किया जा रहा है। स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की सुविधा हेतु सभी तलों (फ्लोर )में कक्ष का शुभारंभ 1 जनवरी 2025 को किया गया है। वित्त मंत्री और रायगढ़ के स्थानीय विधायक ओ. पी. चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम उपलब्धता हेतु



किया जा रहे इस पहल का स्वागत किया है। मेडिकल कालेज रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ. विनित कुमार जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. मिंज के अनुसार इस सुविधा विस्तार से भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सुविधा होगी।इससे अनावश्यक भीड़ एवं कतार का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय की बचत होगी। पूर्व में यह सुविधा सिर्फ एमआरडी के रजिस्ट्रेशन ओपीडी काउंटर के समीप ही उपलब्ध थी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम के मिंज के अनुसार आयुष्मान योजना कक्ष के विस्तार के साथ ही चिकित्सालय में अब ओपीडी , आईपीडी मरीज़ के जाँच के लिये अलग से जाँच पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं हैं। सभी जांच पूर्णतः निःशुल्क है। ओपीडी की 10 रुपये की पंजीयन पर्ची एवं आईपीडी मरीज के लिये 85 रुपये की पर्ची के अलावा अलग से पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं है। इसके संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है।

# जम्मू-कश्मीर सरकार हर मोर्चे पर विफल: भाजपा



एजेंसी

**जम्मू :** भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और केवल कागजों पर ही चल रही है।भाजपा के जम्मू-कश्मीर प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने जम्मू में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एनसी सरकार को सत्ता में आए लगभग तीन महीने हो चुके हैं लेकिन वे हर मोर्चे पर विफल रहे हैं। वे अपने घोषणापत्र में बताई गई अपनी गारंटियों को पूरा करने में विफल रहे हैं जैसे कि 12 मुफ्त गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 10 किलो चावल, एक लाख नौकरियां और दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करना।पिछले सप्ताह श्रीनगर सहित घाटी के मैदानी इलाकों में हुई बर्फबारी का जिक्र करते हुए ठाकुर ने कहा कि हल्की बर्फबारी हुई है लेकिन आज चौथे दिन भी संपर्क सड़कें बंद हैं। एनसी (सरकार) ने बड़े-बड़े दावे किए लेकिन वे केवल बयानबाजी थे। उन्होंने केवल कागजों पर सड़कों से बर्फ हटाई, केवल कागजों पर बिजली प्रदान की। अब्दुल्ला ने केवल बयानबाजी के जरिए सरकार चलाई है और वे जमीनी स्तर पर विफल रहे हैं।उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो में लोग कह रहे हैं कि सड़कों से बर्फ हटाई जाए और बिजली उपलब्ध कराई जाए। ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर अपने वादों से पलटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यू-टर्न लेना अब्दुल्ला और एनसी सरकारों की परंपरा रही है। सत्ता से बाहर होने पर वे कहते थे कि हम जम्मू में तवी (नदी) और कश्मीर में झेलम (नदी) में (बिजली के) मीटर लगाएंगे। लेकिन अब जब वे सत्ता में हैं तो वे कह रहे हैं कि 100 फीसदी मीटर लगाने के बाद ही चौबीसों घंटे बिजली दी जाएगी।

### 110 कंबल का किया गया वितरण

**रांची :** भारतीय एकता कमेटी ने 110 कंबल वितरण किया जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा शुभ कार्य गुलाम मुस्तफा ! आज पहली जनवरी बुधवार के दिन भारतीय एकता कमेटी के मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड रांची में जरूरतमंद लोगों के बीच करीब 110 कंबल वितरण किया गया जिसमें कई मोहल्ले के लोग कंबल लेने के लिए आए हुए थे सभी को बैठने की व्यवस्था की गई थी उसके साथ-साथ पानी और नाश्ते का भी इंतजाम किया गया था सभी को भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने अपने हाथों से कंबल वितरण किया और कहा कि जरूरतमंद बीमार गरीब लोगों को मदद करते रहिए बहुत बड़ा नेक काम शुभ कार्य है अल्लाह ईश्वर इसका बेहतरीन फल देगा धनवान पैसे वाले लोगों से अपील की के दिल को बड़ा रखें और जरूरतमंद बीमार गरीब लोगों को मदद कीजिए सबसे पहले 30 कंबल फिर 40 फिर 70 और आज 110 टोटल 250 कंबल भारतीय एकता कमेटी ने इस वर्ष ठंड में वितरण किया।

# 5 हजार वृद्धों व महिलाओं के बीच किया कम्बल का वितरण

एजेंसी

**नवादा :** नूतन वर्ष के शुभागमन के उपलक्ष्य में बुधवार को सामाजसेवा एवं दरिद्रनारायण की सहायता के पुनीत भावों से भरे मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह , सचिव डॉ. शैलेश कुमार, संजय कुमार सिंह,मॉडर्न इंगलिश स्कूल, बिहारशरीफ के सचिव रंजीत कुमार, डॉ संध्या, अशोक कुमार सिंह ,अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अपने मॉडर्न परिवार के साथ मिलकर गरीब और बेसहारा बुजुर्गों और असहाय महिलाओं के बीच पांच हजार कम्बल वितरित किया।हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का भीषण प्रकोप अपने चरम पर है। इस कारण ठिठुरते गरीब बुजुर्गों और बेसहारा महिलाओं को अपनी जान बचाना मुश्किल हो गया है। ऐसी परिस्थिति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण ठंड से उनकी सुरक्षा करने की पवित्र भावना से



प्रेरित लक्ष्य एडुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट और मॉडर्न इंग्लिश स्कूल , कुंतीनगर में अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह, सचिव डॉ. शैलेश कुमार ने शहर के कुन्तीनगर में स्थित मॉडर्न इंगलिश स्कूल के प्रांगण में पांच हजार से अधिक बुजुर्गों को कंबल प्रदान कर ठंड से उनकी जीवन-रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर नवादा शहर के आसपास के गाँवों घंघौली, गोंदापुर, खरीदीबीघा, पिपरपाती, झिटकौरा, झुनाठी, चुटकीयाबीघा, शिवचरण बीघा, सोहजाना, नेया, भगवानपुर, जैसीनबीघा, कलक्टरबीघा, बुधौल, कुंतीनगर और सिरसवां आदि गाँव के निर्धन परिवार के बुजुर्गों को कंबल वितरित करके ठंड से बचने का आधार प्रदान किया गया। कंबल वितरण के दौरान मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने कंबल वितरण समारोह में उपस्थित शहर के गणमान्य लोगों, स्थानीय ग्रामीणों, लाभार्थियों एवं सभी मीडियाकर्मियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि केवल अपने परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के साथ त्योहार मनाना एक तरीका हो सकता है, लेकिन हमें अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी समझनी चाहिए। सक्षम लोगों द्वारा किसी भी त्योहार के अवसर पर यदि जरुरतमंदों की सहायता की जाए,तो आपके त्योहार में चार चंद लग जायेगा।